RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 November, 2019

अंक - 5 (मासिक) वर्ष - 15 नवम्बर, 2019 मूल्य 20/-

अपनों के लिए-अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

दीप पर्व विशेषांक



महालक्ष्मी नमस्तुभ्यं, नमस्तुभ्यं सुरेश्वरी...

## अ.भा. माहेश्वरी महासभा चुनाव

# 'सेवा' के लिये 'महासमर'



श्याम सोनी

रामअवतार जाजू



अब शुभ प्रभाव लाऐंगे

देव गुरु बृहस्पति




राम जन्मभूमि के अमर शहीद

कोठारी बंधु

वैवाहिक डायरेक्टरी प्रकाशन शीघ्र
श्री माहेश्वरी मेलापक 2019
बॉयोडाटा पंजीयन प्रारम्भ

Visit us @ www.srimaheshwaritimes.com


RR KĀBEL
MAKE THE
RIGHT CHOICE
FOR YOUR HOME
DO THE
AKALMAND
THING!
RR GLOBAL
RAM RATNA GROUP
R R KABEL LTD. Regd. Office : Ram Ratna House, Oasis Complex, P. B. Marg, Worli, Mumbai - 400 013.
T : +91 - 22 - 2494 9009 / 2492 4144 • F : +91 - 22 - 2491 2586 • E : mumbai.rrkabel@rrglobal.in
Corp. Office : 305/A, Windsor Plaza, R. C. Dutt Road, Alkapuri, Vadodara - 390 007.
T : +91 - 265 - 2321 891 / 2 / 3 • F : +91 - 265 - 2321 894 • E : vadodara.rrkabel@rrglobal.in
www.rrkabel.com • www.rrglobal.in

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

▸ अंक-5 ▸ नवम्बर, 2019 ▸ वर्ष-15

प्रेरणास्त्रोत
स्व. श्री बंशीलाल बाहेती
स्व. श्री मदनलाल पलौड़

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
श्रीमती सरिता बाहेती

सम्पादक
पुष्कर बाहेती

संरक्षक
पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)
श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)
श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)
श्री बनवारीलाल जाजू (इन्दौर)

अतिथि सम्पादक
डॉ. एस.एन. चाण्डक (नई दिल्ली)

परामर्शदाता
दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर
घनश्याम करनानी (कोलकाता)

कला निदेशक
अक्षय आमेरिया

विधि सलाहकार
राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)

सम्पादकीय सलाहकार
गोविन्द मालू (इन्दौर)
बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)
बंशीलाल भूतड़ा 'किरण' (इन्दौर)

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

▸ श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
▸ सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Sri Maheshwari Times
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 030005001198
  IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 800/- for Three years
Rs. 3100/- for Life Time (12 Years)




विचार क्रान्ति

## बगैर लोहे का शस्त्र

भगवान श्रीकृष्ण का कुनबा भी बहुत बड़ा था। कुकुर, भोज, अन्धक, वृष्णि, मधु आदि अनेक यादव संघ थे जिनके यादव गणतंत्र राज्य के मुखिया स्वयं कृष्ण थे। दिक्कत यह थी कि बलराम असीम बलशाली थे। वे बल में मस्त रहते थे। छोटा भाई गद कोमल था, अतः मेहनत से भागता था। बेटा प्रद्युम्न रूप के अभिमान में था। चचेरे भाइयों आहुक और अक्रूर में तथा कृतवर्मा और सात्यकि आपस में लड़ते रहते थे। महाभारत के शांतिपर्व की कथा है कि कुटुंब के लोगों और जाति बंधुओं के आपसी हितों और अहंकार की लड़ाई से तंग आकर एक दिन श्रीकृष्ण ने देवर्षि नारद से इसका उपाय पूछा। ऐसी युक्ति जिससे सब अपने मतभेदों के बावजूद मिलकर रह सकें और संघ का मूलोच्छेद न हो!

तब नारदजी ने बड़ी सुंदर बात कही। बोले, 'हे कृष्ण! जब विवाद स्वजनों के बीच हो तब दाम, दण्ड और भेद जैसी नीतियाँ उचित नहीं है। तब एक कोमल शस्त्र का उपयोग करना चाहिए, जो लोहे का बना हुआ न होकर भी हृदय को छेद डालने में समर्थ हो, जो निरंकुश स्वजनों का परिमार्जन और अनुमार्जन करके उन्हें मूक बना दे ताकि फिर कलह न हो।' कृष्ण ने पूछा, 'मुने! बगैर लोहे के उस शस्त्र को कैसे जानूँ, जिससे कुटुंब की कलह समाप्त हो? तब नारदजी ने 'मुखिया' के अनुरूप जो कहा वह अद्भुत है। देवर्षि बोले, 'अपनी शक्ति के अनुसार दान करना, सहनशीलता रखना, सरलता, कोमलता तथा यथायोग्य सभी का सम्मान करना, यहीं बिना लोहे का शस्त्र है।' मुनि ने आगे कहा, 'हे माधव! जब सजातीय बन्धु आपके प्रति कड़वी तथा ओछी बातें कहना चाहे, उस समय आप मधुर वचन बोलकर उनके हृदय, वाणी तथा मन को शांत कर दें!' सार यह कि जब समाज या कुटुंब में अभिमान के वशीभूत विवाद होने लगे तो सबसे बड़ी जिम्मेदारी मुखिया की बनती है। समझदार मुखिया सभी को साथ लेकर बगैर लोहे के शस्त्र से विकारों का परिमार्जन और अनुमार्जन करता है। ऐसा करके वह जातिभंग और संघ नाश से बच जाता है।

• डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# महासभा का महासमर

समाज का शीर्ष व गौरवशाली संगठन अ.भा. माहेश्वरी महासभा 28 वें सत्र की समाप्ति के साथ फिर चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। इस बार "सेवा" के लिये फिर "चुनावी समर" होगा। महासभा के 29वें सत्र के लिए महासमर का रणक्षेत्र तैयार हो गया है। गढ़ जीतने के लिए सेनाएं लामबंद हो गई हैं। अक्टूबर में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। अब नवंबर में सेनाएं मैदान में कूद जाएंगी, तो जीत-हार का फैसला 22 दिसंबर को समाजजन करेंगे। इस लोकतांत्रिक संघर्ष में मुख्य रूप से दो योद्धाओं पर समाज की नजर है। यदि वे अंतिम समय तक डटे रहे तो समाजजनों को सभापति चुनने की जिम्मेदारी बड़ी सूझबूझ के साथ निभाना होगी। इस बार ये दो योद्धा हैं पूर्व अर्थमंत्री रामअवतार जाजू और सभापति श्यामसुंदर सोनी। श्री जाजू लंबे समय से महासभा में सक्रिय हैं और सोनी सभापति पद हासिल कर अपनी कार्यकुशलता दिखा चुके हैं। दोनों ही धुरंधर समाजसेवी हैं और अपनी काबिलयत के दम पर खम ठोंक कर जीत के दावों के साथ समाज का आशीर्वाद हासिल करने के लिए मतदाताओं के यहां दस्तक दे सकते हैं। 22 नवंबर तक महासभा के लड़ाके हर तरह की जोर आजमाईश कर सकते हैं। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद 22 दिसंबर को मतदान तक मतदाताओं के पास फैसला लेने के लिए सोचने का वक्त है। 22 नवंबर तक प्रत्याशी प्रचार भी करेंगे, इसलिए मतदाता उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की निश्चिंता से समीक्षा कर सकेंगे।

महासभा के चुनाव को लेकर भले दावेदारों में हड़कंप है और वे जीत के लिए हर तरह की राजनीति खेलने को आतुर हैं, लेकिन मतदाताओं में कोई खास हलचल नजर नहीं आ रही। यह खामोशी मतदान की तिथि नजदीक आने तक कितनी मुखर होगी, उसी से जीत-हार का अनुमान सामने आएगा। मतदाताओं की खामोशी प्रत्याशियों के लिए हर चुनाव में बेचैनी का सबब रही है। मौन मतदाता की मोहर चुनाव को करवटें दिला देती हैं। खैर, प्रत्याशियों को प्रचार के लिए एक महीना मिला है, तो मतदाताओं को भी विचार के लिए इतना ही समय है। अभी हम देखेंगे कि मैदान में उतरे महयोद्धा किन वादों-इरादों के साथ मतदाताओं के बीच पहुंचेंगे। इस बीच हमारी मतदाताओं को यही सलाह है कि वे प्रत्याशियों से दो ही सवाल करें। एक समाज की बेहतरी के लिये वे क्या करेंगे? दूसरा इन वादों को पूरा करने के लिए तीन साल की उनकी योजना क्या है? यदि कोई प्रत्याशी इन सवालों के जवाब देने की स्थिति में है, तो उस पर विचार जरूर कीजिए। निश्चित तौर से ऐसा प्रत्याशी समाज के लिए अच्छे काम करने की पूरी तैयारी के साथ मैदान में है। मतदाता याद रखें वे सम्पूर्ण समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अतः यदि फैसला गलत हुआ, तो जवाब भी समाज उनसे ही मांगेगा, जिन्हें उन्होंने इसका अधिकार विश्वास के साथ दिया।

यह अंक हमेशा की तरह आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप ढालने की हमने कोशिश की है। इंदौर के तीन दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन की विशेष रपट भी इसमें शामिल हैं। इस सम्मेलन में कई रिश्ते तय होना आयोजक संस्था की सफलता कही जा सकती है। लेकिन इसमें थाली में जूठा न छोड़ने का संकल्प माहेश्वरी समाज की सफलता और सजगता का प्रतिबिंब है। समाज ने यह संकल्प पूरा कर विश्व के सामने उदाहरण पेश किया है कि हर व्यक्ति यह पहल करे और संकल्पित रहे तो शायद हर व्यक्ति तक भोजन पहुंच सकता है। धरती का कोई ऐसा व्यक्ति नहीं रहेगा, जिसके पास भोजन न हो। इस अंक में प्रेरक जानकारियों के साथ अन्य रोचक आलेख, मर्मस्पर्शी एवं ज्ञानवर्द्धक पठनीय सामग्री के साथ स्थायी स्तंभ आपको जरूरी संतुष्ट करेंगे। अपनी प्रतिक्रिया से हमें अवगत कराना नहीं भूलें।


जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

## अतिथि सम्पादकीय

*दिल्ली प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले डॉ. एस.एन. चांडक का जन्म किशनगढ़ जिला अजमेर (राजस्थान) में हुआ था। बी.कॉम. तक शिक्षा ग्रहण कर डॉ. चांडक ने बैंक सर्विस के साथ अपने कॅरियर की शुरुआत की। बैंकिंग सेवा के दौरान ही एल.एल.बी., सीएआईआईबी तथा फिर पीएच.डी तक उच्च शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद कुछ नया करने की चाह व्यावसायिक क्षेत्र की ओर ले आई और इंडाना ग्रुप में चीफ एक्जिक्युटिव के पद पर सेवा दी, फिर दो विदेशी कंपनियों के भारतीय प्रतिनिधि के रूप में स्व-व्यवसाय में कदम रख दिया और शीघ्र ही कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय व कृषि क्षेत्र की देश की अग्रणी कंपनी शील बायोटेक लि. उद्यम की शुरुआत की। आप जयपुर में प्रकाशन, मार्बल व आईएएस की कोचिंग आदि के व्यवसाय में भी दो पुत्रों के साथ सक्रिय हैं। समाज में डॉ. चांडक की पहचान एक ऐसे समाज सेवी के रूप में है, जिन्होंने 10 साल से निष्क्रिय पड़े दिल्ली प्रदेश संगठन में नई जान फूंक दी थीं। महासभा की वृंदावन तथा किशनगढ़ की बैठकों में आप स्वागताध्यक्ष रहे। आप समाज के साथ ही कृषकों व जरुरतमंदों के स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न संगठनों के माध्यम से अपनी सेवा दे रहे हैं। शासकीय स्तर पर आप फिल्म सेंसर बोर्ड, पश्चिम रेलवे झोनल उपभोक्ता समिति तथा दिल्ली जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य भी हैं। आपको आपके द्वारा उद्योग स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि आदि क्षेत्रों में दी गई सेवाओं के लिये "नेशनल सैफ्टी अवार्ड", "दिल्ली रत्न अवार्ड", "राजीव गांव नेशनल युनिटी अवार्ड", "विश्व रत्न अवार्ड" तथा "समाज गौरव अवार्ड" आदि कई सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।*



# अब अस्तित्व बचाने पर हो चिंतन

माहेश्वरी समाज इस देश का सबसे सुसंस्कृत समाज है। हमारे समाज के लोग संस्कारों से ओत-प्रोत हैं। ईमानदारी इस समाज का सबसे प्रमुख गुण है। इसी वजह से इस समाज ने देश को इतने उद्योगपति दिए कि एक इतिहास बन गया। स्वतंत्रता संग्राम में भी माहेश्वरी समाज का जो योगदान रहा वह इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों पर अंकित है। जितनी चेरिटेबल व वेलफेयर योजनाएं हैं, उनमें हमेशा ही माहेश्वरी समाज तन-मन-धन से आगे रहा है। समाज ने इस देश को कई स्कूल, कॉलेज जैसी शिक्षण संस्थाएं, अस्पताल व धर्मशालाएं दी हैं। आज भी हमारा समाज मानव सेवा की ओर सदैव तत्पर है। यह सब स्थितियां हमारे लिए गर्व करने योग्य हैं।

इन सब स्थितियों के बावजूद समाज आज एक विशेष समस्या से गुजर रहा है और वह है, समाज की घटती जनसंख्या। वर्तमान में हमारी जनसंख्या तेजी से घटती जा रही है। ऐसे में यह विचारणीय हो गया है कि जिस तरह देश में किसी समय 'हम दो-हमारे दो' का नारा दिया गया था। वैसे ही जोधपुर अधिवेशन में पारित प्रस्ताव के अंतर्गत अब 'हम दो हमारे तीन' का संकल्प लें। यह समय की मांग है। यदि आज हम नहीं जागे तो कल बहुत देर हो जाएगी। हमारी दूसरी सबसे बड़ी समस्या है, समाज की बेटियों का किसी भी कारण से अन्य समाज में विवाह। इसके लिए जरूरी है कि हम उन्हें बचपन से ही ऐसे संस्कार व सामाजिक जानकारी दें कि जिससे वे समाज पर गर्व कर सकें। ऐसा माहौल बनाएं जिससे उनमें सोच विकसित हो कि हमें हमारे समाज में ही रहना है। समाज को सुसंगठित रखने के लिए हमें हमारे समाज के संगठन महासभा को और भी प्रभावशाली करना होगा। संगठन में हमें हर व्यक्ति को जोड़ना होगा। जो लोग संगठन से नहीं जुड़ रहे हैं, उनके कई कारण हो सकते हैं। हमें उन कारणों को तलाश कर उन्हें दूर करना होगा, तभी समाज का हर सदस्य समाज की मुख्यधारा में आ पाएगा। महासभा के उच्चतम पदों पर जो लोग बैठे हैं, उन्हें इस बारे में ठोस कदम उठाना होंगे। आज हम देख रहे हैं, युवा वर्ग की महासभा में बहुत कम रुचि है। कुछ लोग यह भी कह देते हैं कि महासभा में बहुत अधिक राजनीति चलती है, लेकिन हमें अपने कार्यों से यह दिखाना होगा कि महासभा में हर समाजजन की इज्जत है और वह किसी के साथ भी दुर्भावना नहीं रखती। ऐसा संदेश जब समाज में जाएगा, तभी समाज से दूर जा रहे लोग भी समाज की मुख्यधारा में आएंगे।

महासभा को युवा व महिला संगठन के साथ भी पूर्ण तालमेल बैठाना होगा, जिससे हमारी प्रगति आम माहेश्वरी तक पहुंचे, दिखे और कार्यरूप में परिणित हो। हमारे युवाओं को राजनीति व आईएएस जैसी प्रशासनिक सेवाओं में आने के लिए भी प्रेरित करना होगा। वर्तमान स्थिति में देश के नीति निर्धारण में भी माहेश्वरी समाज की एक भूमिका होनी चाहिए। मैंने भी इस ओर प्रयत्न कर दिल्ली में आईएएस की कोचिंग का एक इंस्टिट्यूट प्रारंभ किया है। दिल्ली में समाज ने होस्टल भी बनाया है। हमारा प्रयास है कि हर राज्य में अधिक से अधिक संख्या में माहेश्वरी आईएएस बनें जो एक दिन उस राज्य के प्रमुख सचिव बनें। आज पूरे देश में हमारे समाज से केवल एक मुख्य सचिव हैं, आदरणीय बाल्दी साहब। हमें वह दिन देखना है, जब हमारे समाज से हर राज्य में मुख्य सचिव बनते रहें। इसी तरह राजनीति के लिए भी हमें युवाओं को प्रेरित करना होगा, जिससे हमें किसी भी मंत्री के आगे पीछे नहीं घुमना पड़ें। हमारी सभी समर्थ व प्रबुद्धजनों से इसमें सहयोगी बनने की अपील है।

अंत में मैं इसी प्रेरणा के साथ समाज माहेश्वरी बंधुओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं व मंगलकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**डॉ. एस.एन. चांडक**
**अतिथि सम्पादक**
98111-68432



# B Jagjeewan Chandak Memorial Trust

Chennai

Mo. : 9388606969



# श्री चान्दसिनी माताजी

टीम SMT

**श्री चान्दसिनी माताजी माहेश्वरी समाज की फोफलिया व न्याती खांप की कुलदेवी हैं।**

माताजी श्री चान्दसिनी का मंदिर राजस्थान के टोंक जिले की मालपुरा तहसील के ग्राम टोरडी सागर के उत्तर में स्थित है। मंदिर प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक खुला रहता है। पुजारी श्याम सुंदर शर्मा से मिली जानकारी के अनुसार श्री राजेन्द्र न्याती के पुत्र छगनलाल न्याती तह. भड़गाँव जिला जलगाँव (महाराष्ट्र) को माताजी ने स्वप्न दिया इसके आधार पर उन्होंने 20 वर्ष पूर्व खोज की। लगभग 100 देवी मंदिरों के भ्रमण के बाद वे यहाँ पहुँचे।

यह मंदिर टोरड़ी गाँव से डेढ़ कि.मी. दूर मोहनगिरी पहाड़ की तलहटी में स्थित है। मंदिर में एक काले पत्थर की माताजी की विशाल मूर्ति है। यहाँ सिंदूर, वस्त्र, नेत्र आदि से माताजी का शृंगार किया जाता है। गुम्बद में चाँद-सूर्य के निशान विद्यमान हैं। किवदंतियों के अनुसार मंदिर द्वापर युग का बताया जाता है। कहा जाता है कि रुक्मणीजी अम्बिका पूजन के लिये यहीं आई थी जहाँ से भगवान श्रीकृष्ण ने उनका हरण किया था। समीप रुक्मणी के भाई रुक्मैया द्वारा भोजकट भी खण्डहर अवस्था में विद्यमान है एवं खुदाई के दौरान कई पुरातात्विक जानकारियाँ प्राप्त हुईं।

- **विशेष** यहाँ माताजी की पूजन-आरती, वेश, अखण्ड ज्योत व भोग का विशेष महत्व है।
- **कैसे पहुँचें** श्री चान्दसिनी माताजी का मंदिर राजस्थान को टोंक जिले की मालपुरा तहसील के ग्राम टोरडी सागर में है। अजमेर व टोक दोनों से बस सुविधा उपलब्ध है।

# बैंक का कुल व्यापार 4000 करोड़ के पार

## महेश बैंक MAHESH BANK మహేశ్ బ్యాంక్

### आन्ध्र प्रदेश महेश को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लि.

(मल्टी-स्टेट शेडयूल्ड बैंक)

ESTD. 1978

## दीपावली का हार्दिक शुभकामनाएँ

निदेशक मण्डल:

**पुरषोत्तमदास मानधना** — चेयरमैन

**रमेश कुमार बंग** — चेयरमैन इमेरिटस

**रामपाल अट्टल** — वाईस चेयरमैन

निदेशकगण:

बृजगोपाल असावा, चैनसुख काबरा, कमलनारायण राठी, कृष्णचन्द्र बंग, लक्ष्मीनारायण राठी, नन्दकिशोर हेडा, ओमप्रकाश जाखोटिया, श्रीमती पुष्पा बूब, रामप्रकाश भण्डारी, श्रीगोपाल बंग, श्रीकान्त इन्नाणी, श्रीनिवास असावा, सीए किशनगोपाल मणियार, सीएस सुमन हेडा,

उमेशचन्द आसावा, प्रबन्ध निदेशक एवम् मुख्य कार्यकारी अधिकारी

### बैंक द्वारा ग्राहकों को प्रदत्त सुविधाएँ

- 45 परस्पर अनुसंधानित वातानुकूलित शाखाएँ
- एनीव्हेयर बैंकिंग
- मोबाइल बैंकिंग
- पर्सनलाइज्ड चेक बुक
- आर.टी.जी.एस. एवं नेफ्ट सेवा
- एसएमएस बैंकिंग
- IMPS सेवा
- भारत बिल पे सुविधा
- वेस्टर्न यूनियन के माध्यम से विदेशी मुद्रा विनिमय
- इंटरनेट बैंकिंग
- जीवन बीमा
- म्यूच्युअल फण्डस व्यापार के लिए रिलायन्स से अनुबन्ध
- व्यापारियों के लिए POS सुविधा
- रूपे एटीएम/डेबिट कार्ड की सुविधा
- ई-टैक्स भुगतान
- यूनिफाइड पेमेन्ट्स इंटरफ़ेस सेवा – भीम महेश पे
- टोल फ्री सुविधा
- ई-मेल के द्वारा अकाउंट स्टेटमेन्ट
- मिस्ड कॉल सुविधा
- ₹ 50 लाख तक शिक्षा ऋण
- लघु उद्योगों को ऋण
- छोटे व्यापारियों को ऋण
- स्वर्णाभूषणों पर ऋण
- PAN कार्ड प्राप्ति

**प्रधान कार्यालय** : 8-2-680/1&2, रोड नं. 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद – 500 034

फोन: 24615296 / 99 फैक्स: 040-24616427 E-mail : info@apmaheshbank.com Website: www.apmaheshbank.com

बैंक का प्रधान कार्यालय **ISO 9001 : 2015** से प्रमाणित

**समाज के शीर्ष संगठन अ.भा. महेश्वरी महासभा का त्रिवर्षीय 28 वां सत्र समाप्ति की ओर है। इसके साथ इसके 29वें सत्र की तैयारियाँ प्रारंभ हो चुकी हैं। इसमें इस बार मतदान पद्धति से चुनाव होने की संभावना है क्योंकि सेवा के इस समर के लिये दो पेनलों की ''सेनाऐं'' सजने लग गई हैं।**

## अ.भा. माहेश्वरी महासभा चुनाव सत्र-29

# सेवा के समर में सजने लगीं सेनाएँ

अ.भा. माहेश्वरी महासभा के 29वें सत्र के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रकाशचंद्र बाहेती से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चुनाव की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। चुनावी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 22 दिसम्बर को होगा। इससे 90 दिवस पूर्व 23 सितम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन भी हो चुका है। प्रत्याशी 7 से 20 अक्टूबर तक 5 हजार रुपये शुल्क का भुगतान कर नामांकन पत्र प्राप्त कर 23 अक्टूबर सायं 5 बजे तक अपने नामांकन पत्र जमा भी कर चुके हैं। 26 अक्टूबर से चुनावी संहिता लागू हो चुकी है। प्रत्याशी 21 नवम्बर शाम 5 बजे तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन 22 नवम्बर को किया जाऐगा। प्रत्याशी अपना चुनाव प्रचार भी 22 नवम्बर तक ही कर सकेंगे। 22 दिसम्बर को मतदान के बाद तुरंत बाद मतगणना होगी और परिणाम भी घोषित कर दिया जाऐगा।

### इस बार मतदान में कुछ अलग

इस बार मतदान व्यवस्था में कुछ आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। अभी तक मतदान प्रक्रिया मतपत्र द्वारा ही सम्पन्न होती आयी है। इससे इसमें मतगणना होने में समय लगता था एवं विवाद की स्थिति भी निर्मित होती थी। अतः प्रयास किया जा रहा है कि इस बार मतदान देश के चुनावों की तरह ईवीएम मशीन द्वारा करवाया जा सके। वैसे अभी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन मतदान से पूर्व इस संबंध में मतदाताओं को सूचित कर दिया जाऐगा। दूसरा बड़ा परिवर्तन मतदान स्थल को लेकर हो चुका है। अभी तक के चुनावों में समस्त मतदान एक ही स्थल पर सम्पन्न होता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इस बार मतदान अंचलों के अनुसार होगा। इसके अनुसार पूर्वांचल में कोलकाता, उत्तरांचल में फरिदाबाद, पश्चिमांचल में भीलवाड़ा तथा मध्यांचल में नागपुर तथा दक्षिणांचल में नासिक में मतदान करवाया जाऐगा। मतगणना सभी अंचलों की एक साथ होगी और कुल मतों के आधार पर चुनावी परिणाम घोषित होगा।

## इस बार ये हैं आमने-सामने

### पूर्व अर्थमंत्री रामअवतार जाजू



इस बार इस ''चुनावी रण'' में इंदौर निवासी वाणिज्य स्नातक वरिष्ठ समाजसेवी रामअवतार जाजू अपनी उत्कट सेवाभावना के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस पद के लिये वैसे तो वे नये उम्मीदवार हैं, लेकिन समाज के लिये नहीं। अपनी 70 वर्ष की जीवन यात्रा में श्री जाजू ने अपनी तमाम व्यावसायिक व्यस्तताओं के बावजूद दीर्घ अवधि से सतत समाज को अपनी सेवा दी हैं। श्री जाजू व्यावसायिक रूप से दाल उत्पादन व वितरण से संबंधित हैं। महासभा के 23 वें सत्र के अर्थमंत्री के रूप में अपनी पहचान रखने वाले श्री जाजू अ.भा. माहेश्वरी महासभा से 20 वें सत्र में कार्यकारी मंडल सदस्य के रूप में सम्बद्ध हुए और 22 वें तथा 24 वें सत्र में भी अपनी सेवा दी। 21 वें, 25 वें, 26वें, 27 वें, तथा 28 वें सत्र में कार्य समिति सदस्य रहे। श्री आदित्य विक्रम बिड़ला व्यापार सहयोग केंद्र के संस्थापक सदस्य हैं व वर्ष 1999-2007 तक कोषाध्यक्ष रहे। महासभा के 27 वें सत्र में माहेश्वरी बोर्ड नागपुर के चेयरमैन रहे। ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशन ट्रस्ट व श्री महेश जनसेवा ट्रस्ट इंदौर के चेयरमैन के रूप में भी सेवा दे रहे हैं। बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केंद्र भीलवाड़ा व श्री जयनारायण जाजू चेरिटेबल ट्रस्ट जयपुर के प्रबंध न्यासी, श्री माहेश्वरी जनकल्याण ट्रस्ट इंदौर के संस्थापक ट्रस्टी तथा ए.बी. माहेश्वरी एजुकेशन एण्ड चेरिटेबल ट्रस्ट कोटा के सचिव व ट्रस्टी भी हैं।

### वर्तमान सभापति श्यामसुंदर सोनी




वर्तमान 28 वें सत्र के सभापति श्यामसुंदर सोनी भी इस चुनावी जंग में पुनः सभापति पद के उम्मीदवार हैं। श्री सोनी 27 वें सत्र में महामंत्री रहे एवं 28 वें सत्र में सर्वसम्मति से सभापति निर्वाचित हुए। वैसे तो वे इस पद पर 3 वर्ष अपनी सेवा दे चुके हैं लेकिन उनका सपना है, अपने द्वारा प्रारंभ योजनाओं को पूरा करना। श्री सोनी पूर्व सभापति रामपाल सोनी की तरह सतत् दूसरे सत्र के लिये चुनावी मैदान में उतरे हैं। बी.टेक तक उच्च शिक्षा प्राप्त श्री सोनी व्यावसायिक रूप से उद्यमी हैं। अपनी सेवा यात्रा के प्रारंभ में युवा संगठन से 18वें सत्र के दौरान कार्यसमिति सदस्य के रूप में जुड़े तो फिर युवा संगठन विदर्भ प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रीय अर्थमंत्री तथा 20वें सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। इसके पश्चात महासभा से भी जुड़े और 21वें सत्र में विदर्भ प्रादेशिक सचिव, 22वें सत्र में महासभा के कार्यसमिति सदस्य, 23वें सत्र में संगठन मंत्री तथा गत 24वें व 26वें सत्र में महामंत्री रहे। युवा संगठन से जुड़ाव के कारण श्री सोनी की प्रतिष्ठा युवा वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में रही है। इसके पश्चात महासभा के वर्तमान 28 वें सत्र में सभापति के रूप में सेवा दे रहे हैं।

# विभिन्न पदों पर ये भी मैदान में

**सभापति के साथ ही कार्यकारिणी के 13 अन्य पदों पर भी चुनाव होने जा रहे हैं इनमें सिर्फ पश्चिमांचल उपसभापति को छोड़कर शेष सभी पदों पर कड़ी चुनावी टक्कर होगी। पश्चिमांचल उपसभापति पद पर राजेश बिड़ला एकमात्र प्रत्याशी हैं अतः उनका तो निर्विरोध निर्वाचन होगा ही।**

## रामअवतार जाजू पैनल


**रामअवतार जाजू**
सभापति


**श्यामसुन्दर मन्त्री**
महामंत्री


**माणक काबरा**
कोषाध्यक्ष



**कमल भूतड़ा**
संगठनमंत्री


**पवन कुमार मंत्री**
उपसभापति
पूर्वांचल


**पुरुषोत्तम मूंदड़ा**
संयुक्त मंत्री
पूर्वांचल


**प्रेमचन्द माहेश्वरी**
उपसभापति
उत्तरांचल


**केदार चाण्डक**
संयुक्त मंत्री
उत्तरांचल


**त्रिभुवन काबरा**
उपसभापति
मध्यांचल


**विजय राठी**
संयुक्त मंत्री
मध्यांचल


**राजेश बिड़ला**
उपसभापति
पश्चिमांचल


**सुनील मूँदड़ा**
संयुक्त मंत्री
पश्चिमांचल


**विनयकुमार कासट**
उपसभापति
दक्षिणांचल


**नन्दकिशोर मालू**
उपसभापति
दक्षिणांचल


**जुगलकिशोर लोहिया**
संयुक्त मंत्री
दक्षिणांचल

## श्यामसुन्दर सोनी पैनल



**श्याम सोनी**
सभापति


**सन्दीप काबरा**
महामंत्री


**आर.एल. काबरा**
कोषाध्यक्ष


**अजय काबरा**
संगठनमंत्री


**कैलाश काबरा**
उपसभापति
पूर्वांचल


**श्यामसुन्दर राठी**
संयुक्त मंत्री
पूर्वांचल


**अशोक सोमानी**
उपसभापति
उत्तरांचल



**विनित केला**
संयुक्त मंत्री
उत्तरांचल


**बाबूप्रसाद खटोड़**
उपसभापति
मध्यांचल


**लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी**
संयुक्त मंत्री
मध्यांचल


**राजेश बिड़ला**
उपसभापति
पश्चिमांचल


**कैलाश सोनी**
संयुक्त मंत्री
पश्चिमांचल


**अशोक बंग**
उपसभापति
दक्षिणांचल


**सतीश चरखा**
उपसभापति
दक्षिणांचल


**सुरेन्द्र मानधने**
संयुक्त मंत्री
दक्षिणांचल

# एक कर्मयोगी को श्रद्धांजलि

एक सच्चे कर्मयोगी और अतुलनीय दूरदृष्टता का इस संसार से चला जाना एक अपूरणीय क्षति है। हमारे मार्गदर्शक व प्रसिद्ध समाजसेवी श्री द्वारकादास राठी 13 वर्ष पूर्व हमारे मने में अपनी अमिट याद छोड़कर अनन्त यात्रा पर चले गए। अनुकरणीय व्यक्तित्व श्री राठी ने पुरानी कहावत ''कार्य शब्दों से अधिक बोलता है'' को चरितार्थ करते हुए हमेशा अपनी मौन उपस्थिति दर्ज कराई। उनके न रहने के कारण जो अन्धकार छा गया है उसे हम उनके जीवन दर्शन के प्रकाश से दूर करने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे।



maheshwari.org
के संस्थापक
**श्री द्वारकादास राठी**
20.02.1959 - 28.10.2006

## लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
## हमारी वेबसाइट है इसका सही समाधान

High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata




Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata

**माहेश्वरी समाज के लिए**
**60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए**
**70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए**
**1 लाख से अधिक**

Registration Free

**Website**
**www.maheshwari.org**
**www.jain2jain.org**
**www.agrawal2agrawal.org**

Registration Free



**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-**
39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060
Phones :011-25746867, M. : 093129 46867

With Best Compliments

**L.K. Chandak**
cell 93913 84709

**P.K. Nyati**
cell 94907 54216

**SRI RAMA MARBLEX**

All Kinds of Rajasthan Marbles & Granites

**Exclusive White Marble**

Plot No. 21, Opp. Andhra Bank,
Nagole, HYDERABAD - 500068 (T.S.)

**Rajesh**
M. 92464 32660

**Dinesh Jaju**
M. 93913 96456

**SRI CHARBHUJA MARBLES**

All kinds of Rajasthan Marbles
Suppliers of All Colours Granites
& Vitrified Tiles

Sy. No. 84/5/14, Near Raju Complex,
Bhaktavatsala Nagar,
(Opp. Anjaneyaswamy Statue),
Mini byepass Road, Nellore-4. (ap)

With Best Compliments from

**Gaurav Marble**

Plot No. 6 & 7, Near East Club Uppal Ring Road, Hyderabad

*Specialist in :*
White & Green Marbles & All Varieties Marble - Tiles & Granite

**Ramprakash Phaophlia**
Mob. : 92462-75222, 79810 34413
Ph. 080-19992667

**Reliance Granites**

Uddan Pally Road, Shool Giri (T.N.)



# त्रिदिवसीय परिचय सम्मेलन में सैकड़ों रिश्तों पर चली बात

## तय रिश्ते के जोड़ों का सम्मान, जूठन न छोड़ने का भी दिया संदेश

**इंदौर की श्री महेश सामाजिक पारमार्थिक संस्था द्वारा त्रिदिवसीय अभा माहेश्वरी विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों रिश्तों की बात चली और अंतिम दिन तक 4 रिश्ते तय हो गए। इन 4 जोड़ों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। जूठन न छोड़ने का भी इस आयोजन ने अपनी अपनी कथनी व करनी दोनों से अनूठा संदेश दिया।**

**इंदौर।** श्री महेश सामाजिक पारमार्थिक संस्था द्वारा इस परिचय सम्मेलन का आयोजन इंदौर के गुमाश्ता नगर स्थित एक गार्डन में किया गया। सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभा माहेश्वरी महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी उपस्थित थे। श्री सोनी सहित समारोह अध्यक्ष रामअवतार जाजू ने भी संबोधित किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रवींद्र राठी और मीडिया प्रभारी अजय सारडा ने बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ भगवान महेश की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में 10 राज्यों से आए अभिभावक सुबह से शाम तक अपने विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के लिए प्रत्याशियों की खोज करते नजर आए। इस दौरान बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष राजेश मूंगड़, रामस्वरूप धूत, प्रकाश अजमेरा, पुरुषोत्तम मानधन्या, श्यामसुंदर सारडा सहित कई समाजबंधु मौजूद थे। सम्मेलन में समाजसेवा के कार्यों में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर लखनलाल नागोरी, श्याम होलानी, गोपाल मूंगड़, प्रहलाददास छापरवाल का स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया।



### तीन दिनों में कई रिश्ते तय

इस परिचय सम्मेलन में देश-विदेश के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की 1550 से अधिक प्रविष्टियां आई थीं। सम्मेलन के तीसरे दिन तक कई रिश्ते तय होकर सामने आए। इन नए रिश्तों को स्वागत सम्मान के रूप में मंच पर लाया गया। पहले दिन परिचय पुस्तिका के माध्यम से रिश्ते के करीब जाने के पहले चर्चा का दौर शुरू हुआ और दूसरे दिन बात निर्णायक दौर पर पहुंची और तीसरे दिन तो चार रिश्ते सुबह ही तय हो गए। रवींद्र राठी, अजय सारडा, गोपाल मानधन्या ने बताया कि इन जोड़ों का जब सम्मान किया गया तक समाज के पदाधिकारी राजेश मूंगड़, लता लड्ढा, विजय लड्ढा, पवन लड्ढा, सुधीर तोषनीवाल, नीलेश भूतड़ा, जुगलकिशोर राठी, बलदेवदास जाजू, नीता जाजू आदि मौजूद थे।

### जूठा न छोड़ दिया माहेश्वरी होने का परिचय

परिचय सम्मेलन के तीसरे दिन भोजन परिसर में हजारों लोगों का भोज हुआ। जिम्मेदारी नीलेश भूतड़ा पप्पू, विपिन तोतला सहित अन्य के पास थी। समीप ही पान का स्टॉल लगा हुआ था। भूतड़ा और तोतला ने माइक के जरिए उद्‌बोधन दिया, 'जो भी समाजजन भोजन थाली निर्धारित जगह पर बगैर जूठे के साथ रखेगा उसका नाम माइक पर अनाउंस किया जाएगा और सम्मानस्वरूप पान भी दिया जाएगा'। देखते ही देखते 1100 पान का वितरण कर दिया गया। पान कम पड़ गए, लेकिन लोग खाली थाली लेकर अपने माहेश्वरी होने का परिचय जूठा नहीं छोड़ने के रूप में देते ही रहे।







## समापन पर मंत्री सिलावट भी शामिल

तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन का अंतिम दिवस रात में समापन किया गया। कई रिश्ते सम्मेलन स्थल पर ही तय हुए जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। अभिभावक और युवक-युवतियों को बाल विवाह रोकने का संकल्प दिलाया गया। राज्य शासन के मंत्री तुलसी सिलावट ने भी शिरकत की। रवींद्र राठी, अजय सारडा, गोपाल मानधन्या, दिनेश चितलांग्या ने बताया कि अशोक इनानी, राजेश मूंगड़, शैलेष मूंदड़ा, बसंत खटोड़, कल्याणमल मंत्री, राजेंद्र इनानी, कमल लड्ढा, पवन लड्ढा, मनोहर लड्ढा, महेश तोतला, विजय लड्ढा, पुष्प माहेश्वरी, राजा झंवर, राहुल मानधन्या, जुगलकिशोर राठी, नवनीत बिसानी, सुमन सारडा, भरत सारडा, नितिन मंडोवरा, बलदेवदास जाजू सहित सैकड़ों लोग परिचय सम्मेलन में मौजूद थे। अगला हाईटेक परिचय सम्मेलन मार्च में आयोजित होगा और पूर्ण सम्मेलन अक्टूबर में आयोजित किया जाएगा।

# एक मंच पर बैठे महासभा पद के प्रतिद्वंद्वी





*अभा माहेश्वरी महासभा के चुनाव होने जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर के इस चुनाव को लेकर सभापति के लिए जहां नागपुर के श्याम सोनी जो वर्तमान सभापति हैं, वे फिर से इस पद के लिए मैदान में हैं, वहीं इंदौर के रामअवतार जाजू भी इस पद के दावेदार हैं। माहेश्वरी समाज परिचय सम्मेलन के दौरान शुभारंभ पर दोनों को एक ही मंच पर अतिथि बनाया गया था। दोनों समीप ही बैठे थे। इस दौरान समाजजनों ने आग्रह किया तो दोनों ने सामाजिक एकता का हाथ थामा। इन दिनों इंदौर और प्रदेश की इकाई रामअवतार जाजू के साथ नजर आ रही है। दोनों ही खेमे के अन्य पदाधिकारी भी इंदौर में मौजूद रहे। सोनी और जाजू खेमे की अलग-अलग चुनावी बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें इंदौर और प्रदेश के कई महासभा मतदाता पहुंचे थे। अन्य समाजजन भी इस दौरान उस आयोजन में शिरकत करने पहुंचे थे।*



# राजसमंद जिलाध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष आमने-सामने

## महिला संगठन प्रदेशाध्यक्ष ने की जिला सभा भंग, जिलाध्यक्ष ने बताया नियम विरुद्ध

**राजसमंद.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन राजसमंद को अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत दक्षिण राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा भंग कर दिया गया। इस संबंध में जैसे ही सूचना प्रकाशित हुई विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिलाध्यक्ष इस कार्यवाही को नियम विरुद्ध तथा प्रदेशाध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र से बाहर बता रही हैं।

जिला महिला संगठन के चुनाव दिनांक 27 अगस्त 2016 को संपन्न हुए थे। इसमें जिलाध्यक्ष पद पर पूजा बंग निर्वाचित रहीं। उसके 15 दिन पश्चात दिनांक 11 सितंबर 2016 को जिला कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष श्रीमती बंग की अध्यक्षता में किया गया, जो जिलाध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में था। इसकी सूचना प्रदेश स्तर व अखिल भारतीय स्तर पर प्रेषित होने से पूर्व ही प्रदेश संगठन द्वारा 11 सितंबर 2016 को बैठक आयोजित कर जिला माहेश्वरी महिला संगठन, राजसमंद की कार्यकारिणी को भंग करना कर दिया गया। इसके पश्चात तदर्थ समिति गठित कर दी गई। भंग करने के बाद इसकी सूचना 3 वर्ष पश्चात् दिनांक 20 सितंबर 2019 पश्चात को दी गई। इस दरमियान 3 वर्ष तक उक्त कार्यकारिणी ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन के सारे कार्य संपादित किए। यह सूचना श्रीमती बंग को जैसे ही प्राप्त हुई उन्होंने इसकी शिकायत राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी की।

### अपनों को उपकृत करने हेतु उठाया कदम - पूजा बंग



पूजा बंग का कहना है कि संगठन को भंग करने के संबंध में बिना किसी आधार के जो निर्णय दिया है, वह कपोल-कल्पित हैं। उक्त संगठन में कौनसी अनियमितता पाई गई हैं, इसका कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है तथा जांच एवं सुनवाई किसके द्वारा की गई है, इसका भी कोई उल्लेख नहीं है तथा जांच करने वाले व्यक्ति/पदाधिकारी का भी उल्लेख नहीं किया गया है। इससे यह प्रमाणित है कि केवल अपने मनमकसूद तरीके से जिला माहेश्वरी महिला संगठन को भंग करने का निर्णय लिया गया है। जबकि किसी भी संगठन/व्यक्ति के विरुद्ध निर्णय लेने से पूर्व उसे अपना पक्ष रखने का अवसर देने का प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत है लेकिन उक्त पारित आदेश मनमाना है, इसीलिए अनिमितता एवं जांच के संबंध में भंग से पूर्व कोई सूचना पत्र/नोटिस जारी नहीं किया, न ही संबंधित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया है। कोई भी मेरे कार्यकाल को वैध बता चुका है।

### समाज की छवि खराब हुई - शिखा भदादा



प्रदेश अध्यक्ष शिखा भदादा का कहना है कि यह प्रथम बार हुआ है कि कोई जिला सतरीय महिला सदस्य, प्रदेश महिला संगठन के खिलाफ न्यायालय में गई है। प्रदेश महिला संगठन समाज के हित को ध्यान में रखते हुए इसे सर्वथा अनुचित मानता है। श्रीमती पूजा बंग, राजसमंद द्वारा जो न्यायालय की शरण ली गई है, भ्रामक पत्र वितरित किये गये हैं, मिथ्या आरोप लगाए गये हैं, उससे दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक महिला संगठन की छवि को धुमिल करने का प्रयास किया गया है, जिससे समस्त संगठन विस्मित व आहत है। यदि माहेश्वरी समाज की महिला न्यायालय में जाती है, तो क्या ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि हम सब आपसी तालमेल बैठाने में समाज की जाजम पर एकजुट नहीं हो सकते? क्योंकि मामला राजसमंद न्यायालय में विचाराधीन है, इसीलिए माननीय न्यायाधीश का जो भी आदेश होगा उसकी पालना की जायेगी। परंतु इस प्रकार से कोर्ट केस किये जायेंगे, तो श्रृंखलाबद्ध संगठन के तहत, राष्ट्रीय से लेकर स्थानीय तक, कोई भी अपनी पत्नी, बहन-बेटी, को सँगठन में जाने नहीं देंगे। जो कि संगठन एवं समाज के हित में नहीं है। इस संगठन की सभी बहनों की भावनायें आहत हुई हैं व श्रीमती पूजा बंग राजसमंद द्वारा किये गये इस कृत्य की भरसक निंदा की है। भविष्य में इस तरह का कृत्य नहीं इसके लिये हो संगठन कोई नियमावली बनायेगा।



## श्री महेश सेवा समिति अमरावती के पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से
### हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

समिति द्वारा 31 मार्च 2019 तक समाज एवं अन्य अलग-अलग घटकों को
वितरित की गई सहायता राशि का विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| छात्रवृत्ति | - 73,67,500/- | शल्यक्रिया | - 21,58,825/- |
| वैद्यकीय सहायता | - 25,20,663/- | आर्थिक सहायता | - 38,10,842/- |
| शैक्षणिक सहायता | - 14,45,998/- | कुल सहायता राशि | - 1,73,03,828/- |

अध्यक्ष
कमलकिशोर राठी
मो. 08805788380

उपाध्यक्ष
डॉ. जुगलकिशोर सिकची
मो. 09730604004

कोषाध्यक्ष
विठ्ठलदास जाजू
मो. 09420713187

सचिव
ॲड. आर.बी. अटल
मो. 09422158450

सहसचिव
प्रवीण चांडक
मो. 09423462694

महेश अतिथी गृह - ठहरने की उत्तम व्यवस्था एवं एसी कमरे

# महेश भवन-महेश अतिथी गृह

बड़नेरा रोड, अमरावती (महाराष्ट्र), फोन : 0721-2510752, 2510507

*With Best Compliments From*

# Shrikant G. Mantri

**Member : The Stock Exchange, Bombay**

Surya Mahal, 2nd Floor, Nagindas Master Road
Fort, Mumbai - 400 001, India
Tel. : 022-2261 8384, 2267 2526
6635 9003, 6635 9004, Fax : 022-22623198
E-mail : sgmantri@usa.net
Resi. : 022-26184126, 2614 4933
Mo. : 98210-26725

## सहकारी संस्था की बेवसाइट लोकार्पित




**नागपुर.** कल्पतरु महिला औद्योगिक सहकारी संस्था ऐसी महिला संस्था है जो 15 वर्षों से सतत महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर काम कर रही हैं। संस्था द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में 'दिवाली महोत्सव 2019' का आयोजन सिटी गैलरी, रामनगर में किया गया है। इसी अवसर पर कल्पतरु महिला औद्योगिक सहकारी संस्था की बेवसाइट भी लांच की गई। उद्घाटन अनेकों अंतरराष्ट्रीय-राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त लेखक व वरिष्ठ समाजसेवक शरद बागड़ी व समरुपण संस्था अध्यक्षा मधु सिंघी के हाथों इसका लोकार्पण किया गया।

## मूंदड़ा बने जिलाध्यक्ष



**राजनांदगांव.** जिला माहेश्वरी सभा का चुनाव 15 अक्टूबर को माहेश्वरी भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। इसमें सुनील मूंदड़ा जिलाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस जिले में राजनांदगांव, बालोद, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ शामिल हैं। महामंत्री के रूप में मधुसूदन मंत्री, बालोद का चयन किया गया। पर्यवेक्षक राजकुमार राठी, रायपुर तथा चुनाव अधिकारी गोपाल डागा राजनांदगांव थे।

## निःशुल्क रोग निदान शिविर सम्पन्न

**बनखेड़ी.** गत 22 दिसंबर को माहेश्वरी मंडल द्वारा स्थानीय गोविंद (पैलेस) गार्डन में निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें होशंगाबाद, नरसिंहपुर एवं रायसेन जिले से विभिन्न रोगों के मरीज बड़ी तादाद में उपस्थित हुए। सभी की ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हेपटाईटिस बी एवं सी की निःशुल्क जांच की गईं। इस शिविर का आयोजन केयर हास्पिटल नागपुर व सहयोग हार्ट फाउंडेशन वर्धा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें डॉ. वल्लभ पनपालिया, डॉ. विपुल सेता (हृदयरोग विशेषज्ञ) की टीम ने मरीजों को उचित परामर्श दिया। सभी व्यवस्थाओं में माहेश्वरी युवा मंडल, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी मंडल के सभी सदस्यों ने अपना अभूतपूर्व सहयोग दिया। माहेश्वरी मंडल अध्यक्ष रामबाबू जांवधिया एवं युवा मंडल अध्यक्ष राजेश सांवल ने आभार व्यक्त किया।

*जिम्मेदारी रास्ता खोजती है*
*और*
*गैर जिम्मेदारी बहाने बनाती है.*




ए कम्पलीट इलेक्ट्रॉनिक सुपर मार्केट

मे. बागड़ी ब्रदर्स
मे. बागड़ी इंटरप्राइजेस

रतनलाल बागड़ी
98279-48844

योगेश बागड़ी
91656-66766

राजेश बागड़ी
93017-26180

सेमसंग प्लाजा, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

With Best Compliments from

Narayan Lahoti | Rasbihari Lahoti

Manufacturers of Alum

Ganpati
Chemicals & Minerals

Office
Ganpati Complex, Main Road, Bhandara (MS.)-441904
Ph. 07184-254119 (O), 202021 (F)

Work
Gat No. 89/1, Village- Ashok Nagar,
National Highway No. ,
Post-Shahapur, Dist. Bhandara (MS.)



Pravin Kumar Ratanlalji Rathi

Rathi Agencies
Shivaji Nagar, Warud, Distt. Amravati

Pharma Distributor

Matoshri Medicoes
Pandhurna Chauk,
Warud Distt. Amravati

Ph. : 07229-232481
Mo. : 78755-55300, 94229-16228

With Best Compliments From

# S B RANDER GROUP

**RISING FROM THE ROOTS**

## Sri Bhagirath Textiles Ltd.

(Spinning Unit)

## Shrigopal Rameshkumar Sales Pvt. Ltd.

(Cotton Merchant)

## Multiurban Infra Services Pvt Ltd.

(Water Supply Contractors and Solution Providers)

**Head Office :**

Sarvodaya Cloth Market, Gandhibagh, Nagpur - 440 002 (Maharashtra)
Phone : +91-712-2769035, 2777206, Fax : +91-712-2765845
Web Site : www.srcommodities.com
Email : info@srcommodities.com

**Associates At**

Coimbatore, Chittorgarh, Mumbai, Ichalkaranji, Indore

**Shrigopal Rander**

**Madhusudan Rander**

**Ramesh Rander**

*With Best Compliments From*

RATHI Enterprises

BENELAVE

tradeco india

Dealer - Borewell, Submersible Pump Set
Single Phase
Domestic Pumps,
Single Phase Jet Pumps

AQUATEX

MANISH MARKETING CO.

Ther Supreme Industries Ltd.
(Plastic Piping Division)

Address : G.E. Road, Ganj Para, Durg (Chhattisgarh)
Ph. : 0788-2211208, 2210333
E-mail : manishmarketingcompany@yahoo.com

Raju
Mo. 94252-37702

Sanjay Sarda
9422831382

Vijay Sarda
9423689097

Sarda Marbles

Industrial Estate, Takiya Road, Bhandara (MS) 07184-252475
e-mail : sardamarble@gmail.com

Vijay Sarda

Sarda Ceramics

Tiles, Marble, Granite, Kota
Cellphone : 91-9423689097, 9422831382 Tel. : 07184-252475
E-mail : sardamarble@gmail.com
Industrial Estate, Takiya Road, Bhandara (MS)

Purushottam Sarda
9422131097, 07184-252541

*Sarda Garments Zone*

*Exclusive Men's Wear*
Opp. Ram Mandir, Main Road, Bhandara (MS) 441904



Narendra Kothari

Umesh Pharma

**Pharmaceutical Distributor**

57, Satidham Market, Amravati
Mo. : 99222-29522, Ph. : 2574713

# जिला सभा के चुनाव सम्पन्न



**गुरुग्राम.** गत 13 अक्टूबर को जिला माहेश्वरी सभा के सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी अरुण माहेश्वरी व पर्यवेक्षक श्रवण मिमानी थे। इसमें अध्यक्ष मनोजकुमार बिहानी, उपाध्यक्ष सचिन भुराड़िया व मनीष धूत, सचिव पवनकुमार मूंदड़ा, सहसचिव पवन करनाणी व गोपाल मल, कोषाध्यक्ष भगवानदास जाखोटिया, सांस्कृतिक मंत्री सुनील लड्ढा तथा संगठन मंत्री सुनील पेड़ीवाल चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी हुआ।

# प्रदेश सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

**अजमेर.** मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के तत्वावधान एवं अजमेर जिला माहेश्वरी सभा के सान्निध्य में गत 13 अक्टूबर को क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा प्रदेश सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 2019 आयोजित हुआ। मीडिया प्रभारी अर्पित काबरा ने बताया कि उपरोक्त प्रदेश सम्मेलन में विभिन्न कार्यक्षेत्रों में स्थापित माहेश्वरी समुदाय के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। आमंत्रित अतिथियों के रूप में आनंद राठी सिक्योरिटीज लिमिटेड, मुंबई के चेयरपर्सन आनंद राठी, एमडीएच लिमिटेड के चेयरपर्सन सुरेशचंद राठी, सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरपर्सन बजरंगलाल तापड़िया, मनोरमादेवी बसंतीलाल काल्या औद्योगिक समूह के प्रबंधक निदेशक राजकुमार काल्या, राठी ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के चेयरपर्सन भगवतीप्रसाद राठी, जाजू औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अजमेर के चेयरपर्सन रामनिवास जाजू, हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीकांत बाल्दी, महाराष्ट्र अमरावती के जिलाधीश शैलेष नवाल, राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक आईपीएस ललित माहेश्वरी, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महेंद्र माहेश्वरी, राजसमंद विधायक किरण माहेश्वरी, राजस्थान भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा, पूर्ववर्ती राजस्थान के सरकार के राज्यमंत्री शिवशंकर हेड़ा, पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा आदि सम्मिलित हुए। मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की प्रेरणा से अजमेर में प्रस्तावित माहेश्वरी विद्यार्थी छात्रावास भवन के शिलान्यास हेतु आर्थिक सहयोग स्वरूप 1 लाख 1 हजार एक सौ ग्यारह रुपए की घोषणा हनुमानदास अजयकुमार अमितकुमार सोमाणी द्वारा की गई। समारोह के अंत में राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के महामंत्री विजयशंकर मूंदड़ा ने समस्त आमंत्रित अतिथिगणों, समाजबंधुओं एवं प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

*मजाक अब किससे करें....*
*पुराने दोस्त अब सम्मान माँगते हैं.....*

दीप पर्व पर सभी समाज बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ

# ओमप्रकाश कुंजी लाल भैय्या

**Govt. Contractor & Building Material Supply**

**Ph. : 0721-2660046**
**Mo. : 9822200631**



# श्रीनाथ दाल मिल

**A-35, Near Aanand Marbles, MIDC, Amravati**
**Ph. : 0721-2520013, 2520699**

पियुष ओ. भैय्या
9822731007

अखिलेश अ.भैय्या
9823231276

## जिला सभा के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न



कालूराम हेड़ा




उमेश बांगड़

**खेड़ा.** माहेश्वरी सभा खेड़ा जिला के चुनाव गत दिनों सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष कालूराम हेड़ा, उपाध्यक्ष आनंद हेड़ा, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश हेड़ा, मंत्री उमेश बांगड़, सहमंत्री शांतिलाल समदानी, कोषाध्यक्ष लेखराज राठी (कठलाल) तथा अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारणी सदस्य खेड़ा जिला कैलाश राठी (कपडवंज) चुने गए। जिला कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी हुआ।

## माहेश्वरी मंडल के चुनाव सम्पन्न

**बनखेड़ी.** माहेश्वरी मंडल की माहेश्वरी भवन में रखी गई बैठक में सामाजिक उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इनमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रामबाबू जांवधिया, मंत्री (सचिव) चंद्रप्रकाश सांवल, कोषाध्यक्ष हरिवल्लभ मोकाती, उपाध्यक्ष टीकमदास सांतल, संगठन मंत्री श्यामसुंदर मालपानी, संयुक्त मंत्री (सहसचिव) पदेन राजेशकुमार सांवल (अध्यक्ष माहेश्वरी युवा मंडल) को मनोनीत किया गया।



## उज्जैन जिला सभा के चुनाव सम्पन्न




महेश लड्ढा



महेश चांडक

**उज्जैन.** श्री उज्जैन जिला माहेश्वरी सभा के चुनाव महासभा के नियमों के अनुसार एवं प्रादेशिक सभा की सहमति से प्रादेशिक सभा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रकाश मंत्री (भौरासा) के निरीक्षण एवं मुख्य चुनाव अधिकारी कैलाश जैथलिया के मार्गदर्शन में निर्विरोध संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष महेश लड्ढा उज्जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधेश्याम चौखड़ा उज्जैन, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर भूतड़ा उज्जैन, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पलौड़ तराना, सचिव महेश चांडक उज्जैन, सह-सचिव अरविंद राठी बड़नगर, संगठन मंत्री वीरेंद्र गट्टानी उज्जैन, कोषाध्यक्ष अरुण भूतड़ा उज्जैन तथा प्रचार मंत्री सतीश बजाज नागदा चुने गए। महासभा के लिए डॉ. रवींद्र राठी महिदपुर व लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा उज्जैन सदस्य चुने गए। प्रादेशिक सभा के लिए गोपाल मोहता नागदा, गोविंदलाल मोहता नागदा, ओमप्रकाश काबरा उज्जैन, रूपनारायण झंवर उज्जैन, नीलेश राठी रूनीजा, डॉ. वासुदेव काबरा बड़नगर, दिनेश लड्ढा उज्जैन, ओमप्रकाश बियानी उज्जैन, श्यामसुंदर ईनाणी महिदपुर सिटी, रामनारायण ईनाणी उज्जैन, गोपाल मूंगड़ उज्जैन, सपन लड्ढा उज्जैन, पुष्कर बाहेती उज्जैन, राधेश्याम नवाल खाचरौद सदस्य चुने गए। जिला कार्यसमिति में राजेंद्र समदानी उज्जैन, कैलाश गट्टानी जगोटी, आनंदीलाल गगरानी नागदा, मनोज राठी नागदा, अशोक बिसानी नागदा, नरेंद्र लाठी बड़नगर, सत्यनारायण मूंदड़ा उज्जैन, मुकेश शारदा उज्जैन, राजेंद्रप्रसाद भूतड़ा उज्जैन, नवनीत काबरा उज्जैन, नवीन बाहेती उज्जैन, प्रकाश लड्ढा उज्जैन, महेंद्र परवाल, सुनील बांगड़ उज्जैन, महेंद्र समदानी उज्जैन, राजेंद्र मंडोवरा महिदपुर रोड, गणेशचंद्र गगरानी खाचरौद व हुकुमचंद्र लाठी तराना सदस्य चुने गए। आभार सुरेश काकाणी ने माना।

With Best Compliments From

# Sacchindanand L. Malani

**Kelkar Wadi**
**Murtizapur - 444107**
**Phone : 07256-243513**
**Mobile : 9422162213 / 8600047213**
**email : office.slmalani@gmail.com**

**SPECIALITY IN ASPHALTING OF ROADS & EARTHEN DAMS**

## Pankaj Sarda

**Director**
Mob. : 7387000563

**Manufacturer of High Purity Ingots of Lead, Lead Alloys and Zinc. Also Brass utensils**

**Recycler of Lead Scrap, Lead Waste, Batteries, Zinc and Waste.**

**Deals in SHG / PW Zinc Ingots of Hindustan Zinc Limited**

SMPL

# Shree Metals (Mujbi) Pvt. Ltd.

**www.kothariproductsindia.com**
**email :shreemetalsmujbipvtltd@gmail.com**
**Work : at Mujbi, P.O. Bela Dist. Bhandara (Mah.) 441904**
**(On National Highway 06, Near Reilance Petrol Pump)**
**pankaj@asagrotech.com**

# वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम वर्षा मंगल का हुआ आयोजन



**नईदिल्ली.** माहेश्वरी क्लब नई दिल्ली द्वारा अपना वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वर्षा मंगल' आर्या सभागार, ईस्ट ऑफ कैलाश, नईदिल्ली में 6 अक्टूबर 2019 को आयोजित किया गया। अशोक सोमानी रा. उपसभापति उत्तरांचल अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि थे। लोकसभा सांसद मनोज तिवारी भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में 4 से लेकर 70 वर्ष तक के क्लब परिवार के प्रतिभागियों ने वर्षा मंगल के मंचन में अपना योगदान दिया। 'सरस्वती लास्ट एंड फाउंड' शीर्षक के अंतर्गत एक नृत्य नाटिका का अनोखा सुंदर मंचन हुआ। इस नृत्य नाटिका के 'पानी बचाओ, पर्यावरण बचाओ' व 'सेव द मदर अर्थ सेव अवर फारेस्ट' जैसे ज्वलंत विषय थे। जानकारी सचिव बीना काबरा ने दी।

## उच्च शिक्षित प्रोफेशनल परिचय सम्मेलन



**इंदौर.** श्री माहेश्वरी संस्कृति केंद्र द्वारा माहेश्वरी उच्च शिक्षित/ प्रोफेशनल्स युवक/युवतियों के बारहवें परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी 5 जनवरी 2020 को इंदौर में किया जा रहा है। पूर्व में आयोजित 11 सम्मेलनों के माध्यम से अभी तक 215 से भी अधिक प्रत्याशियों के संबंध जुड़ चुके हैं। जिसकी समाजजनों, अभिभावकों एवं प्रत्याशियों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है। सम्मेलन के फोल्डर का विमोचन 23 अक्टूबर को श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, खजराना इंदौर में किया गया। सम्मेलन में प्रविष्टि हेतु अंतिम दिनांक 16 दिसंबर रखी गई है। उक्त जानकारी अध्यक्ष मनीष सोमानी, स्वागत अध्यक्ष शिवनारायण भूतड़ा एवं संयोजक मुनीश मलानी ने दी।

## गरबा महोत्सव में जीते लाखों के पुरस्कार



**अहदाबाद.** बरुंदनी के मूल निवासी मुकेश तुरकिया एवं उनके परिवार ने नवरात्रि में अलग-अलग क्लब में गरबा खेले। नवरात्रि में उनके परिवाजनों ने छह लाख 70 हजार के पुरस्कार प्राप्त कर धूम मचा दी। उनके पुत्र हेमंत, पुत्रवधू शैली, पुत्र रवि व पत्नी आशादेवी को सभी प्रख्यात जगहों पर आकर्षक गरबा करने पर नवरात्रि के दौरान रोजाना पुरस्कृत किया गया। अहमदाबाद माहेश्वरी युवा संगठन के गरबा आयोजन में भी धूम मचाकर सभी ने पुरस्कार प्राप्त किए। माहेश्वरी ऐक्टिव क्लब ओढव अहमदाबाद के गरबा कार्यक्रम में भी सभी ने पुरस्कार प्राप्त किए। पूरी नवरात्रि में इस परिवार ने कुल 18 पुरस्कार प्राप्त किए।

## डांडिया रास का हुआ आयोजन



**दिलखुसनगर.** माहेश्वरी समाज दिलसुखनगर तत्वावधान में डांडिया रास का आयोजन किया गया। इसमें रामनिवास चांडक, सीताराम रांदड, जगदीश सारडा, श्यामसुंदर राठी, गनपत सारडा, मनोज सारडा, राजेंद्रप्रसाद चांडक, रामकुमार भंसाली, सीतादेवी, जयश्री राठी, सुमन चांडक, कविता सारडा, नीतू जाजू, सविता न्याति आदि सहित बच्चों ने भी भाग लिया। तत्पश्चात सभी ने भोजन का आनंद लिया। संस्था के सचिव श्यामसुंदर राठी ने सभी का आभार माना।

## कन्या भोज का किया आयोजन




**गुना.** माहेश्वरी मंडल द्वारा गायत्री मंदिर में कन्याभोज का आयोजन किया गया। इसमें मंडल की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया। मंडल सचिव ममता माहेश्वरी, मीना खवानी, प्रेमलता माहेश्वरी, राखी माहेश्वरी, रामा सूरजन आदि समस्त सदस्याएं उपस्थित थे। कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें पढ़ाई से संबंधित सामान वितरित किए गए। टिफिन-बोतल भी बांटे गए।


SONI OFFICE MATE ®
Innovation is our tradition
GLUE STICK
For Neat & Clean Adhesion
Available in 5 g, 8 g, 15 g, 25g, 35 g
CORRECTION PENS
For Neat & Quick Correction
Available in 7ml, 9ml
CORRECTION TAPE
For Instant Correction
5mm x 6m
WHITEBOARD MARKER
Non Stick, easy wipe
ACRYLIC MARKER
PERMANENT MARKER
SURGICAL SKIN MARKER
Gama Radiated
HIGHLIGHTER
Available in 5 colours
CD / DVD MARKER
For permanent marking on Glass, Plastic, Wood, Metal & Any Plain Surface.
PAINT MARKER
Permanent Marking for any surface
Available in Colours
Regular Tip
Fine Tip
Chisel Tip
WINDOW MARKER (FLUORESCENT)
Can be used on
Glass
Acrylic Sheets
Mica Boards
LED Boards
Any non-porous surface
DRY WIPE
Available in eight colours
Whiteboard Cleaning Solution
STICKY NOTE PADS
STAMP PAD
Available in 3 sizes in all colours
INKS
Available in Bulk Packaging.
FOR DEALERSHIP, DISTRIBUTORSHIP & C & F PLEASE CONTACT-
SONI POLYMERS PVT. LTD.
CERTIFIED COMPANY
'Utkarsha-Vishakha, 42, Bajaj Nagar, Nagpur - 440 010 (INDIA)
Ph : 91-712-2236463, 2232002, 2221746 Fax : 91-712-2249598
E-mail : domestic@sonioffficemate.com, export@sonioffficemate.com
Website : www.sonioffficemate.com

## महिला संगठन के चुनाव संपन्न



**विदिशा.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष प्रीति राठी, सचिव रितु गोयदानी व कोषाध्यक्ष कल्पना लड्ढा सर्वसम्मति से निर्वाचित हुईं। निर्वाचन में पर्यवेक्षक प्रदेश की वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता पलोड़ भोपाल थीं। चुनाव अधिकारी मीना माहेश्वरी, रेखा डांगरा व अनिता लाहोटी थीं।

## गौसेवा में नया शेड निर्माण





**चूरू ( राजस्थान ).** जिले के सुजानगढ़ में गोपाल गौशाला में गौवंश को सूर्य की तेज धूप तथा बरसात से बचाने के लिए कोलकाता निवासी, सुजानगढ़ प्रवासी सरोज-श्यामसुंदर लड्ढा तथा गोविंदप्रसाद लड्ढा ने अपने पूर्वजों की याद में तकरीबन 6300 वर्ग फीट में एक टीन शेड का निर्माण करवाया। इसमें गायों के खाने के लिए चारा, खल तथा पानी के लिए फव्वारानुमा नल की व्यवस्था भी की गई। उक्त कार्य वहां के स्थानीय प्रभारियों की देखरेख में संपन्न हुआ। कोलकाता निवासी ये लड्ढा दंपत्ति मालेगांव निवासी कवियत्री लेखिका सुमिता मूंधड़ा के माता-पिता हैं।

## तहसील सभा के चुनाव संपन्न

**मोहन बड़ोदिया ( मप्र ).** माहेश्वरी समाज तहसील के निर्वाचन चुनाव अधिकारी सागरमल खटौड़ के सान्निध्य में संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष-दिनेश केला, उपाध्यक्ष-अंशुल हुरकट व गोरव डांगरा, सचिव-पवन बिसानी, सहसचिव-अंसुल सारडा, कोषाध्यक्ष-अर्पित सारडा एवं मीडिया प्रभारी-मुकेश गोयदानी चौमा सर्वसम्मति से चुने गए। जिला प्रतिनिधि हेतु नरेंद्र केला, बालमुकुंद बिसानी, मोहन बल्लानी, हरीश डांगरा, हरीश केला, संजय केला, महेश सारडा, गोपीलाल गोयदानी एवं दिनेश चांडक का चयन किया गया।

*नसीहत नर्म लहजे में ही अच्छी लगती है..*
*क्योंकि.. दस्तक का मकसद*
*दरवाज़ा खुलवाना होता है, तोड़ना नहीं।*

## मानधना को सर्वश्रेष्ठ चेयरमैन का सम्मान



**हैदराबाद.** बैंकिंग टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस विषय पर मुंबई से प्रकाशित होने वाली प्रतिष्ठित पत्रिका 'बैंकिंग फ्रंटीयर' द्वारा बड़ी सहकारी बैंकों की श्रेणी में महेश बैंक के चेयरमैन पुरुषोत्तमदास मानधणा को सर्वश्रेष्ठ चेयरमैन से सम्मानित किया गया। गोवा में 19 सितंबर को 'फ्रंटीयर्स इन को-ऑपरेटिव बैंकिंग अवॉर्ड' के भव्य समारोह में गोवा के सहकारिता मंत्री गोविंद गौड़, वीएस दास भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ज्योतिंद्र मेहता आदि के करकमलों से श्री मानधणा को सम्मान प्रदान किया गया।

## रक्तदान की दी प्रेरणा



**शुजालपुर.** संत हिरदाराम जयंती के उपलक्ष्य में सिंधी युवा परिषद एवं महिला मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन प्रथम बार शुजालपुर में किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वीटी हरकी, खुशीलाल खत्री व काउंसलर जया माहेश्वरी द्वारा सभी रक्तदाताओं की रक्तदान से संबंधित भ्रांतियों को दूर कर उन्हें रक्तदान करने की प्रेरणा दी गई। उससे प्रेरित होकर सभी ने प्रथम बार रक्तदान किया है। इसमें 13 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

## पॉलिथिन के खिलाफ पीएफए का अभियान



**भीलवाड़ा.** पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में सिंगल यूज पॉलिथिन थैलियों के निर्माण पर रोक लगाने की मांग करते हुए बताया कि पर्यावरण को पलीता लगा रही पॉलिथिन की थैलियां पशु-पक्षियों व मानव के लिए जानलेवा होने के साथ-साथ प्रकृति की दुश्मन भी हैं। प्रदेश में प्रतिदिन 450 व देशभर में लगभग 10 हजार गायें रोज सिंगल यूज प्लास्टिक खाकर अकाल मौत का शिकार हो रही हैं। इसलिए जरूरी है कि पॉलिथिन निर्माण पर समूचे देश में एक कानून हो व पॉलिथिन की थैलियों के निर्माण पर सख्ती से रोक लगाई जाए। पीपुल फॉर एनीमल्स संस्था के सदस्य व पदाधिकारियों द्वारा लोगों में पॉलिथिन का उपयोग नहीं करने हेतु जनजागृति अभियान और तेज किया जाएगा।

*With Best Compliments from*

Company Identification No. U51100GJ1989PLC012428

SURYA GROUP

# Surya Exim Limited

3040, Jash Textile & Yarn Market, Ring Road, SURAT (Guj.)-395 002, INDIA
**Tel. :** 0261-4083100/101/116
**Fax :** 0261-4083120, 2328842
**E-mail :** info@surya-exim.com, suryaexim@hotmail.com, jpsaboo@hotmail.com
**Website :** www.surya-exim.com

## जिला महिला मंडल के चुनाव संपन्न





**देवास.** देवास जिला माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव कांटाफोड़ में पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री मंगला सिंगी की अध्यक्षता व पश्चिमांचल सचिव वीणा सोमानी पर्यवेक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष उर्मिला झंवर एवं उमा डागा चुनाव अधिकारी के निर्देशन में निर्विरोध संपन्न हुए। इसमें अध्यक्ष साधना बियानी कांटाफोड़, सचिव शीला डागा देवास, कोषाध्यक्ष तृप्ति कन्नौद, संगठन मंत्री साधना छापरवाल, प्रचार मंत्री रितु तापड़िया नव-निर्वाचित हुईं।

## अध्यक्ष झंवर व मंत्री निर्वाचित लाहोटी







**संगमनेर.** संगमनेर तहसील माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद पर अतुल झंवर तथा मंत्री पद पर राजकुमार लाहोटी का निर्विरोध चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी डॉ. शशिकांत पोफळे तथा चुनाव निरीक्षक रामनिवास राठी (अकोले) के निरीक्षण तथा पूर्व अध्यक्ष श्रीकांत मणियार की अध्यक्षता में संपन्न हुए। कार्यकारिणी पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सचिन मणियार, सहमंत्री जुगल बाहेती, अर्थमंत्री श्रीनिवास भंडारी तथा संगठन मंत्री संजय मालपाणी चुने गए। साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी हुआ।

*जीवन की रेस में जो लोग*
*आपको दौड़कर नहीं हरा पाते,*
*वही आपको*
*तोड़कर*
*हराने का प्रयास करते हैं*
*किंतु सच्चा खिलाड़ी वही है*
*जो टूटे नहीं*

## स्थानीय महिला मंडल के चुनाव संपन्न



**बेमेतरा.** स्थानीय महिला मंडल के सर्वसम्मति से चुनाव हुए। इसमें संरक्षक सुनीता चांडक, अध्यक्ष आशा गिलड़ा, उपाध्यक्ष वर्षा लाखोटिया, सचिव अनिता मोहता, सहसचिव रेणु राठी तथा कोषाध्यक्ष अंजू काबरा चुनी गईं। इसके साथ ही हरी सब्जियों से झूला सजाओ व रंगोली आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। 24 सितंबर को प्रादेशिक महिला मंडल की बैठक का आयोजन हुआ।

## मालू हुए महेश रत्न से सम्मानित



**गुलबर्गा ( कर्नाटक ).** कर्नाटक-गोवा प्रांतीय माहेश्वरी सभा द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी नंदकिशोर मालू को महेश रत्न के सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष पुरुषोत्तम ईनानी (रायचूर) ने की। श्री मालू को उनकी 50 वर्षों की समाज सहित विभिन्न समाजसेवी संगठनों में समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

## 12 तहसील सभा के निर्विरोध निर्वाचन

**संगमनेर.** अहमदनगर जिला माहेश्वरी सभा की 12 तहसील सभा के सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ। इसमें नेवासा तहसील सभा अध्यक्ष सुहास सिकची व मंत्री संदीप अट्टल का पुनर्चयन हुआ। अन्य तहसील में अध्यक्ष-मंत्री क्रमशः अशोक राठी, आनंद असावा (प्रवरा परिसर), संतोष मूंदड़ा, विनोद डागा (कोपरगांव), चेतन भूतड़ा, संदीप बूब (श्रीरामपुर), रामेश्वर सोमाणी, पुरुषोत्तम मूंदड़ा (बेलापुर), मुकुंद लोहिया, पुरुषोत्तम हरकुट (पाथर्डी), प्रकाशचंद्र लड्डा, जगदीश मानधना (शेवगांव), नंदलाल झंवर, जितेंद्र झंवर (वांबोरी), विनोद मालपाणी, मुकुंद धूत (अहमदनगर), दीपक झंवर, अभय कालिया (राहुरी), अतुल झंवर, राजकुमार लाहोटी (संगमनेर), रमेशचंद्र सारडा, अनिल मणियार (अकोले) चुने गए।



दीप पर्व के पावन पर्व पर
हार्दिक शुभकामनाएँ



**KAMAL**

MICRO REFINED
RICE BRAND OIL

Available in 15 Ltrs., 15 Kgs.
& 5 Ltrs. (Can) and 1 Ltrs. (Pouch)

दामोदरदास मूँदड़ा
पूर्व अर्थमन्त्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा

# KAMAL SOLVENT
## Extractions Pvt. Ltd.

**Regd. Office :**
"Mundra Niwas" Rajnandgaon - 491 441 INDIA
Phone : 07744 - 241719, 224619, 224719 Cable : "Mundra" Fax : 07744 - 226319

**Works :**
G.E. Road, Village khuteri (Somni), Rajnandgaon - 491441
Phone : 07744 - 220621, 220651, 220761, 220771

*With Best Compliments From*

# M/s. Thakurdas Sukhdeoji Malani

**"Sukhshri" Bhiwapurkar Nagar,**
**Near New A.P.M.C., Amravati (M.S.)**

## जिला कलेक्टर द्वारा करवा हुई सम्मानित



**संगरिया (जिला हनुमान-गढ़).** समाजसेवी कपिल करवा सुपुत्र कृष्ण व राजकुमारी करवा ने श्रीराम सोशल सोसायटी के रक्तदान शिविर में रक्तदान किया। इस अवसर पर करवा को 21 बार रक्तदान करने के लिए हनुमानगढ़ जिला कलक्टर जाकिर हुसैन, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गुलाब सींवर, कांग्रेस नेता अशोक जैन द्वारा सम्मानित किया गया। श्री करवा वर्तमान में उत्तर राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन में कार्यकारिणी सदस्य हैं।

## राठी अध्यक्ष व सोमानी उपाध्यक्ष निर्वाचित



**संगरिया (हनुमानगढ़).** स्थानीय माहेश्वरी सभा की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। कपिल करवा ने बताया कि इसमें बाबूलाल राठी अध्यक्ष, पवन सोमानी उपाध्यक्ष, लखन करवा सचिव, जयकिशन गट्टाणी सहसचिव व सुमित गट्टाणी कोषाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री राठी ने समाज के प्रतिवर्ष पांच आयोजन महेश नवमी, शिवरात्रि पूजन व होली-दीपावली स्नेह मिलन करने की योजना के बारे में बताया।

## माहेश्वरी समाज के चुनाव सम्पन्न



**रतलाम.** माहेश्वरी समाज रतलाम के चुनाव महासभा के प्रकाश मेहरा, महासभा प्रतिनिधि प्रेमनारायण मालपानी, प्रदेश प्रतिनिधि रामचंद्र डारिया, पश्चिमांचल के संयुक्त सचिव व प्रभारी मांगीलाल अजमेरा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुए। इसमें अध्यक्ष शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर, रतलाम), उपाध्यक्ष डॉ. बी.एल.तापड़िया, सचिव डॉ. सतीष लड्डा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र बाहेती, संयुक्त सचिव डॉ. लक्ष्मण परवाल, संगठन मंत्री द्वारकादास भंसाली (पप्पू भैया) एवम प्रचार मंत्री राजेश चौखड़ा चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन हुआ।

## अकोले सभा के चुनाव संपन्न



रमेशचंद्र सारडा अनिल मणियार

**अकोले.** अकोले तहसील माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद पर रमेशचंद्र सारडा तथा मंत्री पद पर अनिल मणियार का निर्विरोध चयन हुवा। चुनावी बैठक स्व. सौ. जमनाबाई जाजू माहेश्वरी मंगल कार्यालय में पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रकाश सारडा की अध्यक्षता तथा मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. शशिकांत पोफळे के निरीक्षण में संपन्न हुई। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष-विजय बूब, मंत्री-अनिल मणियार, अर्थमंत्री तथा जिला सदस्य रामनिवास राठी, संगठण मंत्री-सोमनाथ मूंदड़ा का निर्विरोध चयन हुआ।

## आशुतोष बने सूचना सहायक



**श्री गंगानगर.** रायसिंह नगर (जिला श्रीगंगानगर) निवासी माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष आशुतोष बंग सुपुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल व श्रीमती शांतिदेवी बंग राजकीय सेवा में चयनित हुए हैं। उन्हें योजना विभाग जयपुर में सूचना सहायक के पद पर नियुक्ति मिली है। श्री आशुतोष आशा ट्रस्ट के माध्यम से भी सेवा कार्य में अग्रणी रहते हैं।

*आत्मविश्वास*
*तब नहीं आता*
*जब आपके पास*
*सारे जवाब हो...*
*बल्कि*
*तब आता है*
*जब*
*सारे सवालों का*
*सामना करने के लिए*
*आप तैयार है।*

## महेश बैंक का पोस्टल कवर विमोचित



**हैदराबाद.** डाक विभाग द्वारा डाक टिकट संग्रहकर्ताओं के सौजन्य से चिक्कडपल्ली स्थित भारतीय डाक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित गोलकोंडा पेक्स 2019 में चीफ कमिश्नर ऑफ कस्टम एवं सीजीएसटी वासा शेषगिरीराव एवं जीवी कृष्णा राव, चीफ कमिश्नर ऑफ कस्टम एवं सीजीएफटी गोहाटी अंचल के कर कमलों से डाक टिकट प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में महेश बैंक के एक विशेष कवर का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता हैदराबाद अंचल के पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल सागर हनुमान सिंह ने की। महेश बैंक के विशेष कवर के विमोचन के समय महेश बैंक के चेयरमैन इमीरेट्स रमेशकुमार बंग भी अतिथियों के साथ मंचासीन रहे।

## अजमेरा बने अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार मंत्री



**अकोला.** माहेश्वरी समाज के संघर्षशील व जुझारू सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार डॉ. नवलकिशोर मदनलाल अजमेरा को भारत सरकार के देवस्थान अंतरराष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. अजमेरा विदर्भ में माहेश्वरी समाज के कार्यकर्ता व 'रामसा पीर रुणीचा रामदेव बाबा' के परमभक्त स्व. मदनलालजी अजमेरा के सुपुत्र हैं।

## जिला माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव संपन्न

**हापुड़.** जिला माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव विगम माह में संपन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से साधना लोया जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुईं। मधु खटोड़ को नगर अध्यक्षा चुना गया। आशा तापड़िया उपाध्यक्ष, अलका खटोड़ सचिव, मधु मालू सहसचिव, चित्रा राठी कोषाध्यक्ष, मधु तोषनीवाल ऑडिटर व रुबीना माहेश्वरी सांस्कृतिक मंत्री चुनी गईं।

*चापलूस और आलोचक में*
*बस इतना ही फर्क है..*
*चापलूस अच्छा बनकर बुरा करता है...*
*और*
*आलोचक बुरा बनकर अच्छा करता है...*

## शुभलक्ष्मी को-ऑपरेटिव बैंक की बैठक संपन्न



**इंदौर.** शुभलक्ष्मी महिला को-ऑपरेटिव बैंक की 31वीं वार्षिक साधारण सभा प्रीतममाल दुआ सभागृह एमजी रोड, रीगल चौराहा इंदौर पर संपन्न हुई। शुभारंभ बैंक अध्यक्ष उष्मा मालू, उपाध्यक्षा उषा तोमर, संचालकगण गीता मूंदड़ा, सुशीला काबरा, कलाश्री लश्करी, सुषमा मालू आदि ने किया। सभा को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष उष्मा मालू ने बैंक की प्रगति व महिलाओं को रोजगारन्मुखी बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ प्रशिक्षण शिविर योजना एवं एमएमएस बैंकिंग के बारे में सदस्यों की जानकारी दी। सभा का संचालन मंजू शर्मा प्रबंधक ने किया।

## नन्दिनी ब्राजील में देंगी कथक की प्रस्तुति



**नईदिल्ली.** समाज सदस्य गिरीराज माहेश्वरी की बीए में अध्ययनरत सुपुत्री नंदीनी को इंडियन काउंसलेट ऑफ ब्राजील द्वारा वहां आयोजित कार्यक्रमों में कथक की प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया। वे वहां 23 से 30 सितंबर तक ब्राजील के विभिन्न शहरों में प्रस्तुति दे चुकी हैं।

## पौधारोपण से दिया शांति का संदेश



**ब्यावर.** भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय पर पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया गया। शाखा सचिव-प्रशान्त पाबूवाल ने बताया कि इसमें 15 पौधे 7 से 8 फीट की साइज के मय ट्री-गार्ड लगाए गए। शाखा-अध्यक्ष-राजेंद्र काबरा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर नीम, गुलमोर, अशोका, अमरूद, जामुन, पीपल, करंज जैसे पौधे ट्री-गार्ड सहित औषधालय के प्रांगण में लगाए गए।

# श्रम साफल्य महिला अधिवेशन का हुआ आयोजन







**अमरावती.** विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा गत 21 एवं 22 सितंबर को प्रादेशिक माहेश्वरी महिला अधिवेशन श्रमसाफल्य महिला अधिवेशन का आयोजन महेश भवन अमरावती में किया गया। महिलाओं को सक्षम, सबल एवं आत्मनिर्भर बनाकर ज्ञान के प्रकाश से रूबरू कराना इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य था।

अधिवेशन का लता वसंतकुमार मोहता के करकमलों द्वारा उद्घाटन हुआ। अध्यक्षता राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष सुशीला काबरा इंदौर ने की। विशेष अतिथि महासभा सभापति श्यामसुंदर सोनी नागपुर, प्रमुख अतिथि पुरुषोत्तम मालू, ब्रिजमोहन चितलांगे, दिलीप हेड़ा, मध्यांचल उपाध्यक्ष ज्योति राठी, संयुक्त मंत्री मंगल मर्दा वापी आदि थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन से महिलाओं को मार्गदर्शित किया। द्वितीय सत्र में प्रमुख विचारक ओम दरक ने सुखी एवं आनंदित परिवार के सूत्रों को प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र में बुद्धिमत्ता कौशल परीक्षण क्वीज कॉन्टेस्ट रखी गई।

चतुर्थ सत्र में नवरस सांस्कृतिक प्रतियोगिता रखी गई। अधिवेशन के द्वितीय दिवस को मीना सांवल द्वारा एक्यूप्रेशर बीके प्रमोद भाई ने संस्कारों तथा डॉ. रिता माहेश्वरी मुंबई ने आध्यात्म के बारे में मार्गदर्शित किया। चतुर्थ सत्र में संस्कृति दर्शन के साथ बैनर प्रजेंटेशन स्पर्धा हुई। समापन समारोह में प्रमुख अतिथि श्रुति अनिलकुमार भूतड़ा पूना व डॉ. कल्पना राठी अमरावती थीं। विशेष अतिथि सतीश करवा पुणे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा करवा ने की। विशेष अतिथि आरबी अट्टल, डॉ. अनुराधा सालफले चंद्रपुर, डॉ. अनुराधा बाहेती अकोला, ज्योति राठी, मंगल मर्दा वापी थीं। इस अवसर पर विदर्भ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया।



# कत्थक कला केंद्र को प्रथम पुरस्कार



**सीहोर.** लिसा टॉकीज ग्राउंड स्थित अभिरुचि गरबा महोत्सव-2019 में समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव के फाइनल राउंड में रूपाली सोनी के सरस्वती कत्थक कला केंद्र (गुजराती गरबा) के समूह ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके लिए संस्था द्वारा केंद्र को 11000/-की नकद राशि और शील्ड प्रदान की गई। अभिरुचि परिवार द्वारा दोनों दलों की सुंदर गरबा प्रस्तुति दिलाने पर सरस्वती कत्थक संस्था की संचालिका कोरिओग्राफर रूपाली सोनी का सम्मान भी किया गया।

# पशु बलि का किया विरोध

**भीलवाड़ा.** पशु अधिकारों के लिए कार्यरत राष्ट्रीय संस्था पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने चित्तौड़गढ़ जिले के आकोला के ताणा गांव की पहाड़ी पर चामुंडा माता मंदिर के पास सार्वजनिक रूप से कुछ व्यक्तियों द्वारा पशु की बलि देने के मामले में चित्तौड़गढ़ के पुलिस अधीक्षक को ई-मेल एवं रजिस्टर्ड डाक से प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पशु बलि देने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की है। श्री जाजू ने कहा कि यदि बलि देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो उन्हें मजबूरन 156 (3) सीआरपीसी के तहत न्यायालय में परिवाद दायर करना पड़ेगा।

*जिस मनुष्य के पास*
*'समाधान करने की शक्ति'*
*जितनी ज्यादा होती है,*
*उसके 'रिश्तों की सीमाएं'*
*उतनी ही विशाल होती हैं।*

## महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न






**बैंगलोर.** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल की 30 सितंबर को माहेश्वरी भवन में साधारण सभा आयोजित हुई। इसमें अध्यक्ष सुशीला बागड़ी ने सभी का स्वागत किया। मंत्री श्वेता बियाणी ने तीन वर्षों की गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष शोभा भूतड़ा ने आय-व्यय का ब्योरा पेश किया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस बैठक में सलाहकार समिति के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें कांता काबरा अध्यक्ष व विजयलक्ष्मी सचिव चुनी गईं।

## समाज के कार्यसमिति चुनाव सम्पन्न



**लखनऊ.** स्थानीय माहेश्वरी समाज की कार्यसमिति के चुनाव गत 2 अक्टूबर को संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी प्रदीप झंवर व विष्णुकांत माहेश्वरी ने बताया कि इसमें अध्यक्ष शरद लाहोटी, उपाध्यक्ष गोविंद भराड़िया व विजयप्रकाश गुप्ता, मंत्री निखिल माहेश्वरी, अर्थ मंत्री पंकज तोषनीवाल, संगठन मंत्री डॉ. कृष्णकुमार माहश्वेरी, प्रचार मंत्री गौरव माहेश्वरी, संयुक्त मंत्री निर्भयप्रकाश माहेश्वरी व गिरधर गोपाल लोया चुने गए। इनके साथ ही कार्यसमिति सदस्यों का चयन भी हुआ।

## पान मसाला पर रोक का स्वागत

**भीलवाड़ा.** राजस्थान सरकार द्वारा हाल ही में राजस्थान प्रदेश में पान मसाला व सुगंधित सुपारी के उत्पादन, प्रदर्शन एवं बिक्री को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के ऐतिहासिक निर्णय की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर सराहना पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने की। उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। श्री जाजू ने बताया कि इससे प्लास्टिक पाउच का कचरा, जो सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता है व वर्षाजल को जमीन में जाने से रोकता है, वह अब सड़कों पर कम होगा। पान मसाला को सड़कों पर थूकने से दीवारें व सड़कें खराब होने से भी निजात मिलेगी। कैंसर जैसे असाध्य रोगों में भी कमी आएगी। श्री जाजू ने उक्त निर्णय को कठोरता से लागू करने की मांग की है।

## जिला महिला संगठन का पुनर्गठन


राधा असावा


हेमलता मोहता


दीपाली सोमानी

**उज्जैन.** उज्जैन जिला महिला संगठन के षष्ठम सत्र वर्ष 2019-22 के पदाधिकारियों का चयन सर्वानुमति से पर्यवेक्षक अभा महिला सेवा ट्रस्ट की सचिव ललिता मालपानी इंदौर, चुनाव अधिकारी रुक्मणी भूतड़ा उज्जैन एवं प.म. प्रदेश महिला संगठन की सचिव वीणा सोमानी एवं जिलाध्यक्ष कृष्णा जाजू की अध्यक्षता में हुए। इसमें अध्यक्ष राधा असावा खाचरौद, सचिव हेमलता मोहता नागदा, कोषाध्यक्ष दीपाली सोमानी उज्जैन, संगठन मंत्री मनीषा राठी उज्जैन, प्रचार मंत्री दीपा राठी महिदपुर, उपाध्यक्ष तारा मोहता नागदा, किरण डोडिया तराना, किरण झंवर महिदपुर, जया बिंझानी खाचरौद, सहसचिव नमिता तोषनीवाल खाचरौद, ज्योति पलोड़ तराना, रेखा परवाल बड़नगर, ज्योति मोहता नागदा सर्वानुमति से चुनी गईं। उक्त जानकारी जिला सचिव हेमलता मोहता ने दी।

## प्रभुश्री वेंकटेशजी का जयंती उत्सव



**इंदौर.** दूध-दही-शहद की सहस्त्रधारा के साथ स्तोत्र पाठ का मधुर वाचन तथा भक्तों द्वारा गोविंदा-गोविंदा के जयघोष के साथ श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान में प्रभुश्री वेंकटेश जी का जयंती महोत्सव मनाया गया। पंचामृत महाभिषेक दूध, दही, घी, शकर, शहद, इत्र व सभी सुगंधित द्रव्य पदार्थों व फलों के रस की सहस्त्रधारा से किया गया। रात में गोष्ठी प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। राजेंद्र सोनी, संपतकुमार मानधन्या, पंकज तोतला, रोहित काकाणी, गोविंद झंवर, दीपक सेठिया आदि मौजूद थे। उक्त जानकारी पंकज तोतला ने दी।

*एक बेहतरीन ज़िंदगी जीने के लिए*
*यह स्वीकार करना जरूरी है कि*
*जो कुछ भी हमारे पास है*
*वो ही सबसे अच्छा है ?*

## महेश सेवा संस्थान की बैठक सम्पन्न



**भीलवाड़ा.** 27 सितंबर को आरके एवं आरसी व्यास नगर महेश सेवा संस्था भीलवाड़ा की साधारण सभा की बैठक अध्यक्ष दिलीप लाहोटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों कैलाश कोठारी, केदार जागेटिया, राधेश्याम चेचाणी, अनिल बांगड़, अशोक मूंदड़ा को भी मंचासीन किया गया। बैठक में स्वागत उद्बोधन देते हुए सचिव राजेंद्रकुमार पोरवाल ने संस्था के सभी पूर्व अध्यक्षों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं कहा कि उनके सार्थक प्रयासों से ही भवन आज इस स्थिति में खड़ा है। श्री पोरवाल ने यह भी कहा कि संस्थान का भवन पिछले वर्षों में लगभग 200 दिन से ज्यादा बुक रहा है एवं संस्थान द्वारा यह सामाजिक सरोकार के कार्यों, उठावने हेतु निःशुल्क दिया जाता है। सचिव श्री पोरवाल ने संगठन की भावी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए नए भवन हेतु भूमि क्रय करने, दूसरी मंजिल पर कमरे निर्माण, भोजनशाला के निर्माण एवं वर्तमान के हॉल को एसी हॉल बनाने की योजनाओं के प्रस्ताव रखे जिनका सदन ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।

## राम लेखन कार्यशाला सम्पन्न



**कोलकाता.** बापू की 150वीं वर्षगांठ एंव शास्त्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कविता डागा द्वारा राम लेखन कार्यशाला का आयोजन कोलकाता में किया गया। इस कार्यशाला में 150 बच्चों ने भाग लिया एंव पूर्ण तन्मयता के साथ बापू की तस्वीर राम लेखन द्वारा बनाई।

## युवक-युवती महासम्मेलन का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा.** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी के मुख्य आतिथ्य में अविवाहित माहेश्वरी युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति पश्चिमांचल आरएल नौलखा, पूर्व सभापति पश्चिमांचल देवकरण गग्गड़, भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया, ममता मोदानी राष्ट्रीय उपसभापति पश्चिमांचल महिला संगठन, युवा संगठन अध्यक्ष राजकुमार काल्या, दक्षिणी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष कैलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, जगदीशप्रसाद सोमानी, जिलाध्यक्ष दीनदयाल मारू, राधेश्याम चेचाणी, प्रहलादराय लढा, प्रदेश मंत्री राकेश जेथलिया, केदार जागेटिया आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सम्मेलन की विवरणिका का विमोचन भी किया। जिला मंत्री देवेंद्र सोमानी ने बताया कि भारत वर्ष के 4 राज्यों से माहेश्वरीजन ने सम्मेलन में शिरकत की। सम्मेलन में 217 अविवाहित युवक-युवतियों ने भाग लिया, जिसमें 121 युवतियां, 96 युवक शामिल हुए। मप्र से 28, गुजरात से 10, महाराष्ट्र से 4 व राजस्थान के विभिन्न जिलों भीलवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, हनुमानगढ़, नागौर, बाड़मेर आदि से 175 युवक-युवतियों ने परिचय सम्मेलन सत्र में अपना पूर्ण परिचय स्टेज पर दिया। इनमें 9 दिव्यांग युवक व विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा सहित कुल 14 युवक-युवतियों ने भी भाग लिया।



## महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न



रेखा लड्ढा



उषा भट्टड़

**उज्जैन.** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल के आगामी सत्र हेतु निर्विरोध चुनाव हुए। इसमें सर्वसम्मति से रेखा लड्ढा को अध्यक्ष व उषा भट्टड़ को सचिव चुना गया। उपाध्यक्ष रेखा काबरा व कोषाध्यक्ष पुष्पा कोठारी चुनी गई। उक्त जानकारी प्रचार मंत्री आशा भट्टड़ ने दी। नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

## विज्ञान मंथन यात्रा में लीना चयनित



लीना मालपानी

**रतलाम.** पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की प्रेरणा से स्थापित मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा मप्र से चयनित 125 छात्रों की विज्ञान मंथन यात्रा में रतलाम जिले से एकमात्र चयन छात्रा लीना अशोककुमार मालपानी काटजू नगर का हुआ है। यात्रा का पड़ाव अहमदाबाद (गुज.) रहा। यात्रा अवधि लगभग दस दिवसीय होगी। छात्रों को समस्त सुविधाएं संस्थान ने दी। यात्रा 13 सितंबर को भोपाल से शुरू हुई और 20 अक्टूबर को लौटी।

## शिक्षक दिवस पर राठी बंधुओं का सम्मान



**बीकानेर.** शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए माहेश्वरी समाज के शिक्षकों का सम्मान बीकानेर के स्थानीय विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर किया। बीकानेर के जिला मंत्री रहे नारायणदास दम्माणी की उपस्थिति में बीकानेर माहेश्वरी समाज के शिक्षक राठी बंधुओं का सम्मान स्थानीय नालंदा पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल व लेडी एल्गिन बालिका सीनियर सेकंडरी स्कूल में क्रमशः किया गया। शिक्षण क्षेत्र में पवन राठी (अंग्रेजी व गणित विषय) ने अनेक विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का संबल प्रदान किया है। साथ ही उनके अनुज मनोज राठी ने भी शिक्षा क्षेत्र में विशेषकर गणित के विद्यार्थियों को मार्गदर्शित करके सशक्त बनाने में पूर्ण मनोयोग दिया है। स्थानीय न्यूज चैनल 'बीकानेर अब तक' ने भी राठी बंधुओं का सम्मान किया। सम्मान स्वरूप उन्हें स्मृति चिह्न, अभिनंदन पत्र देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न


मंजू गांधी


रेखा असावा

**उदयपुर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के चुनाव सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष कुंतल तोषनीवाल (प्रदेश सचिव) व चंदा नामधर (प्रदेश उपाध्यक्ष) व चुनाव अधिकारी नीता मूंदड़ा द्वारा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टानी की उपस्थिति में करवाए गए। इसमें जिलाध्यक्ष मंजू गांधी, जिला सचिव रेखा असावा, कोषाध्यक्ष सुमित्रा देवपुरा, संगठन मंत्री मधु मूंदड़ा मनोनीत की गईं।

## महिला मंडल का हुआ गठन

**संगरिया ( हनुमानगढ़ ).** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल का गठन राठी भवन में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सरोज राठी अध्यक्ष, सरला सोमानी उपाध्यक्ष, नीरू सोमानी सचिव, रेणू लखोटिया सहसचिव, कंचन सोमानी कोषाध्यक्ष तथा पायल लखोटिया व प्रीति लखोटिया सांस्कृतिक मंत्री चुनी गईं। इस अवसर पर समाज की कई महिलाएं उपस्थित थीं।

*खुशी इस बात पर*
*निर्भर नहीं करती कि*
*आप कौन हैं*
*या आपके पास क्या है।*
*यह मुख्यतया आपकी सोच पर निर्भर करती है.*

## महिला संगठन के चुनाव सम्पन्न


सुमन सारडा


नम्रता राठी


डॉ. दीप्ति भूतड़ा

**इंदौर.** जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आगामी सत्र हेतु निर्वाचन चुनाव अधिकारी अभा महिला सेवा ट्रस्ट की सचिव ललिता मालपानी, पर्यवेक्षक कांता सोडानी व सहयोगी पद्मा सोडानी द्वारा करवाए गए। इसमें अध्यक्ष सुमन सारडा, सचिव नम्रता राठी, कोषाध्यक्ष अर्चना माहेश्वरी, संगठनमंत्री डिंपल माहेश्वरी, प्रचार मंत्री डॉ. दीप्ति भूतड़ा, उपाध्यक्ष पुष्पा मोलसरिया व दमयंती मणियार, संयुक्त मंत्री मीरा बंग व मधुश्री माहेश्वरी चुनी गईं।

## बजाज व बिसानी सम्मानित







**नागदा.** उत्कृष्ट कार्यों हेतु श्री माहेश्वरी समाज नागदा अध्यक्ष सतीश बजाज एवं सचिव अशोक बिसानी को संपूर्ण उज्जैन जिला सभा में सर्वश्रेष्ठ स्थान मिला एवं जिला सचिव गोपाल मोहता को अध्यक्षीय ट्रॉफी से जिला सभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा (बड़नगर) द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ताराचंद मालपानी, प्रहलाद राठी, डॉ. प्रकाश माहेश्वरी, हृदेश्यकुमार गुप्ता, प्रकाश नवाल, गोविंद मोहता, बंशीलाल राठी, बंशीलाल मालपानी आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## पर्यावरण के लिये मोदानी हुए सम्मानित



**भीलवाड़ा.** पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग करते हुए पिछले 6 वर्षों से प्रतिवर्ष एक लाख पौधे व पांच हजार ट्रीगार्ड भीलवाड़ा जिले के स्कूल, धार्मिक स्थलों, श्मशानों, कब्रिस्तानों, सार्वजनिक स्थलों व आवासगृहों हेतु निःशुल्क वितरण करने पर संगम उद्योग समूह के निदेशक एसएन मोदानी को भारतीय सांस्कृतिक निधि 'इंटेक' एवं जिला प्रशासन आयोजित जल प्रबंधन एवं संरक्षण कार्यशाला में वाटरमैन ऑफ इंडिया मैग्ससे पुरस्कार से सम्मानित राजेंद्र सिंह एवं जिला कलक्टर राजेंद्र भट्ट द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी इंटेक के संयोजक बाबूलाल जाजू ने दी।

## माहेश्वरी महिला विभाग ने किया सिलाई मशीनों का वितरण



**हैदराबाद.** माहेश्वरी समाज हैदराबाद सिकंदराबाद के महिला विभाग द्वारा बेगमबाजार माहेश्वरी भवन में तीन जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गईं। कार्यक्रम में पूजा बूब, मंजू लाहोटी, गीता मालपानी, सुशीला नावंदर, शोभा अट्टल, सावित्री दरक, सरस्वतीबाई मूंदड़ा, प्रेमलता बाहेती, निर्मला बंग, शोभादेवी लाहोटी, उषा राठी, गीता मालपानी आदि सदस्याएं मौजूद थीं।

## नवरात्रि में नौ दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन



**गोंकाक.** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा नवरात्रि में 9 दिन तक रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही 108 हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया।

## महिला मंडल ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान



**उज्जैन.** श्री माहेश्वरी सभा महिला मंडल द्वारा गोलामंडी स्थित माहेश्वरी भवन में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में घर व बाहर सामाजिक उत्तरदायित्वों का कुशल सामंजस्य स्थापित करने वाली शिक्षिका संध्या सारडा एवं प्रीति मंडोवरा का शॉल श्रीफल एवं श्री महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। संध्या अध्यक्ष हेमलता गांधी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता तोतला ने की। संचालन संगीता भूतड़ा ने किया। आभार सीमा परवाल ने माना। इस मौके पर विशेष रूप से सुधा बाहेती, मनोरमा मंडोवरा, पुष्पा मंत्री, शांता मंडोवरा, मनीषा राठी, रुक्मिणी भूतड़ा, उषा मूंदड़ा आदि मौजूद थीं।

## समाजसेवी मुकेश कचोलिया हुए सम्मानित



**इंदौर.** सोया ऑयल प्रोसेसर्स एसोसिएशन 'सोपा' द्वारा शांति ओवरसीज इंदौर के चेयरमैन एवं समाजसेवी मुकेश कचोलिया, डायरेक्टर आयुष एवं रोहन कचोलिया को देश में सबसे अधिक ऑर्गेनिक सोयाबीन मील के प्रोसेसर एवं एक्सपोर्टर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ग्रांड हॉल नक्षत्र गार्डन में इंटरनेशनल सोया सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, संस्था अध्यक्ष डेविस जैन एवं सचिव गिरीश मतलानी ने प्रदान किया।

## छग प्रादेशिक महिला संगठन की बैठक सम्पन्न




**बालोदा.** छत्तीसगढ़ प्रदेश की सप्तम सत्र की चतुर्थ कार्यकारिणी बैठक बालोद माहेश्वरी महिला मंडल के आतिथ्य में गत 24 सितंबर को संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन किरण काबरा द्वारा किया गया। ज्योति राठी, ज्योति मंत्री, श्रीमती पनपालिया द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ज्योति राठी, आशा डोडिया, विट्ठलदास भूतड़ा, राजेश मंत्री, पुष्पा राठी, सरस्वती लोहिया, उषा मोहंता, शशि गट्टानी, अमिता मूंदड़ा, अंजना टावरी, कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष और स्थानीय अध्यक्ष मंचासीन थे। अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदेश अध्यक्ष आशा डोडिया ने देते हुए बीते 3 वर्ष के कार्यकाल की जानकारी दी। सुश्रिता समिति संयोजिका शशि चितलांगिया ने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को मंच पर आमंत्रित किया और उन्हें सम्मानित किया।

## कोजागिरी उत्सव का आयोजन

**अमरावती.** सामाजिक कार्यकर्ता घनश्यामदास कासट द्वारा माहेश्वरी पंचायत के सहयोग से कोजागिरी उत्सव मनाया गया। इसमें शाम 7 से रात 12 बजे तक आर्केस्ट्रा पर गरबा रास व भजन कार्यक्रम रखे गए। खिचड़ी तथा केसर दूध मेवे के साथ प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

*समझदार इंसान से कुछ देर की गयी बातें,*
*सैकड़ों किताबें पढ़ने से बेहतर होती हैं.*

## नवीन सत्र 2019-2020 का शुभारंभ



**अहमदाबाद.** स्थानीय माहेश्वरी युवा संगठन के सत्र 2019-2020 का आगाज 12 अक्टूबर को बोड़कदेव ओड़ा पाटी प्लॉट में हुआ। संगठन मंत्री विशाल लोहिया ने बताया कि अध्यक्ष कौशल थिरानी, मंत्री नीरज सोमानी और कोषाध्यक्ष पुनीत पेड़ीवाल के निर्देशन में कमेटी के सदस्यों ने रजिस्ट्रेशन पर रोटेशन पद्धति से काम किया। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण माहेश्वरी, मुकेश धूत, मयूर पसारी और प्रशांत धूत की अगुवाई में करीब 700 सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन भी किया गया। अध्यक्ष श्री थिरानी ने कार्यक्रम के प्रायोजक खंडेलवाल ग्रुप के दिलीप खंडेलवाल एवं कार्ड के विज्ञापनदाताओं का आभार माना। मंत्री सोमानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## पर्यावरण मंत्री ने भी मुक्तिधाम को सराहा



**भीलवाड़ा.** मुक्तिधाम में ऐसी हरियाली, होटल्स से भी साफ स्नानघर और पुस्तकालय की ऐसी व्यवस्था तो प्रदेश में शायद ही कहीं होगी। यह कहना था भीलवाड़ा पहुंचे राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम विश्नोई का। मंत्री इतने प्रभावित हुए कि भीलवाड़ा को प्रदेश में रोल मॉडल की संज्ञा भी दे दी। इससे पूर्व भीलवाड़ा पहुंचे श्री विश्नोई पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी एवं पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू के कुमुद विहार स्थित आवास गए। यहां जाजू परिवार की ओर से उनका स्वागत किया गया। श्री जाजू ने वन मंत्री को ग्यारह सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। इस पर मंत्री ने जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। कॉलोनी में ही उन्होंने अपने हाथों से कपड़े के थैले भी वितरित किए। मंत्री श्री विश्नोई ने हरणी की पहाड़ी स्थित स्मृति वन का अवलोकन किया और बरगद और गूलर के पौधे भी लगाए। इस दौरान समाजसेवी अमरचंद विश्नोई, एसएन मोदानी, अशोक काबरा सहित कई समाजसेवी, अधिकारी व गणमान्यजन मौजूद थे।


*माता पिता का हाथ पकड़कर रखिए...*
*लोगों के पैर पकड़ने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी ..*

## एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**बीकानेर.** श्री महेश राठी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जस्सूसर गेट के बाहर स्थित माहेश्वरी सदन में श्री प्रीति क्लब व माहेश्वरी सदन के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय निःशुल्क एक्यूप्रेशर पद्धति चिकित्सा शिविर का आयोजन गत 15 से 29 सितंबर तक किया गया। शिविर का शुभारंभ उ.रा. प्रादेशिक सभा अध्यक्ष सोहनलाल गट्टाणी, श्री प्रीति क्लब संरक्षक मगनलाल चांडक, घनश्याम कल्याणी (अध्यक्ष श्री प्रीति क्लब), नृसिंह बिन्नाणी, राधेश्याम राठी (ट्रस्टी सदन) ने किया। सचिव नारायणदास दम्माणी के अनुसार शिविर में विशेष रूप से लकवा, पोलिया, गठिया, दमा, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, माइग्रेन, साइनस, साइटिका आदि असाध्य रोगों का उपचार किया गया। शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चेन्नई के गर्भस्थ शिशु संस्थान समिति के राष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा कार्यकारिणी मंडल सदस्य मोतीचंद बिन्नाणी उपस्थित थे। इस अवसर पर सहभोज कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण बिहाणी, राजेश मोहता, अशोक बागड़ी, गोपीकिशन पेड़ीवाल, नवल राठी, रेखा लोहिया, कामिनी कल्याणी, रमेश करनाणी, पवन राठी, अनिता मोहता, लक्ष्मी दम्माणी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पवन राठी ने किया।

## प्रगति मंडल की नवीन कार्यकारिणी गठित



**मालेगांव.** श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से हुआ। इसमें अध्यक्ष कल्पेश हेड़ा, मानद मंत्री राजेश जखोटिया, संयुक्त मानद मंत्री राजकुमार मूंधड़ा, कोषाध्यक्ष समीर मूंधड़ा, सहकोषाध्यक्ष भागीरथ चांडक, उपाध्यक्ष मधुसूदन काबरा एवं राधेश्याम काला, संगठन मंत्री डॉ. द्वारकादास जाजू, सहसंगठन मंत्री आंनद जाजू, सांस्कृतिक मंत्री महेश मंत्री, जनसंपर्क मंत्री ओमप्रकाश बाहेती, क्रीड़ा मंत्री किशोर जाखोटिया, संचार मंत्री अमित जाजू, प्रचार मंत्री चेतन बिड़ला, सांस्कृतिक मंत्री महेश मारू एवं पूर्व अध्यक्ष आशीष झंवर शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी किया गया।

# साईकिल रैली का किया स्वागत



**बीकानेर.** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा आयोजित साईकिल रैली का बीकानेर पहुंचने पर स्थानीय माहेश्वरी समाज की ओर से माहेश्वरी महिला समिति बीकानेर, गंगाशहर व जयनारायण व्यास कॉलोनी शाखाओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पवन राठी ने बताया कि सभी के लिए अल्पाहार, चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। निशा झंवर (प्रकल्प प्रमुख), कंचन राठी (अध्यक्ष), विभा बिहाणी (बीकानेर समिति), आनंदी लाहोटी (अध्यक्ष), संतोष पेड़ीवाल (जयनारायण व्यास कॉलोनी समिति), हेमपुष्पा करनाणी (अध्यक्ष), शारदा करनाणी (मंत्री, गंगाशहर समिति), रेखा लोहिया, सरला लोहिया आदि प्रमुख रूप उपस्थित थीं।

# नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्याओं को भेंट की सामग्री



**बरेली.** गत 4 अक्टूबर को माहेश्वरी माहिला समिति ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें कॉपी, पेंसिल, फल, खाने का सामान तथा जूस पिलाया। समिति के सदस्यों ने माता के भजन गाए तथा डांडिया करके नवरात्रि का त्योहार आनंदपूर्वक मनाया। अंत में सभी को प्रसाद बांटा गया।

# संस्कृति समागम का हुआ आयोजन



**इंदौर.** संस्था माहेश्वरी संस्कृति की पंचम सभा का आयोजन संस्कृति समागम के रूप में 13 अक्टूबर को सुरुचि गार्डन पर किया गया। इसमें सदस्यों तथा उनके परिजनों सहित कई समाजबंधु एकत्रित हुए।

उक्त जानकारी देते हुए संयोजक मुनीश-किरण मालानी ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथि के रूप में इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश मूंगड़ एवं मंत्री विजय लढा 'बाजा' तथा महिला अध्यक्ष सुमन सारडा उपस्थित थे। इस अवसर पर रंगारंग आकर्षक घूमर नृत्य, राधा-कृष्ण के रूप में प्रस्तुति, फैशन शो के साथ-साथ आकर्षक गरबे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राधाकृष्ण-कल्पना जाखेटिया ने की। प्रभारी का दायित्व शरद-सरला साबू, ललित-मनीषा सोमानी, ज्योतिप्रकाश उषा किरण बसेर तथा प्रसन्ना-विनिशा चांडक ने संभाला।

# समस्या को समझना ही निदान



**वर्धा.** आमतौर पर हम किसी भी समस्या को जरूरत से ज्यादा परेशान होकर सुलझाने का प्रयत्न करते हैं और अपना धैर्य खो बैठते हैं किंतु एकाग्रचित्त से किसी भी समस्या को गहराई से पहले समझने का प्रयास करें तो पता चलता है कि समस्या नाम की कोई समस्या ही नहीं है। उक्त विचार लोक निर्माण विभाग वर्धा के कार्यकारी अभियंता यवतमाल निवासी संजय मंत्री ने माहेश्वरी मंडल, वर्धा द्वारा आयोजित शरद पूर्णिमा उत्सव में प्रमुख अतिथि के रूप में व्यक्त किए। मंच पर उपस्थित राष्ट्रीय संयोजिका नीलिमा मंत्री, यवतमाल ने भी समाजोपयोगी अनेक पहलुओं से उपस्थितों को परिचित कराया। अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश पसारी, हर्षा टावरी, संजय टावरी, अमित टावरी एवं दीपा टावरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता राठी ने किया। आभार गीतेश चांडक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं व स्पर्धाओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# महिला समिति ने की सेवा



**पुरुलिया.** माहेश्वरी महिला समिति (अंतर्गत पश्चिम बंगाल माहेश्वरी महिला संगठन) द्वारा सितंबर और अक्टूबर में विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की गईं। रक्तदान शिविर रखा गया, जिसमें 30 सदस्याओं ने अपना योगदान दिया। इस प्रोजेक्ट की देखरेख कुसुम मल्ल के अंतर्गत हुई। नवरात्रि के अवसर पर कन्याभोज का कार्यक्रम रखा गया। इसमें 150 कन्याओं और 13 भैरव को भोजन कराया और उपहार पैकेट्स और दक्षिणा दी गई। इस प्रोजेक्ट की देख-रेख मेन मोहता ने की। शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गरबा संग भजन का कार्यक्रम रखा गया। इस प्रोजेक्ट की देख-रेख सुस्मिता मल्ल ने की। प्रियंका चांडक का माहेश्वरी डिवाइन मेटॉस में प्रथम रनर अप रहने पर अभिनंदन किया गया। जानकारी संगीता मोहता ने दी।

*क्रोध में उत्तर मत दीजिए*
*और*
*दुःख में निर्णय मत लीजिए ?*

## बुजुर्ग महिलाओं का किया सम्मान



**उज्जैन.** श्री माहेश्वरी सभा महिला मंडल द्वारा गोलामंडी स्थित माहेश्वरी भवन में बुजुर्गों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अंतर्गत समाज की सम्माननीय 86 वर्षीय 2 बुजुर्ग महिला श्रीमती चंद्रकांता (कोमल भूतड़ा की माताजी) एवं श्रीमती शांता (गोविंद मूंदड़ा की माताजी) का शॉल श्रीफल एवं भगवान महाकाल की तस्वीर भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुकमणी भूतड़ा ने की। संचालन उषा सोडानी ने किया। आभार रेखा मंत्री ने माना। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष हेमलता गांधी, सचिव मनोरमा मंडोवरा, शोभा मूंदड़ा, संतोष सोडानी, संध्या हेड़ा, पुष्पा मंत्री, शांता मंडोवरा, ममता बांगड़ आदि मौजूद थीं।

## डॉ. काबरा बने न्यूरो सर्जन



**पिपरिया.** शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी व व्यवसायी स्व. श्री निवास काबरा के पौत्र कमलनयन व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीनारायण काबरा के भतीजे वेणुगोपाल काबरा के पुत्र डॉ. रामानुज एमसीएच न्यूरो सर्जरी की परीक्षा उत्तीर्ण कर न्यूरो सर्जन बने। वर्तमान में गांधी मेडिकल कॉलेज नागपुर में डॉ. रामानुज अपनी सेवाएं देंगे। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

## जाजू स्मारक ट्रस्ट की सहायता बढ़ी

**भीलवाड़ा.** श्रीकृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट द्वारा विधवा महिलाओं एवं असहाय व्यक्तियों को मासिक आर्थिक सहायता दी जाती है। इस ट्रस्ट द्वारा सितंबर 2018 तक 1 हजार रुपए प्रति माह सहायता विधवा महिलाओं को सहायता दी रही थी जिसे बढ़ाकर अक्टूबर 2018 से 1500 व अप्रैल 2019 से 2 हजार रुपए मासिक कर दिया गया है। आज की महंगाई को देखते हुए 2 हजार रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता भी कम प्रतीत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए शिर्डी में संपन्न हुई जाजू ट्रस्ट की बैठक में निर्णय लिए गए। इसके अनुसार 2 हजार प्रति माह की सहायता को बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिया जाएगा। जिन प्रदेश, ट्रस्टी व अन्य संस्थाओं द्वारा 2 हजार रुपए प्रति माह से कम सहायता दी जा रही है, अक्टूबर माह से मार्च तक उन सभी महिलाओं को 2 हजार प्रति माह तक की पूर्ति जाजू ट्रस्ट से कराई जाए। प्रदेश ट्रस्टों व अन्य संस्थाओं से जिन महिलाओं को 3 हजार की सहायता नहीं मिल सकती है। उन्हें भी 1 अक्टूबर से 3 हजार मासिक सहायता मिल जाए, ऐसी व्यवस्था इस ट्रस्ट द्वारा की जाएगी। बैठक में श्याम सोनी, रामपाल सोनी, संदीप काबरा, आरएल काबरा, श्यामसुंदर काबरा, राधाकिशन सोमाणी सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। उक्त जानकारी प्रबंध न्यासी रामपाल सोनी ने दी।

*सज्जनता ऐसी विधा है*
*जो वचन से तो कम*
*किन्तु*
*व्यवहार से अधिक परखी जाती है !!*

## पौधारोपण से मनाया 80वाँ जन्मदिवस



**भीलवाड़ा.** शहर को हरा-भरा करने की कड़ी में शास्त्रीनगर निवासी वयोवृद्ध नानादेवी जागेटिया का 80वां जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया गया। उनके पुत्र एवं शास्त्रीनगर माहेश्वरी सभा के मंत्री संजय जागेटिया ने बताया कि उपस्थित परिवारजनों ने अपने घर के आस-पास 10 पौधे रोपे व उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यक खाद, पानी एवं ट्री गार्ड लगाए। साथ ही इन पौधों को वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया। महासभा के पूर्व सभापति रामपाल सोनी, एसएन मोदानी, विनोद सोडानी, ओंकारमल सोमानी, शिवराज माहेश्वरी, कृष्णगोपाल गगरानी, बिरदीचंद डोडिया, गोपाललाल कासट, जुगलकिशोर शारदा, राजेंद्र तोषनीवाल, अंकुर जागेटिया, हितेश सारडा, सुखेश असावा सहित आस-पड़ोस के परिवार मौजूद थे।

## हरिप्रकाश तोषनीवाल बने अध्यक्ष



**कलबुर्गी ( गुलबर्गा ).** स्थानीय राजस्थानी सेवा संघ के निर्वाचन सर्वसम्मति से हुए। इसमें हरिप्रकाश तोषनीवाल अध्यक्ष चुने गए। पूर्व अध्यक्ष सुरेश मराड़िया ने उन्हें पद का दायित्व सौंपा। श्री तोषनीवाल कार्यकारिणी के शेष पदाधिकारियों का चयन करेंगे।

## राठी बने समाज अध्यक्ष



**आर्णी ( यवतमाल ).** समाजसेवी सुभाष राठी सर्वसम्मति से माहेश्वरी समाज आर्णी तहसील के अध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सुरेश राठी, सचिव प्रदीप राठी, सहसचिव श्याम गगंन, कोषाध्यक्ष प्रदीप काकाणी चुने गए।

## नेशनल टैक्स प्रैक्टिशनर डे का आयोजन




**गुलबर्गा.** कर्नाटक राज्य टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन द्वारा स्थापना दिवस के साथ राष्ट्रीय टैक्स प्रैक्टिशनर डे मनाया गया। इसका उद्घाटन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने किया। इसमें ख्यात टैक्स प्रैक्टिशनर दीपक बल्दवा भी शामिल हुए।

## भारती बाहेती अध्यक्ष रीना डाड सचिव



**भीलवाड़ा.** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान के चुनाव संपन्न हुए। इसमें सर्वसम्मति से भारती बाहेती को अध्यक्ष व रीना डाड को सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिला अजमेरा, जिला मंत्री सीमा कोगटा, नगर अध्यक्ष गायत्री मूंदड़ा, नगर मंत्री वीणा मोदी, मधु जाजू, अनु मोदी, सोनल महेश्वरी, विनीता तोषनीवाल, अंजू सोमानी, निशा सोनी, सुमन सोनी, संध्या आगीवाल, शशि अजमेरा, चेतना जागेटिया, वंदना गुप्ता, मीना तोषनीवाल, मधु देवपुरा, स्नेहलता तोषनीवाल, उर्मिला अजमेरा सहित सभी क्षेत्रीय सभाओं की अध्यक्ष, सचिव व कार्यकारिणी सदस्याएं मौजूद थे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भीलवाड़ा.** शास्त्रीनगर माहेश्वरी सभा एवं गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वावधान में शास्त्रीनगर भवन में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें 4 सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर से परामर्श देने आए। महावीर समदानी ने बताया कि 240 रोगियों को किडनी, कैंसर, श्वास अस्थमा, पुरानी खांसी, एलर्जी, चर्म व यौन रोग आदि बीमारियों के लिए परामर्श देकर उनकी डायबिटीज व बीपी की जांच की गई। सभा अध्यक्ष फतेहलाल जेथलिया व सचिव संजय जागेटिया ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व सभापति रामपाल सोनी, समाजसेवी उदयलाल समदानी, रतनलाल नौलखा, लादूलाल बांगड़, श्रीगोपाल राठी, केजी तोषनीवाल, राधेश्याम चेचानी, राधेश्याम सोमानी, देवकरण गग्गर, दीनदयाल मारू, देवेंद्र सोमानी, केदारमल जागेटिया, ममता मोदानी आदि ने शिविर का शुभारंभ किया व शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में उपलब्ध दवाइयां सभी रोगियों को निःशुल्क दी गईं।

## क्षेत्रीय सभा के चुनाव सम्पन्न

**भीलवाड़ा.** बसंत विहार गांधीनगर माहेश्वरी क्षेत्रीय सभा के चुनाव कांचीपुरम् कम्युनिटी हाल में चुनाव अधिकारी सुरेश जाजू, किशन पोरवाल, अनिला अजमेरा, सीमा कोगटा के सान्निध्य में संपन्न हुए। अध्यक्ष शांतिलाल अजमेरा व उपाध्यक्ष महेशकुमार जाजू, रामकुमार जी, सचिव विनय माहेश्वरी (मूंधड़ा), कोषाध्यक्ष ललित काबरा, सहसचिव कुलदीप अजमेरा, संगठन मंत्री पवन मंत्री चुने गए। जिला व नगर प्रतिनिधि का भी चयन हुआ।

*मुझे खाक करने को*
*कुछ लोगों ने खूब लगाई*
*आग..*
*मैं खरा सोना था,*
*हर आँच से निखरता गया..*

## जिला महिला मंडल के चुनाव सम्पन्न



**पिपरिया/शोभापुर.** होशंगाबाद हरदा जिला माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से शोभापुर महिला मंडल इकाई के आतिथ्य में संपन्न हुए। समाज की 101 वर्षीय श्रीमती सूरजदेवी बाहेती की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के बाद चुनाव कार्यक्रम शुरू हुआ। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में अध्यक्ष आशा मालपानी पिपरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगीता जावंधिया बनखेड़ी, सचिव गोपी तोषनीवाल हरदा, कोषाध्यक्ष रुचि बाहेती शोभापुर, संगठन मंत्री सरोज डागा इटारसी, सहसचिव सरला माहेश्वरी बाबई, सांस्कृति मंत्री मधु छापरवाल सिराली, भावना डागरा बनखेड़ी, प्रीति, पिपरिया बनाई गईं।

## योगाचार्य गोपाल मूंदड़ा नृत्य से योग प्रशिक्षण

**चंद्रपुर.** योगाचार्य गोपाल मूंदड़ा नृत्य के माध्यम से योगासन प्रशिक्षण निःशुल्क देते हैं। चंद्रपुर के आजाद मैदान पर सुबह 7 से 7.30 बजे तथा सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक वे नृत्य करते हुए योग, प्राणायाम व ध्यान का प्रशिक्षण देते हैं। विदर्भ में नागपुर, अकोला, यवतमाल, अमरावती में उनके निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं।

## जिला संगठन के चुनाव सम्पन्न



**भंडारा.** जिला माहेश्वरी संगठन की चुनावी सभा पर्यवेक्षक मधुसूदन सारडा, चुनाव अधिकारी राधाकिशन झंवर तथा सहायक चुनाव अधिकारी श्रीपाल चांडक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। सर्वानुमति से अध्यक्ष महेश सारडा भंडारा, उपाध्यक्ष मूलचंद कलंत्री लाखुंदर, सचिव दिलीप राठी भंडारा, सहसचिव दीपक गांधी कोंटा, कोषाध्यक्ष संतोष असावा भंडारा, प्रचार मंत्री दामोधर सारडा भंडारा, अभा माहेश्वरी महासभा जिला प्रतिनिधि अनिल सूरजन तुमसर तथा विदर्भ प्रादेशिक महासभा जिला प्रतिनिधि पुरुषोत्तम सारडा भंडारा चुने गए।

## कोजागिरी दशहरा उत्सव का आयोजन

**अमरावती.** स्थानीय माहेश्वरी वरिष्ठ नागरिक सभा द्वारा जाफरजीन प्लाट स्थित रोटरी क्लब में कोजागिरी उत्सव व दशहरा मिलन का आयोजन किया गया। माहेश्वरी वरिष्ठ नागरिक के अध्यक्ष डॉ. सूर्यप्रकाश मालानी, सचिव शंकर भूतड़ा, महिला सदस्य रजनी मनिहार तथा डॉ. हरगोविंद भट्टड़ बतौर अतिथि मंचासीन थे। केसर युक्त मसाला दूध का नंदकिशोर कलंत्री ने वितरण किया।


*दर्पण में मुख और संसार में सुख होता नहीं है,*
*बस दिखाई देता है।*

# गरबे से की माँ ''शक्ति'' की आराधना

**समाज के विभिन संगठनों ने भी नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत गरबे का आयोजन किया। इनमें समाज की महिलाओं व युवक-युवतियों ने अपने कला-कौशल का जमकर प्रदर्शन किया। इन्हें समाज संगठन ही नहीं, बल्कि कई आयोजकों ने सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।**



**देवास.** वैश्य सम्मेलन देवास द्वारा जिलाध्यक्ष अशोक सोमानी के नेतृत्व में तीन दिवसीय पारिवारिक गरबों का शुभारंभ दृष्टिहीन कन्या केंद्र के संस्थापक बलजीतसिंह सलूजा, अध्यक्ष राजेंद्र मूंदड़ा, राधेश्याम सोनी, जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष संजय कटारिया, गिरीश जैन, गगन लाठी, शिव संघवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। महिला मंडल जिलाध्यक्ष मंजुबाला एवं युवा संगठन जिलाध्यक्ष गौरव खंडेलवाल ने बताया कि प्रथम दिवस दृष्टिहीन कन्या केंद्र की बालिकाओं ने सुंदर प्रस्तुति दी। पारिवारिक गरबों में महिला एकल, युगल एवं ओपन गरबों में देररात तक वैश्यबंधु नृत्य करते रहे। महिला जिला प्रभारी दुर्गा पोरवाल, महिला जिला महामंत्री आयुषी गुप्ता, नगर महिला अध्यक्ष सुषमा गुप्ता, महामंत्री माधुरी पोरवाल, नगर अध्यक्ष विजय विजयवर्गीय आदि व्यवस्था में लगे रहे। उक्त जानकारी उपाध्यक्ष पवन गोयल ने दी।



**रायपुर.** माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर द्वारा नवरात्रि पर 'आओ रास गरबा खेलें' रंगारंग कार्यक्रम खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम की संयोजिका नंदा भट्टर, शशि बंग, कविता दम्मानी थीं। अध्यक्ष संगीता चांडक व सचिव प्रगति कोठारी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में चार चांद लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मध्यांचल उपाध्यक्ष ज्योति राठी, मधुलिका नथानी, सुनीता लड्ढा, रमा मल, भावना मरदा, रेखा करवा, नीता लाखोटिया, मधु राठी, कल्पना राठी, विनीता जाजू आदि सभी कार्यकारिणी सदस्याओं का सहयोग मिला।





**जैसलमेर.** भट्टड़ भाईपा की कुलदेवी विशु माताजी का भव्य मंदिर व धर्मशाला राजस्थान के जैसलमेर शहर में हैं। हर साल की भांति इस वर्ष भी पूरे भारत वर्ष से भट्टड़ खांप के काफी सदस्यों ने यहां आयोजित नवरात्रि उत्सव में भाग लिया। सुबह-शाम पूजा-पाठ, हवन यज्ञ का आयोजन विद्वान पंडितों की उपस्थिति में किया गया। बाहर से आने वाले सभी श्रद्धालु के रुकने चाय, नाश्ता व दोनों टाइम भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। महिला शक्ति और युवा शक्ति ने गरबा डांडिया नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन गणेशमल सुदा व दीनदयाल भट्टड़ तथा उनकी पूरी टीम ने किया। उक्त जानकारी उपाध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने दी।



**देवास.** मोढ़ गुजराती समाज एवं वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में मोढ़ परिसर में गरबे खेलकर शरदोत्सव मनाया गया। मोढ़ समाज के अध्यक्ष दामोदर गुप्ता, वैश्य समाज जिलाध्यक्ष अशोक सोमानी, अशोक गुप्ता, मनोहर महाजन, विजय विजयवर्गीय, महेंद्र बाकलीवाल, गौरव गुप्ता, आलोक मंगल, विजय गोयल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राकेश गुप्ता एवं पीयूष पोरवाल ने बताया कि गरबे के पश्चात खीर प्रसादी का वितरण किया गया। कोरियोग्राफर डाली सोनी एवं पूजा साहू का सम्मान जीवन बेन गुप्ता एवं महिला संगठन द्वारा वैश्य दुपट्टे पहनाकर किया गया।

*अपनी तुलना कभी*
*दूसरों से मत करो...*
*क्योंकि*
*हर फूल की*
*खुशबू और कीमत अलग ही होती है...*

## कन्या पूजन का किया आयोजन



**एरंडोल.** तहसील माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से खड़के सिम के ग्रामीण स्कूल में महानवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इसमें 150 कन्याओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं को एक नोटबुक, एक पेन और एक राजगीरा लड्डू का पैकेट दिया गया। 75 लड़के भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में तालुकाध्यक्षा मीना मानुधने और सचिव विद्या काबरा भी मौजूद थीं। स्कूल प्राचार्य ने इस प्रयास की बहुत प्रशंसा की। स्कूल के प्रिंसिपल को ये प्रोजेक्ट बहुत पसंद आया।

## गरबा एवं रावण दहन का आयोजन



**छापरी.** महेश प्रगति संस्थान द्वारा संचालित महेश पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा गरबा एवं रावण दहन का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित समस्त सदस्यों ने बुराइयों को कागज पर लिखकर रावण के साथ खत्म करने का संकल्प लिया। समिति के संरक्षक गोपाल राठी, अध्यक्ष सत्यनारायण डाड, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राधाकिशन सोमानी, सुशील मारोठिया, कंवरलाल पोरवाल, हरिनारायण मोदानी, जगदीशप्रसाद सोमानी, बद्रीलाल लड्ढा, गणेश काबरा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों को भेंट किया राशन



**बीकानेर.** दीपावली के पावन पर्व पर श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र द्वारा दीपावली से पूर्व स्थानीय जस्सूसर गेट के अंदर श्रीकृष्ण अन्न क्षेत्र प्रांगण में 200 परिवारों को रसोई का राशन सामान व अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध करवाया गया। संयोजक मगनलाल चांडक ने बताया कि इस अवसर पर कोलकाता निवासी जीवनलाल बाहेती परिवार की ओर से संजय बाहेती ने दीपावली के लिए लापसी का सामान उपलब्ध करवाया। वहीं बीकानेर व्यापार मंडल के अध्यक्ष जुगल राठी की माता कमलादेवी राठी ने उपस्थित पारिवारिक सदस्यों को दीपावली की मिठाई का भी वितरण किया। जुगल राठी, संजय बाहेती, रामरतन धारणिया, गोपाल कोठारी, घनश्याम कल्याणी, अशोक बागड़ी, अनिल चांडक, नारायणदास डागा, सुशील मूंधड़, आनंद चांडक, रमेश मूंधड़ा आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।









किसी को गिराकर
तुम
अपनी हस्ती
बना रहे हो
अपनी पहचान
तो देखो
कितनी सस्ती
बना रहे हो.

# नगर की क्षेत्रीय सभाओं के चुनाव एक ही दिन में संपन्न

## 2 जगह हुआ मतदानए शेष में निर्विरोध चयन



**भीलवाड़ा.** श्रीनगर माहेश्वरी सभा की समस्त 15 क्षेत्रीय सभाओं के चुनाव गत 13 अक्टूबर को मुख्य चुनाव अधिकारी रोशनलाल तोतला एवं उनकी लगभग 150 व्यक्तियों की टीम द्वारा संपन्न करवाए गए। इसके लिए महिला संगठन, युवा संगठन व पूरे जिले से समाजजनों का सहयोग लिया गया। सांगानेर एवं तिलक नगर क्षेत्रीय सभा में चुनाव हुए बाकी सभी जगह निर्विरोध चयन हुआ।

आरके एवं आरसी व्यास में नारायणलाल लड्ढा अध्यक्ष, कमलेश लाठी मंत्री, संजय कॉलोनी में प्रहलाद नवाल अध्यक्ष, कैलाशचंद्र मूंदड़ा मंत्री, शास्त्री नगर में संजय जागेटिया अध्यक्ष, राजेंद्र तोषनीवाल मंत्री, पुराना शहर में कैलाशचंद्र बाहेती अध्यक्ष, सत्यनारायण तोतला मंत्री, भोपालगंज में अनिल झंवर अध्यक्ष, दिनेश जागेटिया मंत्री, विजयसिंह पथिकनगर में बनवारीलाल सोमानी अध्यक्ष, ओमप्रकाश काबरा मंत्री, आजादनगर में आजाद अजमेरा अध्यक्ष, कैलाश सोमानी मंत्री, सुभाषनगर में कैलाशचंद्र सामरिया अध्यक्ष, राजेंद्र राठी मंत्री, तिलकनगर जगदीश कास्ट अध्यक्ष, सुनील सोमानी मंत्री, बसंत विहार गांधीनगर में शांतिलाल अजमेरा अध्यक्ष, विनय माहेश्वरी मंत्री, चंद्रशेखर आजाद नगर में रमेश जागेटिया अध्यक्ष, दिनेश हेड़ा मंत्री, काशीपुरी वकील कॉलोनी में अशोक बाहेती अध्यक्ष, ओमप्रकाश काबरा मंत्री, सांगानेर में कृष्णगोपाल कोठारी अध्यक्ष, सागर आगाल मंत्री, पुर में रतनलाल पलौड़ अध्यक्ष, मुकेश पलौड़ मंत्री, बापू नगर में दिनेश पेरीवाल अध्यक्ष, गोपाल जागेटिया मंत्री निर्वाचित किए गए। सभी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार भी किया।

# जिला सभा के चुनाव संपन्न





**देवास.** जिला माहेश्वरी सभा के वर्ष 2019-22 के निर्वाचन प्रादेशिक महासभा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक रूपेश भूतड़ा की उपस्थिति में हुए। इसमें अध्यक्ष कैलाशचंद्र डागा देवास, उपाध्यक्ष नंदकिशोर काबरा कन्नौद व पुरुषोत्तम तापड़िया, डोकाकाई, मंत्री प्रकाशचंद्र मंत्री भौरासा, संयुक्त मंत्री शिवप्रसाद माहेश्वरी देवास व संगठन मंत्री दामोदर हुरकट कन्नौद चुने गए। पश्चिमांचल प्रदेश प्रतिनिधि राजेश धूत कन्नौद, द्वारका मंत्री देवास, राजेशकुमार होलानी कांटाफोड़, मुरलीधर मानधन्या देवास, सुरेशचंद्र राठी सतवास, मनोज तापड़िया लोहारदा व अनिल झंवर देवास चुने गए। अभा महासभा में प्रतिनिधि राजेंद्र ईनानी बागली चुने गए। जिला कार्यसमिति सदस्यों का भी निर्वाचन हुआ।

*ग़ुरूर किस बात का करें...?*
*मरने के बाद...*
*अपने भी छूकर, हाथ धोएंगे...!!!*




# युवा एवं महिला संगठन द्वारा नवरात्रि पर गरबा का आयोजन

## 11000 कन्याओं को करवाया भोज





**भीलवाड़ा.** इस बार भी नवरात्रि उत्सव में माहेश्वरी संगठनों की विशेष भागीदारी रही। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर भीलवाड़ा के युवा संगठन, महिला संगठन व बचत समितियों द्वारा गरबा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दूसरी ओर महेश ब्रिगेड एवं जूनावास युवा संगठन ने 11000 कन्याओं को भोजन करवाया।

विजयसिंह पथिक नगर युवा संगठन द्वारा गरबा कार्यक्रम 2 व 3 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इसमें सभी सदस्यों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम में ओपन राउंड रखे गए। सभी राउंड में तीन प्रतिभाशाली का चयन किया गया एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, महिला मंडल, युवा संगठन सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। युवा संगठन के अध्यक्ष कृष्णगोपाल मालू व सचिव पुरुषोत्तम बसेर ने सभी विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए 1000 कपड़े के थैले का वितरण किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या द्वारा किया गया। मनोज मोदी, शिव मूंदड़ा, प्रकाश गंदोड़िया, अभिषेक न्याति, मुकेश पोरवाल, अमित तोषनीवाल आदि का सहयोग रहा।

माहेश्वरी युवा संगठन सांगानेर द्वारा स्थानीय महेश भवन में तीन दिवसीय नवरात्रा उत्सव आयोजित किया गया। युवा संगठन अध्यक्ष मुकेश कोठारी ने बताया कि महिलाएं सज-धजकर रंग-बिरंगे परिधान पहनकर पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं में विजेता रहे प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किया। युवा संगठन मंत्री अरविंद कोठारी ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार काल्या उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांगानेर के अध्यक्ष कृष्णगोपाल कोठारी ने की। विशेष अतिथि कैलाश कोठारी, दीनदयाल मारू, देवेंद्र सोमानी, केदार जागेटिया, केदार गगरानी, सुरेश कचोलिया, मधु जाजू, अनिला अजमेरा, सीमा कोगटा, जगदीश लढा, हरीश पोरवाल, अनुराग कोठारी, कमल भदादा आदि थे। नगर उपाध्यक्ष अनिल भदादा ने बताया कि कार्यक्रम को महेश आगाल, रामगोपाल कोठारी, रोशन डाड, महेश कोठारी का विशेष सान्निध्य मिला। कार्यक्रम में संगठन सदस्य संदीप आगाल, सुशील भदादा, आशीष काबरा, दिनेश आगाल, आशीष कोठारी, दीपक आगाल, प्रितेश जैथलिया, अतुल कोठारी, हेमंत भदादा, प्रकाश कोठारी, मनोज भदादा, राहुल कोठारी, शुभम आगाल का विशेष सहयोग रहा।

महेश बचत एवं साख समिति द्वारा चार दिवसीय फैमिली गरबा डांडिया रास का आयोजन रामस्नेही वाटिका में किया गया। उत्कृष्ट गरबा करने वालों को समिति द्वारा इनाम दिए गए। अंतिम दिन सभी क्षेत्रीय महिला संगठन की टीमों के मध्य गरबा प्रतियोगिता हुई। प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये आरकेआरसी माहेश्वरी महिला मंडल, द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपये पुराना शहर माहेश्वरी महिला मंडल व तृतीय पुरस्कार 7000 रुपये बापू नगर माहेश्वरी महिला मंडल व प्रत्येक टीम को 2100 रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया गया। 4 सिल्वर कॉइन बेस्ट परफॉर्मर हर टीम को दिए गए। शास्त्री नगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा गरबा का आयोजन 4 से 6 अक्टूबर तक माहेश्वरी भवन में किया गया। कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र असावा, अनीता सोनी, रौनक बंग, खुशबू मूंदड़ा ने बताया कि विशेष थीम पर गरबा नृत्य किया गया। प्रोफेशनल टीम गरबा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कृष्णगोपाल पोरवाल, सुशील मरोठिया, हरिनारायण मोदानी, संजय जागेटिया, राजेंद्र तोषनीवाल, प्रियंका सोमानी, दीपक समदानी आदि का सहयोग रहा।


Umesh Chandak
93271 18440, 93771 98631

Shakti Textile

Wholesale Fancy Dress Material
Of Suit Dupatta

A-3055, 2nd Floor, Radha Krishna Textiles Market, Surat (Guj.)

Dinesh Chandak
93749 98631

Shri Dharti Fab India

Wholesale Heavy Embroidery
Dupatta, Stoll, Blouse



Ring Road, Surat (Guj.)

# जिला समाज के चुनाव संपन्न



**आगर-मालवा.** शाजापुर व आगर जिला माहेश्वरी समाज की जिला कार्यकारिणी का चुनाव गत 20 अक्टूबर को हुआ। इसमें जिलाध्यक्ष अशोक सोमानी शुजालपुर उपाध्यक्ष कमल माहेश्वरी शाजापुर, सचिव हरीश डांगरा मोहन बड़ोदिया, दामोदर चांडक पोलायकलां, कोषाध्यक्ष महेंद्र माहेश्वरी आगर-मालवा, संयुक्त सचिव सचिन सोडाणी आगर-मालवा, हरीश केला मोहन बड़ोदिया, संगठन मंत्री रघुनंदन पलौड़ आगर, प्रचार मंत्री श्रीकांत गिलड़ा आगर निर्विरोध चुने गए। महासभा प्रतिनिधि के रूप में अजय राठी अकोदिया, प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि के रूप में विनय मालानी आगर, महेश माहेश्वरी आगर, चतुर्भुज माहेश्वरी नलखेड़ा, वल्लभ चांडक शाजापुर, संजय केला मोहन बड़ोदिया, माधव धूत अकोदिया चुने गए।


।।श्री।।

।। ज्ञानम् विज्ञान सहितम् ।।

स्थापना वर्ष १९६९ फोन नं. २५७५११०

**श्री. ब्रजलाल बियाणी शिक्षा समिती**



अँड. अशोक राठी अध्यक्ष



सत्र २०१२-१३ मे धार्मिक (हिंदी) अल्पसंख्यांक दर्जा प्राप्त
बियाणी शैक्षणिक परिसर, शिलांगण रोड, अमरावती - ४४४६०५



राजेंद्रकुमार नावंदर सचिव

संचालित संस्थाएं

ब्रजलाल बियाणी विज्ञान महाविद्याल (वरीष्ठ महाविद्यालय)
(बी.एस्सी., बीसीए, बीबीए., बी.कॉम., एम.कॉम., बठ.व्होक.)
एम.एस्सी, केमेस्ट्री, बॉटनी, इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित, कॉम्प्युटर सायंस
ब्रजलाल बियाणी विज्ञान महाविद्यालय (कनिष्ठ महाविद्यालय)
(विज्ञान शाखा एवम् वाणिज्य शाखा
नारायणदास लड्ढा हायस्कुल, अमरावती
(सेमी अंग्रेजी)
सावित्रीदेवी बियाणी विद्या मंदिर, अमरावती
(हिंदी बालमंदिर)
भंवरीलाल सामरा इंग्लिश हायस्कुल, अमरावती
(अंग्रेजी माध्यम)
मोहनलाल सामरा मॉन्टेसरी एवम् प्राथमिक शाला, अमरावती
(अंग्रेजी माध्यम)

**सदस्यों द्वारा प्रायोजित मेधावी छात्रों को पारितोषिक**

सचिव-राजेंद्रकुमार नावंदर अध्यक्ष-अँड. अशोक राठी सहसचिव-सुनिलकुमार गोयनका उपाध्यक्ष-ओमप्रकाश लड्ढा, विनोदकुमार सामरा कोषाध्यक्ष-देवदत्त शर्मा कार्यकारिणी समिती सदस्य- प्रकल्प राठी, अँड. राजेश राठी, सुनिल लड्ढा, अशोक अग्रवाल, विजयकुमार करवा, संजयकुमार ककरानिया, दीपक कासट, आदित्यराज गगलानी, ओमप्रकाश नवंदर, प्रशांत अग्रवाल, प्रशांत राठी


# महासभा सभापति का स्वागत



**नागदा.** स्थानीय समाजजनों द्वारा अभा माहेश्वरी महासभा के सभापति श्यामसुंदर सोनी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय काबरा एवं माहेश्वरी टाइम्स के प्रधान संपादक पुष्कर बाहेती का नागदा स्टेशन पर स्वागत किया गया। जानकारी घनश्याम राठी व विपिन मोहता द्वारा ने दी।

# जिला सभा का चुनाव संपन्न



**साजा.** दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के कार्यकाल के अंतिम दिवस पर नए चुनाव सर्वसम्मति से करवाए गए। इसमें दुर्ग निवासी नरेंद्र राठी अध्यक्ष एवं अभय माहेश्वरी महामंत्री चुने गए। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता अभियान सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन यूज नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन दुर्ग जिला माहेश्वरी सभा के महामंत्री जगदीश चांडक ने किया। आभार राणा भूतड़ा ने माना।




**Navneet Lakhotiya**
B.Arch. AIIA, MICA Architect

Purva Consultancy

Akola Road, Akot - 444101
Mo. : 9822225172
Tel. (O) 222572, 224172
Opp/ Birla Gate, Ramdaspeth, Akola

## महेश बैंक का कार्पोरेट कार्यालय लोकार्पित



**हैदराबाद.** बंजारा हिल्स में रोड नंबर 12 स्थित महेश बैंक के नवनिर्मित स्टेट ऑफ दी आर्ट कार्पोरेट कार्यालय का उद्‌घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के करकमलों से हुआ। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री जी. किशन रेड्डी, राज्य के गृहमंत्री मोहम्मद महमूद अली, कृषि मंत्री एस. निरंजन रेड्डी, आरबीआई के क्षेत्री निदेशक सुब्रतदास, महेश बैंक के चेयरमैन पुरुषोत्तमदास मानधना, चेयरमैन इमीरेट्स रमेशकुमार बंग, वाइस चेयरमैन रामपाल अट्टल, प्रबंध निदेशक व सीईओ उमेशचंद असावा, बैंक के निदेशक बृजमोहन असावा, चैनसुख काबरा, कमलनारायण राठी, कृष्णचंद बंग, लक्ष्मीनारायण राठी, नंदकिशोर हेड़ा, ओमप्रकाश जाखोटिया, पुष्पा बूब, रामप्रकाश भंडारी, श्रीगोपाल बंग, श्रीकांत इनानी, श्रीनिवास असावा, सीए किशनगोपाल मनियार, सीएस सुमन हेड़ा आदि कई गणमान्यजन मौजूद थे।

## शरद पूर्णिमा पर ली पद की शपथ



**बिलासपुर.** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा शरद पूर्णिमा उत्सव के साथ बिलासपुर जिलाध्यक्ष एवं सचिव का शपथ ग्रहण कार्यक्रम 19 अक्टूबर को आयोजित किया गया। सचिव छत्तीसगढ़ महिला मंडल शशि गट्टानी ने अध्यक्ष शोभा जी डागा व सचिव सुषमा माहेश्वरी कोरबा को शपथ दिलवाई। कृष्ण जन्म से रासलीला तक का मंचन भी किया गया। महारास एवं डांडिया का भी आयोजन था। मंडल की अध्यक्ष सरिता मूंदड़ा ने सभी का आभार प्रकट किया। सचिव मीना सोमानी ने शरद पूर्णिमा का महत्व बताया।

## जिला सभा के चुनाव संपन्न



**भीलवाड़ा.** जिला माहेश्वरी सभा के सत्र 2019-2022 के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन 20 गत अक्टूबर को मांडल माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। अध्यक्ष दीनदयाल मारू शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गट्टाणी भीलवाड़ा, उपाध्यक्ष राजेश बाहेती भीलवाड़ा, कमल बांगड़ जहाजपुर, मंत्री देवेंद्र सोमाणी भीलवाड़ा, कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र राठी भीलवाड़ा, संगठन मंत्री सत्यनारायण मंडोवरा मांडल, संयुक्त मंत्री राजेंद्र भदादा भीलवाड़ा, महेंद्र काकाणी भीलवाड़ा, मुरलीमनोहर गट्टानी मांडलगढ़ चुने गए। निर्वाचन प्रक्रिया केंद्रीय चुनाव समिति के पर्यवेक्षक राधेश्याम सोमाणी, मुख्य चुनाव अधिकारी रोशनलाल तोतला व प्रदेश के पर्यवेक्षक मुकेश गग्गड़ के सान्निध्य में संपन्न हुई।

## संगीतमय भागवत कथा का आयोजन



**रिसड़ा.** सत्संग महिला मंडल रिसड़ा की ओर से संगीतमय भागवत कथा का आयोजन जयपुर से पधारी बल्लभीराज राजेश्वरी चितलांगिया (माहेश्वरी) मौसरामजी के मुखारविंद से माहेश्वरी भवन में हुआ। कथा को सफल बनाने में श्यामलता कांकाणी, अन्नपूर्णादेवी काबरा, शकुंतला देवी आसावा, कलावतीदेवी सोमानी, जशोदादेवी मंत्री के साथ सत्संग महिला मंडल की समस्त सदस्याओं का सहयोग रहा।

*साफ दामन का दौर तो कबका खत्म हुआ साहब ...*
*अब तो लोग अपने धब्बों पर गुरूर करने लगे हैं.*

लखानी परिवार,
मलकापुर

इंडियनऑयल
Trust of Generations

रचना गॅस ॲन्ड अप्लायसेंस

ईण्डेन डिस्ट्रब्युटर, लखानी इस्टेट, नांदुरा रोड, मलकापुर-443101
फोन (07267)222025, 222525

# दो देशों के लिए हुआ उड़ान का आयोजन



**इंदौर.** संस्था माहेश्वरी संस्कृति द्वारा नेपाल, भूटान, दार्जिलिंग, सिलीगुड़ी यात्रा का आयोजन उड़ान 2019 के अंतर्गत किया गया। 20 से 29 सितंबर के दौरान आयोजित यात्रा 20 सितंबर को प्रारंभ होकर इंदौर एयरपोर्ट से दिल्ली होते हुए काठमांडु पहुंची। सदस्यों द्वारा नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में पंचामृत अभिषेक कराया गया तथा पवित्र नदी माता बागमती पार्वती स्वरूपा की आरती के दर्शन किए। चार्टर्ड प्लेन द्वारा हिमालयीन चोटियों की श्रृंखला के एवरेस्ट सहित हवाई दर्शन किए। फिर काठमांडु से हवाई जहाज द्वारा भूटान के पारो शहर पहुंचे। भूटान में चेल्लेला पास, टाइगर नेस्ट बेस कैंप, पारो जोंग, ताशीचो जोंग, सिम्पली भूटान, डोचुला पास, पुनाखा जोंग, विशाल बुद्ध, चिमि लखांग, पो छू रिवर एवं मो छू रिवर का संगम स्थल तथा फुएन्त्शोलिंग शहर इत्यादि देखकर आनंदित हुए। साथ ही रिवर राफ्टिंग का भी आनंद उठाया गया। दार्जिलिंग में टाइगर हिल्स, सनराईज व्यू पाइंट, जापानी टेम्पल, टी गार्डन आदि देखे। चार्टर्ड हेरीटेज दार्जिलिंग ट्रेन से की गई यात्रा एक अमिट याद बन गई। सिलीगुड़ी के इस्कॉन मंदिर में भजनों का आनंद उठाया गया एवं आरती में भाग लिया गया। बागडोगरा एयरपोर्ट से हैदराबाद होते हुए सदस्यगण वापस इंदौर पहुंचे। उक्त यात्रा एवं माहेश्वरी संस्कृति के संयोजक मुनीष किरण मालानी, निर्देशक ओम-स्वाति टावरी एवं अजय हेमा-बियानी, अध्यक्ष सूर्यकांत-रजनी काबरा, प्रभारी मधुसूदन किरण सोमानी, डॉ. नवींद्र डॉ सुनीता तोतला एवं डॉ. विवेक-डॉ. सुनीता मालानी के अथक प्रयासों तथा सभी 44 सदस्यों के भरपूर सहयोग से यह यात्रा सफल हुई। इस हेतु यात्रा मार्गदर्शिका उड़ान 2019 का भी प्रकाशन किया गया।

तू भी खामख्वाह,
बढ रही है,
ए धूप !
इस शहर में
पिघलने वाले,
दिल ही नहीं हैं।

With Best Compliments from

SHREE BALAJI OIL MILLS



Off. "Ganpati Prasas" Marwadi lane, Erandol Dist. jalgaon
Phone : 91+2588-44452, 44453, Fax : 91+2588-44055
Factory: Mahswad Road, Erandol. Dist. Jalgaon, 425109
Phone : Fact 91+2588-44451, 54, 55

सोमाणी नर्सिंग होम

चंद्रशेखर आजाद चौक, सेन्ट्रल एवेन्यू, नागपुर, फोन 0712-2734775, मो. 94216 33875

डॉ. अरुण सोमाणी — M.B.B.S., D.C.H. — बालरोग तज्ञ
डॉ. सौ. अर्चना सोमाणी — M.B.B.S., D.G.O. — स्त्रीरोग तज्ञ
डॉ. अभिषेक सोमाणी — M.B.B.S., D.P.M., M.D. — मानसीक रोग तज्ञ
डॉ. अदिती सोमाणी — M.B.B.S., M.S. (Gynac & Obst.) — स्त्री रोग तज्ञ
डॉ. रामानन्द सोमाणी — M.B.B.S. — फेमिलि फिजिशियन

उपलब्ध सुविधाएँ
- वेदना रहित प्रसूति
- कुटुंब कल्याण केंद्र
- दुर्बीण द्वारा रोगनिदान व शस्त्रक्रिया
- सुसज्ज ऑपरेशन थिएटर सोनोग्राफी
- बालरोग चिकित्सा व लसीकरण
- नवजात शिशु के लिये फोटोथेरपी युनिट व वार्मर
- ई.सी.जी.

# लायंस क्लब की सेवा गतिविधि



**उज्जैन.** लायंस क्लब उज्जैन महाकाल एवं उज्जैन अनन्ता द्वारा प्रशासनिक गतिविधि के अंतर्गत झोन चेयरमैन की अधिकृत यात्रा संपन्न की गई। इस अवसर पर जोन चेयरमैन देवाशीष राय ने क्लब द्वारा की जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने नेत्र शिविर, मधुमेह शिविर तथा वाटर हार्वेस्टिंग पर अधिक से अधिक कार्य कराने का आह्वान किया। स्वागत अध्यक्ष कैलाश डागा द्वारा किया गया। सेवाओं की जानकारी सचिव अजीत बैराठी ने दी। संचालन श्याम माहेश्वरी ने किया। आभार नरेंद्र राठी ने माना। इस अवसर पर अजय मूंदड़ा, प्रमोद जैथलिया, ओमप्रकाश बाहेती एवं अनन्ता की कोषाध्यक्ष अनीता डागा उपस्थित थीं।

# जिला महिला मंडल के चुनाव संपन्न





**आगर-मालवा.** शाजापुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के वर्ष 2019-22 हेतु पदाधिकारियों का चयन सर्वानुमति से माहेश्वरी धर्मशाला में पर्यवेक्षक पश्चिम मध्यप्रदेश महिला संगठन की सहसचिव पुष्पा कोठारी एवं चुनाव अधिकारी राजश्री गिलड़ा के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस प्रक्रिया के तहत माहेश्वरी महिला मंडल जिलाध्यक्ष के रूप में भारती माहेश्वरी नलखेड़ा, सचिव माया डांगरा मोहन बड़ोदिया, कोषाध्यक्ष सुशीला बंग सुसनेर, संगठन मंत्री साधना गिलड़ा आगर, प्रचार मंत्री रमा भराड़िया आगर, उपाध्यक्ष सरिता माहेश्वरी शाजापुर, शर्मिला गिलड़ा आगर, बीना माहेश्वरी अकोदिया तथा सहसचिव निर्मला लड्ढा सुसनेर, जमुना बिसानी बड़ोदिया, सुरभि राठी अकोदिया सर्वानुमति से चुनी गईं।

*अपने किरदार पर डालकर पर्दा...*
*हर कोई कह रहा है जमाना खराब है।*


*With Best Compliments From*

**Ramratan Sarda** **Ashok Sarda** **Shrikant Sarda**

**Godavari Polymers**

Vardhman Nagar, Nagpur (MH.)

**Tulsiratan Plastic Pvt. Ltd.**

**Mfr. of : PP/HDPE Woven Sacs**

**Works :** K-29/30 A, MIDC Area, Hingna Road, Nagpur - 440016
**Telefax :** 07104-237356, 234741 Cell : 09373108438, **E-mail :** tulsiratan@hotmail.com
**Office :** Sarda Bhawan, Gandhibagh , Nagpur - 440002, **Telefax :** 0712-2762598, 2766139

*हार्दिक शुभकामनाओं सहित*

**Nandini Traders**

**Grain Marchant & Commission Agent**

State Bank Road, Karanja (Lad) Dist. Washim (Akola Marchant)
Ph. : 07256-223042, Mobile : 9764274285

**नंदिनी इन्टरप्राइजेस**

पंताजली आयुर्वेद के थोक विक्रेता

स्टेट बैंक रोड, वर्धमान प्लाजा,
कारंजा ( लाड ) - जिला वाशिम - 444105



शेषनारायण देविलीशन धूत

## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली पद की शपथ



**इंदौर.** महिलाओं को पारिवारिक सामंजस्य स्थापित कर समाजसेवा का रास्ता अपनाना चाहिए तभी वे दोनों क्षेत्रों में सफल हो सकेंगी। उक्त उद्‌गार मिसेस सेंट्रल इंडिया क्वीन विनर अर्चना प्रसाद ने व्यक्त किए। वे माहेश्वरी महिला संगठन संयोगितागंज इंदौर के गत 17 अक्टूबर को करवा चौथ के दिन आयोजित शपथ विधि सम्मान समारोह व युगल उद्यापन के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। संगठन मंत्री अर्चना भूतड़ा ने बताया कि माहेश्वरी भवन नवलखा इंदौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला टीम का सम्मान किया गया। इसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष किरण लखोटिया, सचिव नीलिमा असावा सहित सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। प्रचार मंत्री साधना मंडोवरा ने बताया कि करवा चौथ पर कपल उद्यापन व सामूहिक अर्घ्य का कार्यक्रम रखा गया। उद्यापन कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका शीला जाजू ने गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की संयोजक कुसुम गिलड़ा, शशि झंवर, ज्योति काबरा, अर्चना काबरा व जया झंवर थीं। अखिल भारतीय महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष गीता मूंदड़ा, समाज अध्यक्ष मुकेश असावा, मंत्री केदार हेड़ा, अश्विन लखोटिया, मुकुटबिहारी झंवर सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित थे। आभार सचिव नीलिमा असावा ने माना।

## फरवरी में लगेगा निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी मेगा शिविर



**भीलवाड़ा.** स्व. अचलकुमार चेचानी की स्मृति में 9 फरवरी 2020 को निःशुल्क मल्टी-स्पेशलिटी मेगा शिविर लगेगा। इस शिविर की तैयारी के लिए महेश शिक्षा सदन परिसर में मीटिंग रखी गई। इसमें गुजरात के कैंसर सोसायटी एवं एमपी शाह कैंसर सोसायटी के मुख्य ट्रस्टी प्रशांत भाई किन्नारीवाला, स्वरूपा फाउंडेशन एवं लायंस क्लब इंटरनेशनल की चाइल्ड हुड कैंसर की संचालिका रूपा बहन शाह आदि मौजूद थे। मीटिंग में रामनारायण लढा, रमेशचंद्र राठी, भेरूलाल काबरा, अजय लोहिया, राकेश तोषनीवाल, पंकज समदानी, राजेंद्र पलोड़, शांतिलाल डाडा, बालकिशान काबरा, सुशील मरोठिया, रामेश्वर तोषनीवाल, शंकर सोनी आदि मौजूद थे।


Jagdish Nawandar
99221 85678
94222 85678

**Apeksha Medical Stores**

In from of Natraj Garden,
Khamgaon-444303, Dist. Buldhana (Mh.)
Ph. 07263-253132, 253536
E-mail : jhn_apeksha@rediffmail.com

**Navandar Marketing**

(Quality Paper Napkin Manufacturer)

Sanket Nawandar

Call : +91 99 2218 6789
Raigad Colony Road, Near Chentami,
Ganpati Mandir, Mukund Nagar,
Khamgaon-444303, Dist. Buldana.
E-mail : navandarmarketings@gmail.com


## इंदौर ग्रामीण के चुनाव संपन्न



**इंदौर.** माहेश्वरी महिला संगठन इंदौर ग्रामीण जिला संगठन के त्रिवार्षिक चुनाव माहेश्वरी विद्यालय महू में संपन्न हुए। कार्यक्रम पर्यवेक्षक अखिल भारतीय महिला सेवा ट्रस्ट सचिव ललिता मालपानी थीं। चुनाव अधिकारी पद्मा सोडानी महू थीं। विशेष कार्यकारी अधिकारी शोभा माहेश्वरी इंदौर थीं। इसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष किरण माहेश्वरी महू, सचिव वंदना चांडक राऊ, कोषाध्यक्ष संगीता जाजू बेटमा, संगठन मंत्री किरण अजमेरा मानपुर, उपाध्यक्ष अलका शारदा महू, संतोष अजमेरा मानपूर, शांता बांगड़ बेटमा, सहसचिव प्रेमलता नवाल महू, सुशीला चिचाणी हासलपुर चुनी गईं।

*नेतृत्व करने का मतलब*
*लोगों को*
*सही रास्ता दिखाना होता है...*
*ना कि*
*उन पर राज करना होता है...*

## मनोज ने किया एमबीबीएस



**पाली.** अनूपगढ़ के मूल निवासी व वर्तमान में सुमेरपुर (जिला पाली) निवासी स्व. श्री हरिकृष्ण मूंधड़ा व श्रीमती तुलसीदेवी मूंधड़ा के सुपुत्र मनोज ने कर्नाटक के जेजेएम मेडिकल कॉलेज द्रावणगिरी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। मनोज संगरिया निवासी महावीरप्रसाद करवा व हनुमानगढ़ माहेश्वरी सभा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण करवा के भानजे व भाजपा नेता उमाशंकर मूंधड़ा के अनुज हैं।

## छवि बीटेक में टॉपर



MRM यूनिवर्सिटी से समाज की प्रतिभा छवि सारडा ने बीटेक की परीक्षा प्रथम श्रेणी में विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण की। कैंपस साक्षात्कार में उनका इंफोसिस में चयन हुआ है। छवि समाज विनोद सारडा व वनिता सारडा की सुपुत्री एवं जीएल सारडा व जनक सारडा की सुपौत्री हैं।

## राघव व ईशान का एमबीबीएस में प्रवेश





**इंदौर.** सुप्रसिद्ध ख्यात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजमोहन ईनानी के पौत्र एवं डॉ. राम-डॉ. अरुणा ईनानी के पुत्र राघव ईनानी को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर में प्रवेश मिला है। इसी प्रकार डॉ. श्याम-डॉ. अनीता के सुपुत्र ईशान ईनानी का भी नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में प्रवेश हुआ है। दोनों का प्रवेश एमबीबीएस के लिए हुआ है। उल्लेखनीय है कि डॉ. बृजमोहन ईनानी (बागली जिला देवास) चीफ मेडिकल ऑफिसर खरगोन की पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।

## अंकिता व तन्मय बने सीए



**इंदौर.** श्रीडूंगरगढ़ मूल के वर्तमान में इंदौर निवासी हीरालाल मूंधड़ा के पौत्र-पौत्री महावीर मूंधड़ा के पुत्र तन्मय मूंधड़ा व पुत्र अंकित मूंधड़ा के सीए बनने पर परिवार में खुशी की लहर है। दोनों शुरू से ही मेधावी विद्यार्थी रहे हैं।

## गौरांग को 96 प्रतिशत



**जोधपुर.** समाज सदस्य भागीरथ मल व प्रीति बियानी के सुपुत्र गौरांग ने सीबीएसई दसवीं की परीक्षा 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

*अपनी तुलना कभी दूसरों से मत करो... क्योंकि हर फूल की खुशबू और कीमत अलग ही होती है.*


दीप पर्व दीपावली पर सभी समाज बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ






**बनवारीलाल जाजू**
अध्यक्ष- गीता भवन ट्रस्ट, इन्दौर
भू.पू. उपसभापति- अ.भा. माहेश्वरी महासभा

आदर्श शीतगृह प्रा. लि.

**ADARSH SHEET GRAH PVT.LTD.**

Regd. off.: 115-B, Industrial Estate, INDORE-452 003
Cold Storage : Sanatorium Road, RAU -453 331 (M.P.)
PH.: (Off.) 2421014,2330564,2330810,
Rau-2856201,2856102 Resi.: 2516540-41-42-44

## दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ



HAPPY DIWALI




info@sureshrathi.in
www.sureshrathi.com
1800 120 2484 (Toll Free)

**Suresh Rathi**
Wealth Creator thru Systematic Investment
EQUITIES • COMMODITIES • CURRENCY • DEPOSITORY • NBFC

Head office : Mahesh Hostel Complex, Bombay Motors Circle, 12th Chopasni Road, JODHPUR (Raj.) - 342003






With Best Compliments From

# BALAJI PULSES

Durg Balod Road, Chandkhuri, Durg (C.G.)
Ph. : 0788-2625220
Email : balajipulses@gmail.com



Hemant maheshwari(radheshyam)
7354144111/9425244267

Pranay maheshwari
7773044111/9406096405

PRANAY MAHESHWARI

# महिला संगठन अध्यक्ष भी मतदाता सूची से बाहर

**चयन या निर्वाचन की भारी खींचतान के बाद निर्वाचन की राह पर अ.भा. माहेश्वरी महासभा की चुनावी प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। महासभा के इसी चुनावी परिदृश्य मे हमने जानने की कोशिश की है, महासभा की एक सशक्त भुजा अ.भा. माहेश्वरी माहेश्वरी महिला संगठन की भावना। आइये जाने वर्तमान परिदृश्य पर क्या कहती हैं, महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. कल्पना गगडानी।**

**▸▸ वर्तमान में अ.भा. माहेश्वरी महासभा की चुनावी तैयारियाँ प्रारम्भ हो चुकी हैं। इसमें चुनाव या चयन पर विवाद उत्पन्न हो गया था। आपके विचार में भी क्या चुनाव गलत है?**



चुनाव का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है। लिंकन ने माना "जनता का, जनता के लिये, जनता द्वारा" तो वह गलत हो नहीं सकता। हां, व्यवहारिक रूप में ये धन, समय एवं शक्ति की खपत मांगता है। वास्तव में चयन और चुनाव एक ही चीज है। किसी विशिष्ट कार्य के लिये विशिष्ट व्यक्तियों की नियुक्ति ही चयन है, यही चुनाव है। राजतंत्र और अधिनायक तंत्र में ये व्यक्ति विशेष द्वारा होती थी और प्रजातंत्र में सर्वसामान्य द्वारा। मूल मुद्दा विश्वास का है, पंचायत से लेकर राष्ट्रपति तक चयन ने जब विश्वसनीयता खो दी तो आज चुनाव चलन में आया। जब तक संतुष्टि है, बचत की दृष्टि से यह व्यवस्था बहुत अच्छी है। पारदर्शिता के अभाव में यदि ये विश्वास खो देती है, तो अगला कदम चुनाव ही रह जाता है।

**▸▸ चुनावों में उत्पन्न होने वाली कटुताओं को कैसे दूर किया जाऐ?**

प्रकृति प्रदत्त मानवीय गुण अहं, हिंसा, क्रोध, ईर्ष्या, आक्रोश हैं, तो मानवीय गुण प्रेम, शांति, मितभाषिता, मधुरता, स्पष्टता भी हैं। इनका संतुलन बनाये रखें। अपने को श्रेष्ठ सिद्ध करने के लिये दूसरे को नीचा न दिखायें, शतरंज की गोटियों की तरह शह और मात के बाद एक डब्बे में समा जायें, तो कटुता आयेगी ही नहीं।

**▸▸ सुनने में आ रहा है कि आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है। क्या ऐसा हो सकता है? आखिर आप तो महिला मंडल संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं?**

आपने ठीक सुना है, मेरा नाम सूची में नहीं है।

**▸▸ इस त्रुटि के लिये जिम्मेदार कौन है?**

राह पर ऊपर देखते हुए चलते-चलते यदि आप केले के छिलके पर से फिसल जाते हैं, तो जिम्मेदार तो आप ही होंगे। तो जिम्मेदार मैं ही हूं। पर जैसे फिसलने वाला व्यक्ति सोचता है कि छिलका बीच सड़क में कैसे आ गया और नगर प्रशासन में शिकायत दर्ज करा सकता है। इस घटनाक्रम को देखा जाऐ तो सत्र प्रारंभ में जब फीस भरने की बात आई तो मैंने कार्यालय मंत्री को शुल्क की जवाबदारी दी थी। हमारा दुर्भाग्य कि कुछ समय बाद उनका एक्सीडेंट हो गया एवं दो महीने बाद दुःखद निधन हो गया। हम समझ नहीं पाये, रसीद आदि कुछ मिली नहीं।

अब सुनने में आ रहा है। मुझे बहुत मेल किये गये। मेरे पति की कुछ फर्म की प्रोपराइटर मैं हूँ। आर्थिक व्यवहार के सैकड़ों मेल प्रति दिन आते हैं। अतः मैं सभी 'मेल' नहीं देख पाती। परंतु मैं अपनी गलती स्वीकार करती हूँ। पिछले सत्र में जब मैं महामंत्री थी तो महिला संगठन सदस्यों की शुल्क सूची हमें मिली थी व अर्थमंत्री के सहायक ने व्यक्तिगत रूप से भी सारी जानकारी दे दी थी। हमने समझा यही महासभा की परंपरा है। नौ सितम्बर को प्रदेश अध्यक्ष श्री सुशील माहेश्वरी का फोन, व्हाट्सएप मैसेज एवं दस्तावेज आया कि दक्षिणांचल से हम तीन बहनों मेरी, शैला कलंत्री, प्रकाश मूंदड़ा (संयुक्त मंत्री) की फीस नहीं जमा हुई है। आप 3 हजार रुपये कल भर दें। 11 तारीख सुबह हमने 3 हजार रुपये भर दिये व रसीद प्रदेश अध्यक्ष एवं अध्यक्षीय कार्यालय भेज दी। 18 सितम्बर को अर्थमंत्री के ऑफिस से मुझे शाम 5.30 बजे संदेश आया कि मेरी फीस 11 हजार रुपये बकाया है। दूसरे दिन सुबह 9.30 बजे मैंने वह भी भर दिये। फीस न भरने पर मेरा नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है, जब हितैषियों से ये सूचना आई तो मैंने अर्थमंत्री के कार्यालय में फोन किया तो उत्तर मिला कि आपका पेमेंट तो क्लीयर हो गया है।

अर्थमंत्री को फोन किया तो उन्होंने बताया कि ऑफिस से लिस्ट पहले ही मंगवा ली गई। मैं एप्लिकेशन देकर बाद की राशि वापस मंगवा सकती हूं। मैंने मना किया और कहा कि आप मुझे 11 हजार की रसीद दे दें। कई फोन के बावजूद आज तक रसीद नहीं मिली है। देखिये मेरी गलती है, पर संस्था को प्रदेश अध्यक्ष को फोन कर शुल्क मंगाना ही था तो कुछ दिन पहले ये काम क्यों नहीं किया? दस दिन पूर्व हुई शिर्डी बैठक में कार्यालय में सूचना क्यों नहीं दी गई? आमने-सामने पदाधिकारी बैठक में भी इसकी सूचना दी जा सकती थी। महासभा की ट्रस्टों की

रिपोर्ट तो पोस्ट से भेजी जाती है (मेल के साथ-साथ) तो सदस्यता शुल्क की भी एक चिट्ठी डाली जा सकती थी। माहेश्वरी पत्रिका का सदस्यता शुल्क आजीवन है। साल भर का शुल्क लेने वाली पत्रिकाएँ भी छः महीने पूर्व 'रिन्युवल फार्म' प्रेम पूर्वक भेजने लगती हैं। आजीवन शुल्क की मियाद अब खत्म हो गई है, क्या इसकी सूचना पत्रिका के साथ नहीं आनी चाहिये? पत्रिका बंद हो जाये तो भी व्यक्ति समझ सकता है, पर कार्यालय से जवाब ये मिलता है कि सदस्यता शुल्क वाली पत्रिका बंद हो गई है, अध्यक्ष के नाते वाली पत्रिका चालू है। तो क्या अध्यक्ष बनने के बाद दो पत्रिकाएँ आती थी? खैर, उन्होंने शुल्क स्वीकार कर लिया। वह रसीद भी अब तक नहीं आई।

**▸▸ आपके विचार में क्या महासभा समाज का सर्वोच्च संगठन है? महिला संगठन से भी ऊपर? यदि हाँ तो क्या महिला सभापति नहीं बनना चाहिये?**

जी हां, इसमें कोई दो राय नहीं कि महासभा समाज का सर्वोच्च संगठन है। इस सर्वोच्चता का बहुत बड़ा प्रमाण उसकी इतनी लंबी अवधि से चली आ रही अस्तित्वता है। सामाजिक जीवन में बहुत कम ऐसे संगठन दिखते हैं। फिर उसकी उपादेयता, उसकी विश्वसनीयता। आज भी जब अन्य जातीय, समुदायों के बीच मैं अपनी संस्था की बात करती हूं, तो लोग आश्चर्य करते हैं। आज अन्य राजस्थानी जातियों की तुलना में माहेश्वरी समाज की प्रभुता, शिक्षा, रीति-रिवाज, संस्कारों, महिलाओं की शिक्षा, उनकी अच्छी पारिवारिक स्थिति को देख हम गर्व करते हैं, तो इसमें महासभा एवं हमारे पूर्वजों की सुलझी सोच का परिणाम स्पष्ट दिखता है।

समय के चलते हुए नई प्रथाओं को अपनाने का साहस महासभा के कारण समाज में आया होगा। मुझे अपनी मां का बताया एक किस्सा याद है कि ब्रजलालजी बियाणी व उनके साथ कुछ समाज बंधु हमारे घर गाडरवारा में भोजन के लिये पधारे थे। जिमने बैठे तो उन्होंने देखा दादी, मम्मी, चाची सबने घूंघट रखा है। वे थाली से उठने लगे बोले, "जिस घर में पर्दा होता है हम वहां भोजन नहीं करेंगे।" दादाजी क्या करते? अतिथि को बिना भोजन कैसे लौटाते? सबसे कहा घूंघट हटा दो। वे तो जीम कर चले गये, पर उनके जाने के बाद दादाजी ने जब फिर से घूंघट करने को कहा तो सबने मना कर दिया। महासभा की शक्ति ने घर की उन औरतों की शक्ति त्रिगुणित कर दी। युवा लड़कों ने भी हामी भर दी। मृत्यु भोज बंद हुए। शिक्षा का प्रचार-प्रसार हुआ। समाज की संगठित शक्ति में बहुत बल होता है। जिस संस्था की शाखा गांव, जिला, तहसील, प्रदेश, अंचल होते हुए अखिल भारत ही नहीं विदेशों में भी हो वह समाज में क्या नहीं कर सकता? मैं जब संगठन में सक्रिय हुई तबसे यही सुना है कि संगठन की दो भुजाएं हैं, महिला संगठन और युवा संगठन तो कौन ऊपर है? कौन नीचे है? मैं इसे निरर्थक समझती हूँ।

**▸▸ कहा जा रहा है कि महासभा के वर्तमान सत्र में महासभा ने महिला और युवा संगठन के साथ अत्यंत सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य किया। क्या आप इस बात से सहमत हैं?**

युवा संगठन की बात आप युवा संगठन के अध्यक्ष से करें, तो आपकी जिज्ञासा अच्छी तरह शांत होगी। महिला संगठन में यह मेरा पांचवां सत्र है। पूर्व के दो सत्र तो मैं महासभा में ही वक्ता के रूप में आती रही। महासभा के मान-सम्मान, प्रेम, आदर, इज्जत ने भाव विभूत कर दिया। इन सभाओं में मुझे सुनने के बाद महिला संगठन ने मुझे आमंत्रित किया। महिलाओं के जोश और उत्साह से प्रभावित हो अपने पारिवारिक एवं व्यावसायिक जीवन की व्यस्तता के बावजूद मैं इस संस्था से जुड़ने का मोह नहीं त्याग पाई। इन दोनों सभाओं की शक्ति एवं कार्यप्रणाली से मैं बहुत प्रभावित हुई। पूर्व अध्यक्षों से ही जाना कि कैसे महासभा के तत्कालीन गणमान्य सदस्यों ने महिलाओं को प्रेरित किया, संगठन बनवाया, आगे बढ़ाया। हमारे भाई लोग यदि हमारे कार्यक्रमों की रीढ़ की हड्डी हैं, तो हर स्तर पर बहने भी कम नहीं पड़ती। स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हर कार्यक्रम में मंच से लेकर, व्यवस्था तक सभा के कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक दौड़ती नजर आती हैं। मुझे आज भी याद है श्री रामपाल सोनी साहब के समय जब भीलवाड़ा में महाधिवेशन हुआ था, तो एक दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की जवाबदारी महिला संगठन को दी थी। सम्मान मिला, सम्मान दिया और सभी सम्मानित हुए।

इस सत्र के जोधपुर महाधिवेशन के समय मुझे लगा कैसा दुर्भाग्य है। इतना बड़ा अधिवेशन और पैर में ऑपरेशन के कारण मैं जा नहीं पाई! मन रो रहा था परंतु जब मेरे पदाधिकारियों ने वहां से लौटने पर समाचार दिये कि इतने बड़े अधिवेशन में मेरा प्रतिनिधित्व करती मेरी महामंत्री को दो शब्द बोलने का मौका नहीं मिला। मेरी पूर्व अध्यक्षों, मेरे पदाधिकारियों को बैठने का उचित स्थान भी नहीं दिया। जहां बैठती वहां से उठा दिया जाता कि ये रिजर्व है। मेरी महामंत्री से प्रथम नाश्ते के समय एसीडिटी के कारण चार-पांच कौर खाये नहीं गये तो उन्हें प्लेट रखने ही नहीं दी। हमारे अधिकांश पदाधिकारियों ने अपने होटल में जाकर अपने खाने की व्यवस्था की। मुझे लगा ईश्वर ने दुर्भाग्य नहीं सौभाग्य दिया। कोटा में सभी पदाधिकारियों को पीछे पड़-पड़ कर बुलाया। हमारी संरक्षिका हमारी 'रतनी माँ' इस उम्र में चौदह घंटे ट्रेन पकड़ कर गई। अर्थमंत्री व अनेकों बहनें अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम व दौरे छोड़कर कोटा मीटिंग पहुंची, जोधपुर पहुंची और आज परिणाम क्या? अनुपस्थिति के कारण आपको मताधिकार से वंचित किया जाता है। "रत्नीदेवी काबरा" को पांच सत्रों से हम देख रहे हैं, तन, मन, धन से संगठन में लगी हैं। हमारे हर कार्यक्रम की पहली और सबसे बड़ी "डोनर"। उनके नाम से उनके घर से ग्यारह करोड़ की ट्रस्ट बनी। उन्हें जोधपुर और कोटा आने के बावजूद मताधिकार से हटा दिया जाता है- कानून, कायदा, व्यवस्था की दुहाई देकर टूटते और मजाक बनते कानून-कायदे को गिनाने और दिखाने यदि महिला संगठन बैठ जाये तो समय कम पड़ेगा।

**▸▸ महिला संगठन का महासभा के कार्यकारी मंडल में जितना प्रतिनिधित्व है, क्या उससे आप संतुष्ट हैं?**

आप अभी भी संतुष्टि की बात कर रहे हैं। अभी हमारी पदाधिकारी बैठक नहीं हुई है, पर आज संरक्षक मां रत्नीदेवी से बात हो रही थी तो वो पूछ रही थी कि कार्यकारिणी का सदस्य ही हमें क्यों बनाना चाहिये? मिलकर जवाब ढूंढने की कोशिश करेंगे।

**▸▸ आप कुछ और भी कहना चाहेंगी?**

एक ही पीड़ा "माहेश्वरी पत्रिका" माहेश्वरी समाज का मुख पत्र है, तो क्या महिला संगठन समाज का हिस्सा नहीं? महिला संगठन की कितनी न्यूज इस पत्रिका में छापी गई, इस सत्र में आप खुद देख लें? जब मैं संगठन में आई ही थी, नागपुर के श्याम जी राठी संपादक थे, तब हर अंक विशेषांक निकलता था। दो महीने पहले मुझे विषय दिया जाता था व प्रबंधक अवस्थी जी एक माह पूर्व फोन पर रिमांइडर देकर लेख मंगवाते थे। मेरे महामंत्री काल में तीन-चार पेज महिला संगठन के सुरक्षित थे एवं कार्यालय से ही मुझसे या अध्यक्ष सुशीला जी से खबर मंगवाई जाती थी। अब भेजने पर भी नहीं छपती।

MUNDRA

Value • Trust • Excellence

**Mundra group is a renowned industrial pioneer since 1927**

**Transportation | Trading | Travel | Real Estate**
**Hospitality | Manufacturing sector**

Treat Resorts are flagship project of Mundra group. Under the Treat Resort,
**we have Treat Resort Silvassa & Treat Beach Resort & Spa, Gholvad**

## Treat Resort SILVASSA

24 acres of sheer luxury







Treat Resort, Silvassa is a luxurious resort and one of the best resort near Mumbai and South West Gujarat

24 ACRES OF BEAUTY | 194 LUXURY ROOMS | WELLNESS SPA | 2 BALL ROOMS | WATER PARK | 8 CONFERENCE HALLS







## Treat Beach Resort & Spa GHOLVAD

Treat Beach Resort & Spa, Gholvad is recently opened luxury boutique resort surrounded by Chickoo plantation providing an unique experience

500 M AWAY FROM BORDI BEACH | 93 ROOMS | SPA | 3 BANQUET HALLS | 2 MULTI CUISINE RESTAURANT | RECREATIONAL ACTIVITIES

M: +918898073327/ 3331 | E: mumbai@treatresort.com | W: www.treatresort.com

With Best Compliments from

RituRaj
INFRA

**RITURAJ TEXTILE HUB,** GODADARA
**RITURAJ UNIQUE TEXTILE MARKET,** RING ROAD
**RITURAJ MUMBAI FANCY MARKET,** UMARWADA
**SAKET TEXTILE MARKET,** PARVAT PATIYA
**MANGALAM 63 VILLAS,** PALSANA
**SURBHI SHINE APARTMENT,** SINGANPORE

Rajendra Chandak (Rajubhai) : +91 93747 23455
Badal Chandak : +91 78786 12345

RR
RITURAJ INFRATEC LTD

## BHAGYASHREE CREATION

**Krishna Chandak** 81498 75643 | **Dinesh Chandak** 91586 55550

C-3122-3123-3124, 1st Floor, Millennium Textile Market
Ring Road, Surat - 395002. Ph. : (O) 0261 2353772
www.riturajinfratec.com

**महासभा समाज का एक ऐसा गरिमामयी संगठन है, जिसने समाज ही नहीं बल्कि देश की कुरुतियों को दूर करने में भी समाजजनों को राह दिखाई है। माहेश्वरी महासभा की स्थापना जिस मूल अवधारणा तथा सिद्धांतों के आधार पर, आदर्श मापदंडों पर समाज को संगठित कर प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए की गई थी, उस समय कुरुतियों को समाज को हटाना, यह एक आंदोलन का स्वरूप था। यही कारण है कि यह देश का सबसे पुराना व प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन है। बदलती परिस्थितियों में बदलती महासभा की स्थितियों पर आईये जानें ख्यात समाज चिंतक कमल गांधी से उनके अपने विचार।**



# जवाबों को तरसते कुछ प्रश्न



महासभा समाज की अखिल भारतीय स्तर पर सामान्य जनगण का प्रतिनिधित्व करने वाली एवं समाज को विभिन्न माध्यमों से सेवा कार्य करने हेतु संगठित करने की प्रेरणादायक संस्था के रूप में स्थापित है। आज अगर उस दृष्टिकोण से हम महासभा को देखें तो हमें विवश होकर यह स्वीकारना पड़ेगा कि कुछ महानुभावों ने अपने मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को ऊंचाई पर ले जाने का महासभा को साधन बना लिया है और तमाम नैतिक मूल्यों को तिलांजलि देकर इस पर आधिपत्य जमाकर सेवा की जगह सत्ता को मूल आधार बनाकर संपूर्ण सामाजिक ढांचे को क्षत-विक्षत कर दिया है। अपनी संस्कृति, सभ्यता और संवेदना का प्रतीक माना जाने वाला माहेश्वरी समाज आज प्रायः जगह-जगह गुटों में विभाजित हो चुका है। इसका श्रेय, इसको प्रारंभ करने वाले कौन हैं, यह पूरा समाज जानता है। अपना एकाधिकार और आधिपत्य स्थापित करने के लिए साजिशों का सहारा लिया जाए, नियम और कानून की आड़ में मनमानी की जाए, तब धीरे-धीरे संगठन पर से समाज के सामान्य सदस्यों की आस्था टूटने लगती है। जिनके चेहरे पर धूल लगी हो और वह जब आईने में देखते हों और अपने चेहरे को धुमिल पाते हों, तब वे अपने चेहरे की धूल पोंछने की बजाए आईने को पोंछने की कोशिश करते हैं।

## क्या है 'कथित सद्भावना'

अभी महासभा के चुनाव होने जा रहे हैं और उस संदर्भ में मैं कुछ विषयों पर समाज को वास्तविकता। जिसे पर्दे की आड़ में रखकर 'सद्भावना' का स्वरूप दिया जाता है, उससे अवगत कराना चाहता हूं। चयन प्रक्रिया का घोषणा पत्र हकीकत में किसी के निहित स्वार्थों की पूर्ति करने जैसा ही प्रतीत होता है। जो चयन प्रक्रिया का बिगुल बजा रहे हैं, उन्होंने महासभा के 25वें सत्र में जब नागपुर में सर्वानुमति से चयन करने की बैठक हुई थी, तब उसमें सहमति देकर और चयन में अपना नाम ना होने पर उस चयन प्रक्रिया के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ा था और आज वे ही इस चयन प्रक्रिया का झंडा लेकर घूम रहे हैं। चयन समाज के हित में हो सकता है लेकिन उसमें संपूर्ण रूप से पारदर्शिता होनी चाहिए। मुंह में राम और बगल में छुरी रखकर ऐसी कोई भी स्वीकृति पा लेना यह अपने स्वार्थ को साधने का अप्रत्यक्ष रूप से एक माध्यम है और समाज को तोड़ने वाले, दलदल में बांटने वाले जब उसे "सामाजिक सद्भाव" का जामा पहनाने की कोशिश करते हैं, तो वह पाखंडी स्वरूप दर्शाता है कि वे अपना आधिपत्य बनाए रखने के लिए कितने लालायित हैं? यह समझ के बाहर है कि महासभा को अपने चंगुल में फंसाकर रखने से कौन से शहद की प्राप्ति होती है?

## कार्यकारी मंडल सदस्यों का औचित्य क्या?

मनमाने ढंग से अपने आप को भीष्म पितामह स्थापित कर देना, अपनी इच्छा से चयन समिति बना लेना और उसमें विफल होने पर जिनको गद्दी पर बैठाना चाहते हैं, उन्हें मैदान में उतार देना। आप जरा मुड़कर देखिए कि पिछले सत्र में जिन चार मुख्य पदों पर जो व्यक्ति थे,

आज भी वे ही चार व्यक्ति चुनाव मैदान में हैं। अप्रत्यक्ष रूप से इसके पीछे किसकी भूमिका है, यह सजग समाज जानता है। इस समाज को तब यह मान लेना होगा कि इनके सिवाय इतने बड़े समाज में इन पदों पर आने के लिए केवल और केवल वे ही व्यक्ति काबिल हैं और उन्हीं का चयन चाहते थे। इसी के साथ क्या हम नौ सौ से अधिक कार्यकारी मंडल के सदस्यों के अधिकार की अवहेलना उन्हें उनका दायित्व निर्वाह न करने देना और उनके विवेक पर विश्वास न रखना, इस मानसिकता को आप क्या कहेंगे, वास्तव में यह चयन नहीं छलन है।

## महिला संगठन एवं महिलाओं की अवमानना

मैं तो उदयपुर में आयोजित महिला अधिवेशन निरस्त करने के लिए अपनाए गए तमाम हथकंडों का साक्षी हूं और कैसे किसी राजनीतिज्ञ का सहारा लेकर इन्हीं महानुभावों ने राष्ट्रपति को अनेकों फैक्स भिजवाए। बिड़ला दंपति जो दिल्ली तक आ गए थे, उनको यह कहकर नहीं आने दिया कि यहां समाज इसके खिलाफ है और ऐसे असंतोष के वातावरण में उनका आना ठीक नहीं। उस समय भी उनके खिलाफ जोरों से आवाज उठाई गई थी और आज भी महिला संगठन की अध्यक्षा कल्पना गगरानी ने महासभा की महिला संगठन के प्रति दुर्भावनापूर्ण अनेकों प्रक्रियाओं का स्पष्टीकरण दिया है, जिसका महासभा के वर्तमान पदाधिकारियों के पास कोई जवाब नहीं। इसका एक और उदाहरण महिला संगठन की अध्यक्षा का नाम मतदाता की सूची में बहुत ही नगण्य कारण दर्शाकर काट देना है। आदरणीय श्रीमती रत्नीबाई काबरा, जिन्हें महिला संगठन माँ के रूप में सम्मानित रखता है, उनका नाम भी सूची से काट देना, यह इस मानसिकता को दर्शाता है कि इन्हें समाज में नैतिकता का कोई भी आधार स्वीकार नहीं है।

## और भी कई प्रश्न अनुत्तरित

यहां यह उल्लेखित करते हुए अत्यंत वेदना होती है कि ४० वर्ष की आयु में श्रद्धेय मां से यह अपेक्षा करना कि वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और जब अनुदान देने की बारी आती है तो उनसे जोधपुर अधिवेशन में 71 लाख रुपये अनुदान लेने पर इन्हें कोई परहेज नहीं होता है। उन्हीं के नाम पर 11 करोड़ का ट्रस्ट जोधपुर अधिवेशन में घोषित किए जाने पर वे इसे अपनी उपलब्धि बताने पर नहीं हिचकिचाते। इसी के साथ ही महिला संगठन की अनेकों उत्कृष्ट महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। इससे हटकर ऐसे अनेकों-अनेकों अनुत्तरित प्रश्न हैं जो महासभा की छवि को धुमिल करते हैं और लगता है कि किसी गुट के कुछ गिने-चुने लोगों ने इस पर अपना कब्जा कर लिया है और इसे अपने चंगुल में रखने की कवायद करने में ये किसी भी स्तर तक जा सकते हैं। समाज को सोचना होगा कि समाज की सबसे पुरानी एवं अखिल भारतीय स्तर की यह संस्था समाज के हाथों में रहे एवं समाज का दर्पण बने तथा युवा पीढ़ी को समाज से जुड़े रहने के लिए भी प्रेरित करे। यह तभी संभव है, जब सत्तालोलुप अहंकारी लोग गलती से ही सही और किसी की ना सही, अपनी आत्मा की आवाज सुनें एवं स्वयं के प्रति तो कम से कम ईमानदार रहें।




स्व. श्यामसुन्दर मालपाणी

ब्रिजमोहन श्यामसुन्दर मालपाणी
मो. 7775028333
लक्ष्मीनारायण श्यामसुन्दर मालपाणी
मो. 9325621051
अमेय ब्रिजमोहन मालपानी

यशोदा एग्रो इंडस्टीज
होटल किंग तुवर दाल एवं त्रिमूर्ति तुवर दाल के निर्माता
किन्ही रोड बायपास कारंजा लाड, जिला वाशीम मो. 9423128333,

## Our Well Wishes to All Maheshwari Bandhus

॥ श्री गणेशाय नमः ॥



Rahul Gandhi
Director



Ramesh Gandhi
Managing Director



Rohit Gandhi
Director

# R.A. Kraft Paper Pvt. Ltd.

PAPER & BOARD INDENTER & IMPORTOR

## The Global Leader of

- **Kraft Paper**
- **Duplex Paper**
- **Waste Paper**
- **News Print**
- **Imported Waste Paper**

R.S. Kraft Paper Ltd.

**FIBRE IMPEX** Pvt. Ltd.

**HEAD OFFICE : 504, Suryakrian Complex, Opp. VNIT-1, Bajaj Nagar, Nagpur-10 (India)**
**Ph. : 0712-2220626, 2242412, 2249685, Fax : 0712-2243248 e-mail : info@rakraftpaper.com**

**MUMBAI : B-230, Sanjay Building No. 5B, Mittal Estate,**
**Andheri Kurla Road, Andheri (E) Mumbai-400059**
**Ph. : 022-42235000 Fax : 022-66915284**
**E-mail : mumbai@rakraftpaper.com**
**Website : rakraftpaper.com**

**BRANCHES : AURANGABAD, HYDERABAD, INDORE, KOLHAPUR, NASIK, PUNE, VAPI**

दीपावली के पावन पर्व पर सभी समाजजनों को
हार्दिक शुभकामनाएँ



# कमल किशोर चाण्डक

प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान – भारतीय जन फाउण्डेशन
पूर्व संयुक्त मन्त्री- अ.भा. माहेश्वरी महासभा
पूर्व कोषाध्यक्ष- श्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर

**लक्ष्मीनारायण कमलकिशोर चाण्डक**
ए-7, मण्डोर मण्डी, जोधपुर (राज.)

**दिनेश मशीनरी स्टोर्स**
चाण्डक मार्केट, खींवसर (राज.)

# सामाजिक संगठनों में सख्त नियम उचित या अनुचित?

**वर्तमान सत्र में अ.भा. माहेश्वरी महासभा द्वारा पदाधिकारियों ही नहीं, बल्कि कार्यकारी मंडल सदस्यों तथा आम समाजजनों तक पर सख्त नियम लागू किये गये हैं। इसमें पदाधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ अनिवार्य रूप से सौंप दी गई हैं। वहीं आम समाजजन के लिये मतदान हेतु उसके परिवार का सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण सूची में नाम होना अनिवार्य कर दिया गया है। इस स्थिति से बड़ी संख्या में कई ऐसे समाजजन मतदान सूची से ही बाहर हो गये हैं, जिनका किन्हीं कारणवश इस सामाजिक सर्वेक्षण सूची में नाम नहीं है। इससे बड़ी संख्या में समाजजनों के समाज की मुख्यधारा से दूर हो जाने की आशंका उत्पन्न हो रही है। अत: यह विचारणीय हो गया है कि हम सोचे- ''सामाजिक संगठनों में सख्त नियम उचित हैं या अनुचित?'' आईये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी मालेगांव निवासी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

## नियम जरूरी पर सरलता भी जरूरी



परिवार हो या समाज सबके अपने कुछ नियम निर्धारित किए जाते हैं, जिससे उनकी व्यवस्था सुचारु रूप से चल सके, पर नियम और अनुशासन सदैव सभी सदस्यों के लिए आसान और समान हों, तो ही श्रेयस्कर होगा। नियम को समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर ही निर्धारित करना चाहिए। नियम आम समाज-बंधु की पहुंच के बाहर ना हों। साथ ही सामाजिक संस्थाओं के नियम समाज पर किसी भी प्रकार का आर्थिक, शारीरिक और मानसिक बोझ ना बनें। जोर-जबर्दस्ती से नियमों को थोपा जाना उचित नहीं है। इससे विरोध और विघटन की स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। नव-पीढ़ी निरंतर सामाजिक संस्थाओं से दूर होती जा रही है, जिससे नई विचारधारा से हमारा समाज वंचित रह जाता है। नव-पीढ़ी को जोड़ने के लिए उन्हें सामाजिक संगठनों की विभिन्न कार्यसमितियों से जोड़ने की दिशा में संगठन प्रमुखों को सोचना चाहिए। अभी संपूर्ण भारत में स्थानीय, जिलास्तरीय, प्रदेशस्तरीय, राष्ट्रीय सामाजिक संगठनों में नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों के चुनाव और चयन की प्रक्रिया चल रही है। यही सही समय है कि अनुभवी पदाधिकारी समाज हित में अनुशासन और नियमों की सरलतम व्यवस्था समाज के समक्ष रखें, जिसे अपनाने में समाज-बंधु को किंचित हिचकिचाहट ना हो। मत-सम्मत तो मात्र एक जरिया है कि हम आम समाज बंधुओं के विचारों को जान सकते हैं। हम अपने सामाजिक संगठनों का दिल से सम्मान करते हैं। हमारा उद्देश्य अपने ही सामाजिक संगठनों के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाना नहीं है।

- **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव

## समाज प्रेम से चलता है



समाज के विकास के लिये सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हुआ। यह तो सराहनीय प्रयास है, लेकिन मात्र इस सूची में नाम न होने से समाजजन को मतदाता सूची से बाहर कर देना उचित नहीं है। जिस तरह महासभा की बैठक में 2-3 अवसर दिये जाते हैं, वैसे इस सर्वेक्षण में शामिल होने के लिये भी दिये जा सकते थे। यह तो जानकारी होगी ही कि कितने लोगों का सर्वेक्षण हो चुका है। जैसे 80 प्रतिशत का हुआ तो शेष 20 प्रतिशत की जानकारी निकलवाकर उनका सर्वेक्षण करवा लेते। लेकिन यह न कर अपूर्ण सर्वेक्षण सूची के आधार पर ही मतदाताओं को बाहर कर देना ठीक नहीं।

- **राजूभाई चांडक**, सूरत

## अनुशासन जरूरी कठोरता नहीं



किसी भी सामाजिक संगठन के लिये अनुशासन तो जरूरी है, लेकिन कठोरता ठीक नहीं। वर्तमान में महासभा से 59 सदस्यों को उनकी बैठकों में अनुपस्थिति तथा सदस्यता शुल्क जमा न होने के आधार पर बाहर कर दिया गया। वास्तव में देखा जाए तो जो बैठक में उपस्थित नहीं रहे उन्हें बाहर करना तो फिर भी ठीक माना जा सकता है, लेकिन मात्र सदस्यता शुल्क के लिये ऐसी कार्रवाई ठीक नहीं। यह तो सूचना देकर मंगवाया जा सकता था। यह कठोर कदम एकदम उठाया गया। यदि सदस्यों को एक वर्ष पूर्व मालूम होता कि इतनी सख्ती होगी तो ऐसी स्थिति ही निर्मित नहीं होती।

- **रामअवतार साबू**, सूरत

## लचीले हों समाज के नियम



समाज संगठन के नियमों का प्रत्यायोजन संगठन के निम्न स्तर तक किया जाना चाहिए। संगठन की संरचना सरल से सरल होनी चाहिए। संगठन के नियम लोचशील होने से बिना भारी फेरबदल के ही संगठन में नवीन तकनीक को लागू करके कार्यकुशलता में वृद्धि की जा सकती है। संगठन संरचना में भावी आवश्यकता और वर्तमान स्थिति के अनुसार समायोजन की व्यवस्था नहीं होगी तो संगठन अप्रभावशाली हो जाएगा। समान कार्य करने वाले संगठन के पदाधिकारियों के अधिकारों एवं दायित्वों में भी एकरूपता होनी चाहिए। संगठन के नियम समाज के नागरिकों की इच्छाओं के अनुकूल होना चाहिए। संगठन के पदाधिकारी को कई बार समायोजन करने के उद्देश्य से भावुकतापूर्ण अपीलों का भी सहारा लेना चाहिए। संगठन के नियमों में लोचशीलता नहीं होगी तो संगठन में सत्ता उच्च स्थान से निम्न की ओर क्रमिक रूप से बढ़ती है। समाज का व्यक्ति उसके विवेक प्रकाश से अपनी भूल को जानने और मिटाने का सामर्थ्य रखता है। विवेक रूपी प्रकाश उसे जन्मजात प्राप्त होता है। संगठन के पदाधिकारी विवेक रूपी प्रकाश से नियमों में लोचदार स्थिति लाकर उन्हें प्राप्त पद का सदुपयोग कर सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। सुंदर समाज की रचना में स्वयं का भी कल्याण है। यही वर्तमान समय में समाज और युग की मांग है।

- **अनिता ईश्वरदयाल मंत्री**, अमरावती

*जिनकी मुलाकातों में मकसद छुपे हों, उनसे फासला रहे तो ही बेहतर है...*

## नियम समाजहित के लिये हों, स्वहित के लिये नहीं



महासभा समाज का शीर्ष संगठन है। अतः समाजहित ही संगठन के नेतृत्व का प्रमुख ध्येय होना चाहिये। समयानुकूल नियम बनाकर संगठन के संविधान में संशोधन करना आवश्यक है और समाजहित के लिये जरूरी भी, लेकिन जब यह परिवर्तन स्वहित व स्वयं के पद को बचाने के लिये होने लगें तो प्रश्न चिह्न खड़े होना स्वाभाविक ही है।

वर्तमान 28 वें सत्र में सर्वसम्मति से महासभा के पदाधिकारियों का किस तरह कोलकाता अधिवेशन में मनोनयन हुआ? यह किसी से छुपा नहीं है। इसके बाद इस सम्पूर्ण सत्र में भी इसी तरह के हथकंडे अपनाए जाते रहे। संविधान में संशोधन कर इस तरह के नियम लागू किये गये जिनसे सिर्फ अपनों को ही मतदान सूची में स्थान दिया जा सके। ये नियम एकदम कब और कैसे लागू हो जाएँगे, इसका किसी को अनुमान भी नहीं था। जब नये सत्र के चुनावों का समय आया तो संगठन की सत्ता पर आसीन लोगों ने न सिर्फ अपने पक्ष में सर्वसम्मति का माहौल बनाया अपितु भरपूर दबाव भी बनाया। काफी प्रयासों के बाद भी जब इसमें सफलता नहीं मिली तो संविधान संशोधन के आधार पर तैयार मतदाता सूची अनायास ही जारी करवा दी। लक्ष्य यही है कि चट भी अपनी और पट भी अपनी। चुनाव हो तो भी मतदाताओं में बहुमत तो उनके लोगों का ही होगा। लेकिन वे यह भूल गये हैं कि समाज गलत नियमों को मूकदर्शक बन स्वीकार नहीं करता। इस चुनाव में एक नया इतिहास लिखा जायेगा। ऐसे तत्वों का विरोध न सिर्फ मतदाता ही करेंगे बल्कि वे लोग भी इनके खिलाफ मुखर होकर सामने आएँगे जो मतदाता नहीं हैं। मेरे विचार में नियम सख्त हों या लचीले वे तभी उचित हैं, जब वे समाजहित में हों। अन्यथा वे समाज के लिये नहीं बल्कि एक वर्ग विशेष के लिये ही लाभदायक होते हैं।

**- घनश्याम करनानी**

पूर्व संयुक्त मंत्री (पूर्वांचल)
अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## नियम पालन में ही समाज का हित



जितने लोग उतनी बातें ये एक सर्वविदित तथ्य है, क्योंकि सबकी सोच अलग अलग होती है। किसी एक विषय को प्रत्येक व्यक्ति अपनी सोच और अपने नजरिये से देखता है और स्वयं की सोच को ही सही मानता है। पर ये सोच व्यक्तिगत रूप में सही सिद्ध हो सकती है लेकिन जहां बात सामाजिक संगठनों से जुड़ी हो, वहां कई लोग एकजुट होकर सामाजिक हित हेतु कार्य करते एवं कई उपयोगी और उचित फैसले लेते हैं। अगर इतनी बड़ी जिम्मेदारी हो और लोगों के वैचारिक मतभेद हों तो समाज उत्थान की ओर कैसे अग्रसर होगा, इसीलिए कुछ नियम कानून बनाये गए हैं, जिनको मानकर किसी एक दिशा की ओर सबके विचारों को इंगित किया जा सकता है। समाज अगर नियमों को सख्त नहीं बनाएगा तो एक संगठन का सर्वसहमति युक्त निर्णय लेना कठिन होगा और कई उचित फैसलों का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा, जो समाज के उत्थान में बाधक होगा। अतः नियम बनाकर उनका सख्ती से पालन होना बहुत जरूरी है।

**- शालिनी चितलांगिया**

राजनांदगांव छत्तीसगढ़

## सख्त नियम किन के लिये?



महासभा द्वारा संविधान में संशोधन कर महासभा की बैठकों में अनिवार्य उपस्थिति तथा सदस्यता शुल्क को लेकर कठोर नियम लागू कर दिया गया। इसका नतीजा यह निकला कि बड़ी संख्या में कई ऐसे सदस्य मतदाता से वंचित हो रहे हैं, जो तन-मन ही नहीं बल्कि धन से भी समाज की भरपूर सेवा कर रहे हैं। ऐसे सख्त कदम समर्पित समाज सेवियों को कहीं समाज से दूर तो नहीं ले जाएँगे? यदि ऐसे लोगों कि सेवा भावना पर इन नियमों के सहारे उंगुली उठाई जा सकती है, तो फिर उन 16 लोगों के योगदानों की भी समीक्षा जरूरी है, जो महासभा के शीर्ष पदों पर बैठे हैं। इसके लिये भी अवश्य नियम बनाना चाहिये। इस जोधपुर महाधिवेशन के हिसाब को लेकर भी आमजन में कई तरह की चर्चा हो रही हैं।

यहां यह भी विचारणीय हो गया है कि मां रत्नीदेवी काबरा जैसी वरिष्ठ सदस्या उम्र के इस पड़ाव पर भी समाज को अपना सहयोग देना चाहती हैं। उन्होंने जोधपुर अधिवेशन में भी 11 करोड़ रुपये के एक ट्रस्ट की सौगात समाज को दी है। ऐसे में उनसे उम्र के इस पड़ाव पर उपस्थिति की अनिवार्यता का पालन करवाना कहां तक उचित है? उन्हें मतदान से बाहर रख हम समाज का अहित ही कर रहे हैं। इसी प्रकार कई ऐसे सदस्य-सदस्याओं को मात्र इसलिये बाहर रखा गया क्योंकि उनका सदस्यता शुल्क जमा नहीं था। इनमें से अधिकांश ऐसे समर्थजन हैं जो समाज की एक आवाज पर अपनी तिजोरियाँ खोल देते हैं। क्या उनसे संपर्क कर सदस्यता शुल्क नहीं लिया जा सकता था? आखिर ऐसा करने के पीछे लक्ष्य क्या है?

***- रामस्वरूप धुत, इंदौर***

*कार्यकारी मंडल सदस्य, महासभा*

## सख्त नियम ही सही



सामाजिक संगठनों में सख्त नियम बहुत जरूरी हैं। सामाजिक संगठन में सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण से विलग परिवारों को मत नहीं देने का जो निर्णय लिया गया है, वह उन परिवारों के हित में ही है। सामाजिक सर्वेक्षण में परिवार नहीं जुड़ रहे हैं, तो क्या ऐसा नहीं लगता जैसे वह जता रहे हैं कि हमें समाज से कुछ लेना-देना नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण इसलिए करवाया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कुछ सहायता समाज कर सके। सामाजिक संगठनों द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बहुत सी योजनाएं लागू की गई हैं। कुछ योजनाएं समाज के एजेंडे में हैं, उनका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति तक पहुंचे यह समाज का उद्देश्य होगा। जब तक नियम सख्त नहीं होते तब तक हम उनका पालन भी नहीं करना यह हमारी मनःस्थिति होती है। इसीलिए शायद समाज को कड़क नियम बनाने पड़े हैं। हम देखते आए हैं कि पहले भी सामाजिक दृष्टिकोण से कुछ नियम बने थे जैसे शादी में 'व्यंजनों की सीमित मात्रा' पर नियम सख्त ना होने के कारण हम ही उनका पालन नहीं कर रहे हैं। अतः आवश्यक हो गया है कि समाज की भलाई के लिए सामाजिक संगठन थोड़ा सख्त हो जाए।

**- सुनीता मल्ल,** आमगांव

## कहीं रूस जैसी स्थिति न बन जाए



मैं व्यक्तिगत रूप से सामाजिक सगंठन के नियम खुशी से मानता हूं। इसको लागू करने के अलग-अलग तरीके हैं। जिस समाज में धर्म और नीति-नियम के पांव लड़खाने लगते हो तो समाज में संस्कार खत्म होने लगेगा। यह आज प्रत्येक चिंतनशील व्यक्ति अनुभव करता है। सत्य, नैतिकता और चरित्र की चर्चा तभी होगी जब समाज में नियम होगा। नियम सख्त-असख्त दोनों हो सकते हैं। आज हमारा समाज जिस दौर से गुजर रहा है, उससे मुझे भय लग रहा कि हमारा समाज रूस जैसा न हो जाए? समाज शनैः-शनैः रूस की तरह ही टुकड़ों-टुकड़ों में विभक्त होने के कगार की ओर बढ़ रहा है। कर्तव्य परायणता कमजोर हो रही है। येन-केन प्रकारेण सत्ता पर कब्जा करना ही उनका एकमात्र उद्देश्य बन गया। इनको संरक्षण देने के लिए भी कुछ व्यक्ति ही जिम्मेदार हैं। जब अपना उल्लू सीधा करना हो तो संविधान को तोड़-मोड़कर फायदा उठाते हैं। मैं आज सभी से आह्वान करता हूं कि समाज में रचनात्मक विचारधारा के साथ आकर गंदगी पूर्ण विचार वालों का सुधार करके समाज सगंठन को बढ़ाने में योगदान दें।

**- श्यामसुंदर धनराज लखोटिया**

मालेगांव नासिक


## कठोरता उचित नहीं



अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा का प्रादुर्भाव आज का नहीं है। कार्यकारिणी और समस्त पदाधिकारी नियमों के अंतर्गत कार्य निरंतर कर रहे हैं। हम सभी सामाजिक प्राणी हैं, और समाज में रहने के लिए कुछ नियमों का पालन आवश्यक है भी, क्योंकि नियंत्रण विहीन स्वतंत्रता कब उद्दंडता में परिवर्तित हो जाए पता नहीं चलता। अनुशासन का स्वरूप भले ही अलग हो किंतु इसके बिना ना परिवार चल सकता है, ना समाज और ना ही राष्ट्र। निःसंदेह सामाजिक संगठनों को नियमावली के तहत कार्य करने ही चाहिए किंतु इन नियमों को बलपूर्वक या आनन-फानन में लागू करने के बजाय धीरे-धीरे स्थानीय संगठनों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। कठोर नियमों की आयु ज्यादा नहीं होती इस बात का इतिहास गवाह है। 'झुक गए वो खड़े रहे अडिग तेज आंधियों में, टूटकर बिखर गए वो दरख्त जो अकड़ में रहे'। अतः कठोर नियमावली से आम समाजजन और ज्यादा मुख्यधारा से विमुख होते जाएंगे। तो बेहतर यही है कि महासभा श्रृंखलाबद्ध योजना बनाए और स्थानीय सामाजिक संस्थाओं, जिला तथा प्रदेश सभी की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए नियमों का क्रियान्वयन करे क्योंकि हमेशा से बीच का रास्ता ही बेहतर रहा है।

**- मनीषा राठी**, उज्जैन (म.प्र)

## नियमों का सरलीकरण हो



संगठन हो या कोई अन्य जगह वहां नियम-कायदे अति अनिवार्य पक्ष होता है। समाज के मंच पर संगठन एक महत्वपूर्ण स्तंभ होता है। सत्ता के विकेंद्रीकरण के साथ संगठन की समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच हो तभी उसकी सार्थकता होती है और उस अंतिम व्यक्ति की उपयोगिता व उससे काम लेने का दायित्व भी समाज-संगठन का है। समाज के संगठनों में चुनाव एक प्रक्रिया होती है। उसमें नियम हों तो कोई बात नहीं लेकिन नियम का सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। ताकि समाज बिखरे हुए हुनर को सहेज कर उसको समाजोपयोगी कार्यों में इस्तेमाल करे, तो सफलताएं खुद-ब-खुद कदम चूमने लग जाती हैं। पर सच्चाई तो यह है कि हम समाज में सेवा की गंगोत्री बनाने की जगह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं का दलदल बनाने से भी नहीं चूक रहे हैं। अभी हमारे जोधपुर जिला सभा के चुनाव संपन्न हुए। एक चुनावी नियम के चलते अधिकांश समाजबंधु चुनाव लड़ने से वंचित हो गए। इन चुनावों में महासभा की ओर से प्रकाशित होने वाली माहेश्वरी पत्रिका का सदस्य होना जरूरी था। हालांकि नियम का कोई विरोध नहीं पर क्या पत्रिका के सदस्य होने की अनिवार्यता ही एक माहेश्वरी के संगठन में आने का रास्ता तय करेगी? जरूर इस पर भी विचार होना चाहिए। समय अभी युवाओं का है तो महासभा को विश्वामित्र बन कर राम पैदा करने चाहिए। उसके लिए अगर नियम-कायदों का सरलीकरण करना पड़े तो समाजहित में कर लेना चाहिए। आखिरकार हमें आगे बढ़ना है।

**- नरसिंह करवा 'बंधु'**, जोधपुर

## हर समाजजन तक पहले पहुंचें



अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा समाज ने सभी पदाधिकारियों पर कठिन नियम लागू कर दिया है। जिस परिवार का नाम सामाजिक व आर्थिक सूची के सर्वे में नहीं है, उसे समाज में मतदान देने का अधिकार नहीं हैं। मेरा कहना यह है कि आपने जो कड़े नियम लगाए हैं, वह जरूरी हैं, लेकिन नियम चालू करने या लगाने से पहले प्रत्येक गांव में जाकर सर्वे किया है, क्या? वाट्सएप, पेपर व पत्रिका में केवल लिखा है और नियम लागू कर दिया, यह तो गलत होगा। हमारे समाज में तीन चौथाई परिवार पत्रिका, पेपर नहीं लेते हैं, कुछ चौथाई परिवार वाट्सअप भी नहीं जानते हैं। उन्हें मताधिकार छीनता लगता है, तो अपने समाज के बढ़ने में भी कमी आएगी। जब उनको पता चलेगा कि हमारा मताधिकार नहीं है, हमारे समाज में ही, तो समाज में दरारें बढ़नी जायज हैं। जब दरारें बढ़ेंगी तो समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा। मैं नियम के विरुद्ध नहीं हूं, पर जो भी नियम लागू हों, वह सभी समाजबंधुओं को पता होना चाहिए। मिलकर बैठकर विचार जरूर करें। नियम लगाना सरल है, पर उसको पूरी तरह निभाना कठिन हो सकता है। सभी सहयोग करें, समाज के व्यक्ति व सभी मिलकर बात करें और हमारे जो भी बच्चे, भाई-बहन हैं, उन्हें मताधिकार से अलग नहीं रहने दें।

**- भगवती शिवप्रसाद बिहानी**
नाजिरा, सिब सागर, असम

## सख्त नियम बिल्कुल उचित



यह विषय इस समय आया क्योंकि अखिल भारतीय महासभा के चुनाव हैं। उसमें कुछ बड़ों धनाढ्यों या विशिष्ट को मताधिकार से वंचित रहना पड़ा है। कारण कुछ भी हो पर अनुशासन के बिना कोई देश, संगठन नहीं चल सकता। आज सेना व पुलिस बल अनुशासन के कारण बेहतरीन ढंग से चल रहे हैं, पर अन्य सरकारी या गैर सरकारी उपक्रम अनुशासन के अभाव में जगह-जगह विषमता उत्पन्न करते हैं। अनुशासन सीखना है, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में आईये, देखिये कैसे कार्य होता है? अनुशासन कैसे होता है? क्या है अनुशासन? महासभा का मैं भी कार्यकारी मंडल का सदस्य हूं, हर माह व तीन माह में चाहे माहेश्वरी की सदस्यता हो, बैठकों में उपस्थित या सोशल इंजीनियरिंग डाटा हो, हर समय महासभा द्वारा प्रदेश सभा को अवगत कराया गया। फिर भी हम कोई अर्हता पूरी नहीं करते, तो जिम्मेदारी किसकी? लेकिन इस बार बड़े महानुभावों के वोट कटे तो प्रश्न उठा। कभी प्रश्न सामान्य व्यक्तियों के नाम कटने पर क्यों नहीं उठता? सोशल इकोनामिक डाटा का फायदा किसके हित में है? आप विचार करें। जो समाज की प्रगति में साथ ही नहीं रह सकता, समाज में साथ नहीं चल सकता, अर्हता पूरी नहीं करता, मताधिकार भी नहीं रख सकता है। समाज का सहयोग करें तभी बढ़ेगा समाज, देश व धर्म।

**- नवल माहेश्वरी**
कार्यकारी मंडल सदस्य मध्य उत्तर प्रदेश हरदोई

*इंसान*
*वह लड़ाई*
*कभी नहीं जीत सकता*
*जिसमें दुश्मन*
*उसके खुद अपने हों.*

स्थापित : 1969 || जय महेश || पंजीबद्ध संस्था

-: हार्दिक शुभकामनाओं सहित :-

# श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन

प्रधान कार्यालय :- महेश मार्ग, पुष्कर - 305022 (राजस्थान)

फोन : 0145-2772038, 2773128 मो. 8769646438

Email : abmsevasadan@gmail.com Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

**सेवा सदन के विविध भवनों में शुद्ध सात्विक भोजन तथा वातानुकूलित, डीलक्स एवं कूलर-पंखा सहित कमरों, डोरमैट्री एवं सभागार की सुविधाएं उपलब्ध है।**

महेश मार्ग, रमणरेती रोड,
वृन्दावन-281124 (उत्तरप्रदेश)
फोन : 0565-2540421, मो. 9412280732

दूधाधारी मंदिर के सामने, ऋषिकेश रोड,
हरिद्वार-249401 (उत्तराखण्ड)
फोन : 01334-261636, 261141 मो. 9897125873

बस स्टेण्ड के पास,
बद्रीनाथ-246422 (उत्तराखण्ड)
मो. 9897125873

नाथूवास रोड, नाथद्वारा-313301
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02953-232301, 231379 , मो. 7297933441

केलवाड़ा रोड़, चारभुजा-गढ़बोर-313333
जिला-राजसमंद (राजस्थान)
फोन : 02954-248200, मो. 9116361993

पोकरण रोड़, रामदेवरा-345023
जिला-जैसलमेर (राजस्थान)
मो. 9828031104, 7014432781

परिक्रमा मार्ग, मुखारविन्द के पास, जतीपुरा-281502
वाया-गोवर्धन,जिला-मथुरा (उ.प्र.)
मो. 7419120329

प्लॉट नं. 7-8, रामसुख नगर, क्यूरियो क्राफ्ट रोड़ नं. 11
के पास, एम्स रोड़, बासनी, जोधपुर (राज.)
फोन : 0291-2744688, 2744588

**मुख्यालय-पुष्कर, शाखा-वृन्दावन, हरिद्वार, नाथद्वारा,चारभुजा-गढ़बोर, जोधपुर, जतीपुरा, रामदेवरा, बद्रीनाथ में ऑनलाईन अग्रिम कमरा आरक्षण हेतु वेब-साईट का उपयोग कर कमरा बुक करें।**

Website : www.maheshwarisevasadan.com / www.abmssp.com

-: विशेष जानकारी एवं निवेदन :-

नाथद्वारा में नवीन "श्रीनाथ भवन" का निर्माण-कार्य समयानुरुप चल रहा है।
अतः दानदाता एवं विशेष सहयोगी बनकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने में सहयोग करें।
आपके द्वारा दी गई दानराशि पर 80-जी के अन्तर्गत छूट देय है।
आपके द्वारा दान में दी गई दो लाख रुपये या ज्यादा की राशि पर आपका नाम उचित स्थान पर सुन्दर अक्षरों में ग्रेनाइट पत्थर पर अंकित किया जायेगा ।



# अब कहाँ वो ? दीपावली

दीपावली यानी दीपों का त्योहार। दीपावली त्योहार पांच पर्वों का त्योहार है, क्योंकि यह 5 दिन तक मनाया जाता है। कार्तिक मास की त्रयोदशी से शुक्ल द्वितीया तक यह त्योहार मनाया जाता है। जिसमें कार्तिक माह की अमावस्या को मुख्य दीपावली पर्व होता है। अर्थात धनतेरस से भाईदूज तक यह त्योहार चलता है। आज से 50 वर्ष पहले तक इसको बहुत उत्साह उमंग से मनाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के चलते गांवों और शहरों सभी जगह दीपावली का परंपरागत स्वरूप बदल गया है। इसमें बदलाव क्या आया है। आईये जाने समाज के वरिष्ठों से उनकी भूली बिसरी यादें।



- **स्वाति मानधना**, बालोतरा (राज.)

## सबकुछ औपचारिक हो गया



अब वह बात कहां जो हमारे समय में हुआ करती थी। हम महीने भर पहले से घर की साफ सफाई में लग जाते थे। ऐसा माना जाता है कि जो घर साफ सुथरा होता है, वहीं लक्ष्मीजी निवास करती हैं। हर वर्ष दीपावली पर घर की पुताई की जाती थी। वह भी सभी घरवाले मिल-जुलकर करते थे। अब तो वह पुताई देखने को भी कहां है? सभी मकानों में कलर किए हुए हैं और कलर भी ऐसी जिसका सालों तक कुछ नहीं बिगड़ता। इसलिए कोई हर साल करवाता ही नहीं। पुताई करने पर घर के कोने-कोने की सफाई हो जाती थी। घर के सारे बर्तन पीतल, तांबे, स्टील, चांदी सभी को मांजा जाता था। पूरा घर साफ होकर चमक उठता था। सारे कामों को करने में महीना लग जाता था क्योंकि सारा काम स्वयं घरवालों द्वारा किया जाता था।

धनतेरस के दिन आजकल तो सिर्फ सोना-चांदी ही खरीदते हैं, हमारे समय में तो पीतल के बर्तन भी खरीदे जाते थे। रूप चौदस के दिन सवेरे जल्दी उठकर स्नान करते थे। ऐसा माना जाता था कि सवेरे जल्दी उठकर स्नान करने से रूप में निखार आता है। आजकल कौन जल्दी उठता है? उठ भी जाएं, तो कोई जल्दी उठकर नहाता नहीं। दीपावली के दिन गेरू और चूने से मांडने मांडे जाते थे। जो हमारी परंपरागत दिवाली का विशेष हिस्सा थे। फूलों की बंदनवार बनाकर घर के दरवाजों को सजाते थे। आजकल तो हर चीज रेडीमेड व आर्टिफिशल हो गई है। दीपक का स्थान भी कृत्रिम रोशनी ही लेती जा रही है। दीपावली के अगले दिन रिश्तेदारों के यहां मिलने जाते थे। सुबह सवेरे से ही घर में मिलने वालों की रौनक चालू हो जाती थी। पूरा दिन लोगों की आवभगत में निकल जाता था। सबके लिए अलग-अलग प्लेट में नाश्ता परोस कर लाते व मान-मनवार के साथ प्लेट पूरी खाली करवाते। अब तो ट्रे में नाश्ता सजाकर टेबल की रौनक बढ़ा दी जाती है। कोई आता है तो ढक्कन हटाया फिर वापस लगा दिया। बस इतनी ही मान-मनवार रह गई है। घर में आने वाले प्रत्येक छोटों को खर्ची दी जाती थी। अब तो बराबरी के चक्कर में बच्चों की आमदनी का यह जरिया खत्म ही हो गया है। घर में मिलने आने वालों में सिर्फ परिवार के रिश्तेदार ही रह गए हैं। गनीमत है कि गांव में रिश्तेदार तो मिलने आते हैं, शहरों में तो दीपावली के अगले दिन सब की बाहर घूमने जाने की टिकट बनी होती है, क्योंकि उन्हें पता है कि ना तो उन्हें कहीं जाना है और ना ही उनके यहां पर कोई आने वाला है। वे छुट्टियों का लुफ्त उठाने के लिए घूमने निकल पड़ते हैं।

**- लीला मानधना**

## अन्नकूट से होती थी नई सब्जियों की शुरुआत



बहुत कुछ बदला है। अन्नकूट को ही ले लें। इस ऋतु में आने वाली सब्जियां जैसे गाजर, मूली, मोगरी, फूल व पत्ता गोभी, बैंगन, मैथी, कद्दू आदि को दीपावली के अगले दिन रामा सामा के दिन से ही खाना शुरू करते थे। घरों में अन्नकूट बनाया जाता था। इसमें सभी मौसमी सब्जियां, बाजरे का दलिया और सभी पकवान मिलाकर छप्पन भोग तैयार किए जाते हैं। मौसमी सब्जियों को इस दिन के बाद ही घर पर लाकर बनाते हैं। अब तो 12 महीने ही सभी सब्जियों का आनंद

लो। अब ना तो वह स्वाद है, ना ही वह मजा। मंदिरों में भी अन्नकू होता था, प्रसाद के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी रहती थीं। आजकल के बच्चों को कहां अन्नकूट का स्वाद पसंद आता है? क्योंकि उनकी जीभ तो पिज्जा और बर्गर की आदी हो चुकी है और फिर लाइन में खड़े रहकर प्रसाद मांग कर लाना भी उन्हें गंवारा नहीं। रामा सामा करने सारे माहेश्वरी घरों में मिलने जाते थे। सभी की कुशल खैर पूछते। रिश्तेदारी ना हुई तो क्या हुआ प्रेम की डोर से तो बंधे हुए ही थे। वास्तव में देखा जाए तो असली दीपावली तो हमारे समय थी।

- **उषा पुंगलिया**, बालोतरा

## भावनाओं का फर्क हो गया



दीवाली पहले भी मनाते थे और आज भी मनाते हैं, फर्क सिर्फ दीवाली मनाने के तौर-तरीके, उत्साह और भावनाओं का हो गया है। पहले दीवाली आने से मन में त्योहार के प्रति उत्साह रहता था, जिसकी तैयारी हम महीनों पहले से ही शुरू कर देते थे। सारा काम अपने हाथों से ही करते थे, साफ-सफाई से लेकर तरह-तरह की मिठाइयां, नमकीन बनाना, पूरे घर को सजाना, रंगोली बनाना आदि। अगर हमारे पड़ोसी/रिश्तेदार के घर कोई असुविधा होती तो हम उनके घर भी मिठाई देते तथा दीपक जलाते। दीपावली के दिन मिट्टी के दीपों से पूरे घर को रोशन करना, गणेश लक्ष्मीजी का पूजन करना तथा घर में बनी हुई शुद्ध घी की मिठाई का भोग लगाना खास होता था। रात में दीपक की रोशनी में पटाखे छोड़ने से मन को खुशहाली का सुकून मिलता था। दिवाली के दूसरे दिन सभी एक-दूसरे के घर जाकर बड़ों को प्रणाम कर आशीर्वाद लेते थे। व्यक्तिगत रूप से मिलते, सभी जाति-धर्म के लोगों से राम-राम करते। आज समय के साथ बहुत बदलाव आ गया। बाजार की मिठाई से भगवान को भोग लगाया जाता है तथा कई घरों में केक-पेस्ट्री का भी भोग लगता है। घी-तेल के दीपक की जगह विद्युतीय शक्ति से जलने वाली रोशनी तथा मोमबत्तियों का प्रयोग किया जाता है। पड़ोसियों के घरों में त्योहार मनाया जा रहा है या नहीं कोई खबर नहीं होती है। समयाभाव को बताते हुए वाट्सएप व फेसबुक द्वारा हाय हेलो कर लेते हैं। मोबाइल से राम-राम कर लेते हैं। आजकल के लोगों को हर उत्सव में बाहर खाना पीना, घुमना-फिरना, मौज-मस्ती करना ज्यादा अच्छा लगता है। पश्चिमी सभ्यता के संपर्क में आने से आजकल के लोगों की भावनाओं में बहुत बदलाव आ गया। पहले की दीवाली अब हमारे दिलों में यादगार/इतिहास बनकर रह गई है।

- **सरोज श्यामसुंदर लड्ढा**, कोलकाता


दीप पर्व दीपावली पर हार्दिक शुभकामनाएँ

**अहिंसा अर्बन को ऑप. क्रेडीट सोसायटी मर्या.**

मलकापूर, रजि. नं. 1243

नेमाणे कॉम्पलेक्स, बी.जी.टी.आय रोड, मलकापूर-443101 फोन - (07267) 227315

**वैशिष्ट्ये**

अहिंसा ठेव योजना

फक्त 72 महीन्यात दाम दुप्पट

संस्थेच्या ठेविवरील आकर्षक ब्याज दर

**मुदती ठेव**

- 30 दिवस ते 90 दिवस 8%
- 91 दिवस ते 6 महीने 9%
- 7 महीने ते 15 महीने 10%
- 16 महिनेचे वर 11%

**आकर्षक आवर्तक ठेव योजना**

1031 रू. दरमहा गुंतवा व 6 वर्षांने

1 00 000 रू. मिळवा.

(मर्यादीत कालावधी करीता)

- जेष्ठ नागरीक, सहकारी संस्था, विधवा, अपंगांसांठी 1/2% अधिक ब्याज दर.

आपले स्नेहाकीत

श्री. पंकज चिमनलालजी मुंधडा — अध्यक्ष

सतिष हेमराज बंग — सचिव

श्री. मनोज रतीलालजी भिमजीयाणी — उपाध्यक्ष

तथा संचालक मंडल व कर्मचारी वृंद

अहिंसा अर्बन को-ऑप. क्रेडीट सोसायटी मर्या. मलकापूर



**लंबे समय से राम जन्मभूमि को मुक्त करवाने के लिये आंदोलन चल रहे हैं। अब संभवत: शीघ्र ही सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के साथ यह मुक्त हो जाऐगी। समाज इस पर गर्व कर सकता है कि जब रामजन्म भूमि मुक्ति का इतिहास लिखा जाऐगा तो उसमें माहेश्वरी समाज का नाम भी स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा। कारण है, माहेश्वरी समाज के वे अमर शहीद कोठारी बंधु जिन्होंने इसके लिये अपना बलिदान दिया था। माहेश्वरी समाज भी उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष कोठारी बंधु शौर्य स्मृति पुरस्कार देकर अपने आपको गौरवान्वित महससू करता है।**

# रामजन्मभूमि के अमर शहीद कोठारी बंधु

टीम SMT

कहा जाता है कि अयोध्या में जिस स्थान पर भगवान राम का जन्म हुआ था, वहां बने मंदिर को आक्रमणकारी बाबर ने तहस-नहस कर मस्जिद का निर्माण कर दिया था। इसे पुनः हिन्दू समाज को सौंपने के लिये सतत आंदोलन चले। अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर की मुक्ति हेतु हिन्दुओं व रामभक्तों ने जो आंदोलन चलाया उसमें माहेश्वरियों ने भी ना सिर्फ बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, बल्कि अपनी जान की आहुतियाँ तक दी। कलकत्ता के दो माहेश्वरी युवक राम कोठारी और शरद कोठारी इन दो सगे भाइयों ने अयोध्या मे राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बनाने के आंदोलन में अपना बलिदान दे दिया था। 2 नवम्बर 1990 को अयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन में शहीद हुए रामभक्त कारसेवकों की याद में उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए दिगंबर अखाड़ा प्रतिवर्ष 2 नवम्बर को कोठारी बंधुओं की तस्वीरों के साथ 'शहीद दिवस' के रूप में मनाता है। माहेश्वरी समाज की सर्वोच्च धार्मिक-आध्यात्मिक-सामाजिक प्रबंधन संस्था 'माहेश्वरी अखाड़ा' (दिव्यशक्ति योगपीठ अखाड़ा) ने रामभक्त अमर बलिदानी कोठारी बंधुओं को माहेश्वरी समाज के सर्वोच्च सम्मान 'माहेश्वरी रत्न' से नवाजा है। 2 नवम्बर 1990 को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने के लिए हुए आंदोलन में अपनी जान का बलिदान देने वाले कोठारी बंधुओं को व उनके बलिदान को हिन्दू समाज, तमाम रामभक्त और माहेश्वरी लोग कभी नहीं भूल सकते।

## ऐसे हुए थे कोठारी बंधु शहीद

सन् 1990 के अयोध्या राम मंदिर आंदोलन को लेकर "अयोध्या चलो" के आह्वान पर लाखों रामभक्त अयोध्या पहुंचे थे। वहां किसी बड़े हंगामें की आशंका को लेकर बड़ी संख्या में पत्रकार भी अयोध्या पहुंचे थे। रामभक्त कारसेवकों पर गोलियां चलाने की घटना के समय अयोध्या के पत्रकार महेन्द्र त्रिपाठी भी मौके पर मौजूद थे, वे इसके प्रत्यक्षदर्शी थे और उन्होंने तमाम ऐसे फोटो लिए थे, जो देश के ही नहीं विदेशों के मीडिया व अखबारों की भी सुर्खियां बने। इस गोलीकांड के प्रत्यक्षदर्शी इन्ही पत्रकार महेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, 2 नवम्बर 1990 की सुबह अयोध्या के हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने लाल कोठी के समीप संकरी गली में भरे कारसेवकों पर तत्कालीन उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश पर पुलिस ने गोलियां चला दी। इसमें कारसेवा करने आये इन कारसेवकों का नेतृत्व कर रहे कलकत्ता के राम कोठारी को गोली मार दी गई। पुलिस से भाई का शव उठाने की अनुमति लेकर शरद कोठारी ने जैसे ही 'जय श्रीराम' का नारा लगाकर अपने भाई राम कोठारी का शव उठाया तो उसे भी पुलिसवालों ने गोली मार दी और मौके पर ही दोनों कोठारी भाइयों की मौत हो गई। कोठारी बंधुओं को मारने के बाद वहां उपस्थित साधु-संतों और कारसेवको पर भी पुलिस ने गोलियां चला दी, जिसमें अनेको साधु संत और कारसेवक मारे गए। फिर अयोध्या के अलग-अलग स्थानों पर जमा साधु संत और कारसेवकों पर भी पुलिस ने गोलियां चलाई थी।



कै. राम कोठारी    कै. शरद कोठारी

## शौर्य दिवस पर दी जाती है श्रद्धांजलि

आगे के घटनाक्रम में फिर गीता जयंती के शुभ दिन (6 दिसम्बर, 1992) को पुनः कारसेवा की तिथि निश्चित की गयी जिसमें आक्रोशित हो उठे कारसेवकों ने वहाँ के तीनों गुम्बद गिरा दिये और इसके बाद वहाँ विधिवत श्री रामलला को भी विराजित कर दिया गया। 6 दिसम्बर 1992 को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर रामलला के विराजित होने से राम जन्मभूमि पर राम मंदिर के लिए बलिदान देनेवाले कारसेवकों का शौर्य सफल हुआ। इसलिए प्रतिवर्ष 6 दिसम्बर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और उसके सहयोगी बजरंग दल आदि समवैचारिक संगठन इसे शौर्य दिवस के रूप में मनाते है, सेलिब्रेट है। शौर्य दिवस के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सन 1990 के अयोध्या राम मंदिर आंदोलन मे बलिदान देनेवाले प्रथम बलिदानी कोठारी बंधुओं की तस्वीर को रखकर प्रतीकात्मक रूप से राम मंदिर के लिए अपनी जान का बलिदान देनेवाले तमाम बलिदानी कारसेवकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

## रामजन्म भूमि के कई तथ्य मौजूद

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या राम जन्मभूमि विवाद का जो केस चल रहा है उसमे 'रामलला विराजमान' भी एक पक्षकार है। कहा जाता है कि ध्वस्त ढांचे की दीवारों से 5 फुट लंबी और 2.25 फुट चौड़ी एक पत्थर की एक शिला मिली। विशेषज्ञों ने बताया कि इस पत्थर की शिला पर बारहवीं सदी में संस्कृत में लिखी 20 पंक्तियां उत्कीर्ण थीं, जिसमें पहली पंक्ति की शुरुआत 'ओम नमः शिवाय' से होती है। 15वीं, 17वीं और 19वीं पंक्तियां स्पष्ट तौर पर बताती हैं कि यह मंदिर 'दशानन (रावण) के संहारक विष्णु हरि' को समर्पित है। मलबे में करीब ढाई सौ हिन्दू कलाकृतियां भी पाई गईं जो फिलहाल न्यायालय के नियंत्रण में हैं। अब सर्वोच्च न्यायालय में इस प्रकरण की सुनवाई लगभग समाप्त हो चुकी है। संभावना शीघ्र ही इस संबंध में निर्णय होने की है। निर्णय जो भी हो एक आदर्श नागरिक के रूप मे उसे स्वीकारना हमारा कर्तव्य है, लेकिन एक बात अवश्य है कि इस प्रकरण को तथ्यों से पुष्ट करवाने में भी इन शहीदों का ही योगदान है, जिसे हिन्दू समाज व राष्ट्र कभी भूल नहीं पाऐगा।


दीपावली पर्व पर सभी समाज बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई
॥ जय महेश ॥
उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन
उज्जैन (म.प्र.)
सत्र 2019-2022
कृष्णा जाजू
पूर्व अध्यक्ष, उज्जैन
राधा असावा
अध्यक्ष, खाचरौद
हेमलता मोहात
सचिव, नागदा
दीपाली सोमानी
कोषाध्यक्ष
मनीषा राठी
संगठन मंत्री
दीपा राठी
प्रचार मंत्री
तारा मोहता
उपाध्यक्ष
किरण डोडिया
उपाध्यक्ष
किरण झंवर
उपाध्यक्ष
जया बींझानी
उपाध्यक्ष
नमिता तोषनीवाल
सहसचिव
ज्योति पलोड़
सहसचिव
रेखा परवाल
सहसचिव
ज्योति मोहता
सहसचिव


दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ
ना.ना. मूंदड़ा
कृषि उत्पन्न बाजार
कृषि उपज बेचने के लिये सरकारी मान्यता प्राप्त
सभी आधुनिक सुविधा के साथ
रामचंद्र मूंदड़ा
9423611151
हरीश मूंदड़ा
9423611152
योगेश मूंदड़ा
9423611152
आशीष मूंदड़ा
9423611154
मालेगांव (वाशिम)

## बृहस्पति का राशि परिवर्तन

**देवगुरु बृहस्पति 5 नवम्बर को प्रातः 5.17 बजे मूल नक्षत्र के प्रथम चरण में प्रवेश करते ही वृश्चिक से धनु राशि में प्रवेश करेंगे। धनु राशि में बृहस्पति स्वराशि गृही होंगे। अतः निश्चय ही यह गोचर शुभ फलों की वृद्धि करेगा।**



# क्या शुभ फल लेकर आ रहे हैं गुरुदेव बृहस्पति

अपने स्वामित्व वाली राशि धनु में गुरु का भ्रमण दिनांक 5 नवम्बर, 2019 से प्रारम्भ होगा। गोचर फलित के अनुसार जब गुरु आपकी राशि से 1, 4, 8 अथवा 12 वें स्थान पर आते हैं तो कष्टदायक, हानिप्रद व व्यवसाय में असफलता प्रदान करते हैं। गुरु के धनु राशि में परिभ्रमण से यह धनु, कन्या, वृष तथा मकर राशि के लिए क्रमशः 1, 4, 8 व 12 वां होने के कारण अशुभ फलदायक होगा। अन्य राशि के जातकों के लिए गुरु गोचर में प्रायः शुभफल ही प्रदान करेगा। गोचर में गुरु द्वारा प्रदत्त अशुभफल जन्म कुण्डली में स्थित ग्रहों के योगायोग तथा दशान्तर्दशा के अधीन होते हैं। गुरु के राशि परिवर्तन से विवाह योग्य कन्याओं के लिए विवाह मुहूर्त प्रभावित होते हैं।

धनु में गोचरीय भ्रमण से गुरु की मेष, मिथुन एवं सिंह राशि पर क्रमशः 5, 7 व 9वीं पूर्णदृष्टि रहेगी। धनु राशि में भ्रमणवश गुरु 15 दिसम्बर, 2019 को पश्चिम में अस्त होकर दिनांक 9 जनवरी, 2020 को पूर्व में उदय होंगे, इस दौरान मांगलिक और शुभ कार्य वर्जित रहेंगे।

### बृहस्पति का गोचर फलः

गोचर भ्रमणवश बृहस्पति आपकी राशि से दूसरे, पांचवें, सातवें, नवमें और ग्यारहवें स्थान पर रहने से शुभ फल देते हैं। पंचम, सप्तम एवम् नवमस्थ हो तो जातक की क्रियात्मक शक्ति प्रखर होती है। द्वितीय तथा एकादश स्थान में बृहस्पति विशेष धन, ऐश्वर्य तथा भौतिक सुख सुविधा प्रदान करता है। धनु में गतिशील गुरु सिंह, मिथुन एवं मेष राशि के लिए क्रमशः पंचम, सप्तम एवम् नवमस्थ रहेगा और वृश्चिक, कुम्भ राशि के लिए क्रमशः द्वितीय, एकादश स्थान में गति करेगा। कन्या राशि के जातकों के लिए चतुर्थस्थ बृहस्पति इस अवधि में स्थान परिवर्तन, मानसिक उद्वेग, चित्त की अशांति, व्यवसाय में अस्थिरता तथा कुटुम्बियों द्वारा यातना दिलाता है। गुरु के राशि परिवर्तन से इनके शुभाशुभ फलों से प्रायः सभी राशियां प्रभावित होंगी। गुरु के व्रत, दान, जप विष्णु सहस्त्रनाम आदि के पाठ करने से इनकी अशुभता में कमी आकर शुभ फलों की प्राप्ति होती है।

### ग्रह की प्रवृत्ति पर निर्भर फल

गुरु द्वारा प्रदत्त शुभाशुभ फल उसकी प्रवृत्ति पर निर्भर करता है। अपनी प्रवृत्ति से गुरु आध्यात्मिक एवं न्यायप्रिय ग्रह है। यह ज्ञान, सुख, धन तथा अनुशासन का अधिष्ठाता है। अतः शुभ गुरु के प्रभाव से व्यक्ति अनुशासन में रहना पसंद करते हैं और दूसरों से भी अनुशासन की अपेक्षा करते हैं। ऐसे व्यक्ति महत्वाकांक्षी होते हैं। सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा अध्ययन-अध्यापन में इनकी रुचि होती है। अशुभ गुरु अपने क्षेत्राधिकार वाले सभी क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। फलस्वरूप धनाभाव, संतान पीडा, अज्ञानता, अनैतिकता तथा अनुशासनहीनता के कारण व्यक्ति कष्ट पाता है। अशुभ गुरु के प्रभाववश कफ, जलोदर, संग्रहणी, पाचनक्रिया के रोग तथा वसा से उत्पन्न रोग हो सकते हैं। भारतीय ज्योतिष में बृहस्पति को सर्वाधिक शुभ ग्रह कहा गया है। बृहस्पति अज्ञान को दूर कर सद्गति की राह पर चलने के लिए जातक को उत्प्रेरित करते हैं। गुरु एक राशि में लगभग 13 माह तक रहता है। गुरु द्विस्वभावगत राशियों - धनु और मीन के स्वामी हैं। चर राशिगत कर्क में उच्च और चर राशि मकर में नीच के होते हैं। अपने से 5, 7 तथा 9 वें स्थान को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं। गुरु की दृष्टि शुभफलदायक होती है। यह ईशान दिशा का प्रतिनिधि है।



ज्योतिर्विद्र डॉ. महेश शर्मा
बी- 47, माडल टाउन,
मालवीय नगर, जयपुर
मोबाइल- 9414370518

### जन्मकुंडली में गुरु का प्रभाव

फलित ज्योतिष के अनुसार जन्मकुंडली में गुरु की स्थिति से आत्मशक्ति, आध्यात्मिक प्रवृति, संचित पुण्य तथा व्यक्ति विशेष के आचार-विचार का ज्ञान होता है। यदि लग्न के साथ बृहस्पति का शुभ

दीपावली के पावन पर्व पर सभी समाजजनों को

## हार्दिक शुभकामनाएँ

नव निर्वाचित पदाधिकारीगण

# शाजापुर-आगर जिला माहेश्वरी सभा



**अशोक सोमानी**
अध्यक्ष
शुजालपुर



**हरीश डांगरा**
सचिव
मोमन बडोदिया



**महेंद्र माहेश्वरी**
कोषाध्यक्ष
आगर



**रघुनंदन पलोड**
संगठन मंत्री
आगर



**श्रीकांत गिलड़ा**
प्रचार मंत्री
आगर



**कमल माहेश्वरी**
उपाध्यक्ष
शाजापुर



**दामोदर चांडक**
उपाध्यक्ष
पोलायकला



**सचिन सोडानी**
संयुक्त सचिव
आगर



**हरीश केला**
संयुक्त सचिव
बड़ोदिया



**अजय राठी**
महासभा प्रतिनिधि
अकोदिया



**विनय मालानी**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
आगर



**महेश माहेश्वरी**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
आगर



**चतुर्भुज माहेश्वरी**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
नलखेडा



**वल्लभ चांडक**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
शाजापुर



**संजय केला**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
मोहन बड़ोदिया



**माधव धूत**
प्रदेश कार्यकारी मंडल प्रतिनिधि
अकोदिया



**अभिषेक बजाज**
प्रदेश संयुक्त सचिव,
पश्चिमांचल माहेश्वरी युवा संगठन
सुसनेर



**भारती माहेश्वरी**
अध्यक्ष



**माया डांगरा**
सचिव

शाजापुर-आगर जिला माहेश्वरी महिला संगठन

# आपका मत करेगा फैसला कौन होंगे
# माहेश्वरी ऑफ द ईयर-2019

विशिष्ट सेवा प्रदान करने वाली विभूतियों का सम्मान वास्तव में एक सामाजिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रेरक कार्य भी है, जो भावी पीढ़ी को भी मार्गदर्शित करता है। अपनी परम्परानुसार ''श्री माहेश्वरी टाईम्स समाज की उन विभूतियों को नववर्ष में माहेश्वरी ऑफ ईयर 2019 से सम्मानित करेगी, जिन्होंने किसी भी स्तर पर अपना विशिष्ट योगदान दिया है। यह सम्मान वास्तव में ऐसी विभूतियों की सेवाओं का सम्मान तो है ही, साथ ही इस अवसर पर ''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' में प्रकाशित होने वाली उनकी सफलता की कहानी समाज की नई पीढ़ी को कुछ नया और कुछ हटकर करने की प्रेरणा भी देगी, जिस पर समाज व राष्ट्र गर्व कर सकें।

**जो अपने कार्यों से समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं, ऐसी विभूतियों को ''माहेश्वरी ऑफ द ईयर'' से सम्मानित करना ''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' की अपनी परम्परा है। इस बार भी होगा ऐसी विभूतियों का सम्मान कौन होंगी ये विभूति इसका फैसला करेंगे आप। प्रबुद्ध पाठकों का मत ही होगा निर्णायक।**

## इस बार भी कई क्षेत्रों को सम्मान

श्री माहेश्वरी टाईम्स के प्रकाशन के साथ ही अवॉर्ड ''माहेश्वरी ऑफ द ईयर'' की गरिमामयी शुरुआत भी हुई थी। लगभग 14 वर्ष की सफलता की इस यात्रा में श्री माहेश्वरी टाईम्स समाज की कई शीर्षस्थ हस्तियों को इस सम्मान से सम्मानित कर चुकी है। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष एक ही विभूति को सम्मानित किया जाता था। इससे कई सेवा क्षेत्र की विभूतियाँ सम्मानित होने से वंचित रह जाती थीं। अतः प्रबुद्धजनों के परामर्शानुसार गत 6 वर्ष से इसके स्वरूप को और भी वृहद करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में पृथक-पृथक रूप से माहेश्वरी ऑफ द ईयर सम्मान दिया जाने लगा है। इसी शृंखला में इस बार भी राजनीति, समाज सेवा, शिक्षा, खेल, उद्यम, व्यवसाय, चिकित्सा आदि विभिन्न क्षेत्रों की शीर्ष विभूतियों की सम्मानित किया जाऐगा।

## इस बार भी फैसला आपके हाथ

''श्री माहेश्वरी टाईम्स'' अपनी परम्परानुसार पाठकों से इस सम्मान के लिये उनका मत आमंत्रित करती है। यदि आप समाज की किसी भी ऐसी हस्ती को जानते हैं जिन्होंने किसी भी कार्य क्षेत्र में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से समाज को गौरवान्वित किया है तो उनके नाम का प्रस्ताव संक्षिप्त जानकारी व संपर्क नम्बर के साथ प्रेषित करें। अपना यह प्रस्ताव आप ईमेल द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं। चयन समिति ऐसी विभूतियों में से माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2019 अवॉर्ड के लिये प्रत्याशियों का चयन करेगी। अतः इसमें निर्णायक के रूप में अधिकांश दारोमदार होगा, समाज के उन प्रबुद्ध पाठकों का, जिनके मत हमें प्राप्त होंगे। डाक अथवा ईमेल में सबसे ऊपर माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2019 लिखना न भूलें।

**संपर्क-** 90, विद्यानगर, टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे,
साँवेर रोड, उज्जैन (मप्र)
**दूरभाष :** 0734-2526561, 2526761
**मोबाइल :** 9425091161
**ई मेल :** smt4news@gmail.com





750/-

पृथक से प्रति बुक करवाने के लिए शुल्क मात्र (डाक खर्च अतिरिक्त)
अब रिश्ते आयेंगे - आपके द्वार

शीघ्र प्रकाशन की ओर...

श्री माहेश्वरी मेलापक

विवाह योग्य युवक-युवतियों की विश्वस्तरीय डायरेक्ट्री


श्री माहेश्वरी मेलापक

बेटियों के बायोडाटा निःशुल्क प्रकाशन ▸▸ कहीं मौका चूक न जाए.
उत्कृष्ट बॉयोडाटा व आकर्षक कलेवर ▸▸ आज ही सुरक्षित करवाएँ अपनी प्रति

हाइटिक व प्रोफेशनल युवक-युवतियों की पहली पसन्द

90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे), इन्दौर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
फोन : 0734-2526561, 2526761, 2513059, 094250-91161
e-mail : srimaheshwarimelapak@gmail..com


सपना आर्टस्, अमरावती आपका आभारी हैं!
Glass & Art
Swapnayog
Sapna Arts
सभी प्रकार के
डिझाइनर ग्लास वर्क,
नेमप्लेट,
वियार म्युरल,
डिझाइनर मंदीर,
मिरर, वॉच,
वाक्सेस, ३डी वर्क,
सि.एन.सि. वर्क,
और कई नई चीजें।
योगेश भट्टड -9850304890
सपना भट्टड -9371465949
E-mail : bhattad.yogesh75@gmail.com
Ph.- 07212510250
पताः- हॉटेल सिमरन के पिछे, पुरानी घरकुल मसाला फॅक्टरी के पास, समर्थ वाडी, बडनेरा रोड, अमरावती।


POOJA
DANCE ACADEMY
Toddler Batch
Dance Styles - hip-hop, Bollywood, Contemporary, Sami Classical
Juniors Batch
Hip-Hop, Contemporary, Bollywood, Bollyswag, Tollywood
Teens batch
Hip-Hop, Contemporary, Bollywood, Bollyswag, Tollywood
Special batch for ladies
Zumba, Bollywood, Sami Classical.
Free Style, Contemporary,
Hip Hop,
Folkdance,
Tollywood,
Semi-Classical,
Poppong & Locking
Mrs. Pooja Rathi
9373235550
Now From Two Locations
DHARAMPETH
Little Jewels School, 220, Khare Town,
Behind Anand Bhandar,
Beside Titan Watch, Dharampeth, Nagpur
BAJAJ NAGAR
Maharashtra Gandhi Smarak Nidhi,
349/2, Kasturba Bhawan,
Bajaj Nagar, Nagpur

पिछले करीब पांच दशकों में विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी का बहुत विकास हुआ है जिसकी वजह से दुनिया एक-दूसरे के काफी नजदीक आ गई है। अनेकों सांस्कृतिक एंव सामाजिक विभिन्नताओं का मिलन हो गया है, जिसका प्रभाव अपने सामाजिक ढांचे पर भी पड़ा है। इस परिवर्तन ने पीढ़ियों के बीच अंतराल उत्पन्न कर दिया है, सोच का। आखिर सोच भी तो तेजी से बदली है।



# तकनीकी विकास के साथ बढ़ता पीढ़ी का अन्तराल



त्रिभुवनदास काबरा
प्रदेश अध्यक्ष
गुजरात माहेश्वरी सभा

परिवर्तन की वजह से जहां नई सामाजिक रचना हुई है, वहीं पुराने विचार एवं मूल्यवान संस्कारों का अस्तित्व भी कम होता जा रहा है। नई पीढ़ी के युवा पुराने संस्कारों एवं सामाजिक ढांचे को आज के समय के लिए अनुपयुक्त समझते हैं, जिसकी वजह से पुरानी और नई पीढ़ी की सोच में काफी अंतर आ गया है। कॉलेजों से निकलने वाले पढ़े-लिखे तथा नई सभ्यता से प्रभावित युवक-युवतियां पुरानी पीढ़ी के अपने अभिभावकों की बातों को तवज्जो नहीं देते, जिसकी वजह से दोनों पीढ़ियों में आपसी तकरार एवं पारिवारिक असंतोष की स्थिति बन रही है। जहां पुरानी पीढ़ी के लोग अपनी संतान से अपेक्षा करते हैं कि वे परंपराओं का अनुगमन करें तथा बड़ों की बातों का सम्मान करें, वहीं आज के परिवर्तनशील समाज में पले बढ़े बच्चे इसे अनावश्यक रोकटोक व विचारों की स्वतंत्रता में दखल समझते हैं। एक ही परिवार की मां और बेटी की सोच में भी काफी अंतर आ गया है। जहां पिछली पीढ़ी की मां ने घर की चाहरदीवारी में रहकर दिन-रात गृहस्थी की सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए एक सुंदर घर या आशियाने का सृजन किया, वहीं युवा पीढ़ी की उसकी बेटी उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपना अलग कॅरियर बनाना पसंद करती है।

## आज भी माता-पिता अंतिम मार्गदर्शक

इसी तरह पिता और पुत्र के विचारों में भी काफी असमानता आई गई है। पुरानी पीढ़ी का पिता अपने अथक प्रयास व कड़ी मेहनत से धन उपार्जित कर अपने परिवार को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलवाता है तथा अपनी संतान को यथासंभव सारी सुख-सुविधाएं उपलब्ध करवा कर उसकी रुचि के अनुसार अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलवाता है। उसे इस लायक बनाता है कि कड़ी मेहनत व लगन से स्थापित उसके कारोबार को संभाल सके अथवा उसे सम्मानजक नौकरी मिल सके ताकि वह सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ के साथ सुखद व आनंददायी जीवन व्यतीत कर सके। वहीं युवा पीढ़ी के पुत्र को वर्तमान के उच्च तकनीकी साधनों से लैस समाज में पिता की बातें अप्रासंगिक व अनुपयोगी लगने लगती है। वो उनके अनुभव को ज्यादा अहमियत नहीं देता है। दूसरे शब्दों में नजरअंदाज करता है। अभिभावकों की बातें उनको अपनी स्वतंत्रता सोच का हनन लगती हैं। वह यह भूल जाता है कि यहां तक पहुंचाने के लिए पिता ने अपने सांस्कृतिक मूल्यों का निर्वाह करते हुए एक कठिन व लंबा रास्ता तय किया है, फिर भी यह हकीकत है कि जीवन के किसी मोड़ पर जब भी कभी युवा पीढ़ी किसी बड़ी परेशानी में पड़ती है, तो निवारण का रास्ता भी अभिभावकों के समय की कसौटी पर परखे हुए अनुभवों से ही सहज निकल जाता है।

## आर्थिक परिवर्तन बड़ा कारण

वर्तमान समय में पीढ़ी के अंतराल का एक प्रमुख कारण आर्थिक ढांचे में बड़ा बदलाव भी है। जहां पुरानी पीढ़ी के लोगों ने आर्थिक कमी व सीमित साधनों के बावजूद अपनी कड़ी मेहनत, लगन व मितव्ययिता से बड़े मुकाम हासिल किए। वहीं आज की पीढ़ी के ज्यादातर युवाओं को सभी आवश्यक संसाधन तथा मजबूत आर्थिक ढांचा विरासत में मिला है। नई पीढ़ी इस बात से अनभिज्ञ है कि यहां तक पहुंचने के लिए बुजुर्गों ने कितना कठिन सफर तय किया है। इस वजह से दोनों पीढ़ियों की सोच के बीच कार्य करने के तरीकों पर मतान्तर है, नतीजतन परस्पर दूरियां बढ़ गई हैं। सुखी जीवन जीने के सभी आवश्यक साधन व नियमित आमदनी होते हुए भी इस अर्थतंत्र से प्रभावित समाज में और अधिक धन अर्जित व संचय करने की होड़ सी लगी हुई है। आज की पीढ़ी दिखावे व विलासिताओं को आवश्यकताओं का जामा पहनाने में लगी है तथा इन

अनावश्यक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पति-पत्नी दोनों धन अर्जित करने की अंधी होड़ में कोल्हू के बैल की तरह जुटे हुए हैं। इसके कारण बच्चों की परवरिश व उनको अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा पाते हैं तथा बच्चे उनके संस्कारों व उस प्यार से वंचित रह जाते हैं, जो उन्हें अपने माता-पिता से मिलने चाहिए थे। समयांतर में वे निरंकुश व अत्यधिक स्वतंत्रता के आदी हो जाते हैं। बाद में बड़ों की नसीहत उन्हें अपनी स्वतंत्रता में दखल लगने लगती हैं।

### इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया का दुरुपयोग बढ़ा

आज के इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के युग में सूचनाओं व जानकारी का आदान-प्रदान आसान व त्वरित गति से हो गया है। मगर इसका प्रभाव हमारी सोसाइटी को बनाने व बिगाड़ने में अहम भूमिका अदा कर रहा है। समयाभाव के कारण माता-पिता इनके उपयोग की खुली छूट बच्चों को देते हैं व बहुत छोटी उम्र में बच्चों को इस्तेमाल के लिए महंगे व गैर जरूरी उपकरण उपलब्ध करवा देते हैं। कच्ची उम्र की वजह से बच्चे अच्छे व बुरे में अंतर नहीं कर पाते, जिसका प्रभाव उनके अपरिपक्व मस्तिष्क तथा विचारों पर पड़ता है। इसलिए अभिभावकों को भी चाहिए, जब तक बच्चे इतने समझदार नहीं हो जाएं कि अच्छे और बुरे में अंतर सकें, तब तक उन्हें स्वतंत्र रूप से टीवी व मोबाइल का प्रयोग जरूरत के अनुसार ही करने दें। अगर हम अपने देश के विभिन्न हिस्सों में इस बदलाव पर एक नजर डालते हैं तो पाएंगे कि जहां दक्षिणी एवं पूर्वी भारत के लोग आज भी अपनी संस्कृति, खान-पान, वेशभूषा एवं रहन-सहन से काफी जुड़े हुए हैं तथा यथासंभव लोग अपनी मातृभाषा में बात करने को प्राथमिकता देते हैं, वहीं उत्तरी व पश्चिमी भारत के लोगों पर पाश्चात्य सभ्यता का ज्यादा प्रभाव हुआ है। परिणामस्वरूप हमारी मूल्यवान संस्कृति व भाषा पुरानी पीढ़ी के साथ ही विलुप्त होती जा रही है।

### परस्पर सामंजस्य जरूरी

इस दौर में नई व पुरानी पीढ़ी साथ-साथ नहीं बल्कि समानान्तर चल रही है। अतः दोनों में सामंजस्य, स्नेह एवं सहयोग के साथ एक-दूसरे के विचारों का सम्मान भी जरूरी है। यहां पुरानी पीढ़ी को समय के अनुसार अपने आपको ढालना होगा और नई पीढ़ी को परिस्थितियों के अनुसार एक सीमा तक अपनी इच्छानुसार रहन-सहन अपनाने की मर्यादित स्वतंत्रता देनी होगी। साथ ही पुरानी पीढ़ी को नई तकनीक सीखते हुए आधुनिक तरीके अपनाते रहना चाहिए। वहीं नई पीढ़ी को भी बुजुर्गों के प्रति आदरभाव एवं अनुशासन का परिचय देना आवश्यक है। उनकी कही बातों को सुनें तथा सलाह पर विचार करें ताकि बड़ों को सम्मान मिले। पुरातन का सहयोग लेकर, उसके तजुर्बे की कसौटी पर नवीन को कसकर, उसे और उपयोगी बनाने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी पर है। थोड़ा-थोड़ा दोनों झुकें तो मिलन का एक बिंदु सहज ही मिल जाता है। नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं का मूल्य और महत्व समझना चाहिए, जिससे शिष्टता, सभ्यता और सामाजिक सुरक्षा की बहुमूल्य मर्यादाओं में रहते हुए उसे प्रगति का समुचित अवसर प्राप्त होता रहे।


महेश अर्बन को.ऑप. क्रेडिट सोसायटी मर्यादित मलकापूर

गौरक्षण कॉम्पलेक्स बुलढाणा रोड मलकापुर र.न. 1227 फोन - 07267-22773, मो. 92260-22966

- संस्था 30 साल से तरक्की की ओर अग्रसर
- संस्था को लगातार अंकेक्षण वर्ग 'अ'

आर्थिक स्थिति वर्ष

- कुल डिपॉझिट 32.62 करोड, कर्ज विवरण 25.61 करोड़
- निवेश 912.25 करोड़, कुल मुनाफा 28.81 लाख

संस्था के सामाजिक एवं लोकोपयोगी कार्य

- सभासदों के प्राविण्य प्राप्त पाल्य को पुरस्कारन
- सभासदों का 100,000/-विनामूल्य सुरक्षा बीमा
- सामाजिक एवं राष्ट्रीय उपक्रम में सहभाग
- राष्ट्रीय आपात स्थिति में आर्थिक एवं सक्रीय सहभाग
- गणेशोत्सव एवं पोला उत्सव में पुरस्कार
- बेवारस प्रेतों का अंतिम संस्कार
- योग साधना एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा उपचार शिविर
- शीतल जल सेवा केंद्र
- सभासदों को उपचार के लिए आर्थिक मदद
- एक्युप्रेशर शिविर

मख्खनलाल मूंधड़ — अध्यक्ष
किशोर बाहेती — उपाध्यक्ष
नन्दलाल राठी — उपाध्यक्ष
सुनील अग्रवाल — व्यवस्थापक

संचालक मंडल एवं कर्मचारीवृंद

महेश अर्बन को. ऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी मर्यादित मलकापुर



आमतौर पर हमें कोई भी अधिक उदास या चुपचाप दिखा तो हम उसे मात्र उसकी कुछ मानसिक परेशानी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह स्थिति लंबे समय तक रहे तो इसे पागलपन का नाम दे देते हैं। लेकिन हकीकत देखी जाए तो यह चिकित्सकों की नजर में अपने आप में एक अगल बीमारी है, जिसका नाम है, डिप्रेशन।

# एक गम्भीर बीमारी ही है डिप्रेशन



डॉ. श्रीमित माहेश्वरी
इंदौर

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट "डिप्रेशन एंड अदर कॉमन मेंटल डिसऑर्डर्स ग्लोबल हेल्थ एस्टिमेट्स' 2017 के हिसाब से इंडिया में 4.5 प्रतिशत लोग डिप्रेशन का शिकार हैं। इसी तरह 'नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे' की रिपोर्ट जो बैंगलुरु ने 12 प्रदेशों में की है। उसके हिसाब से 2.7 प्रतिशत लोग भारत में डिप्रेशन का शिकार है। हमारी प्रैक्टिस में अक्सर यह देखा जाता है, आम लोग यह मान लेते हैं कि डिप्रेशन पागलपन है। मगर ऐसा मानना सही नहीं है क्योंकि डिप्रेशन भी एक बीमारी है। ठीक उसी तरह जैसे कि डायबिटीज एक बीमारी है, हाइपरटेंशन एक बीमारी है और इन्हीं बीमारियों की तरह डिप्रेशन के भी परिभाषित कारण और लक्षण होते हैं। लोग अक्सर यह भी मान लेते हैं कि डिप्रेशन होना एक कमजोरी का संकेत है या फिर उस व्यक्ति को जिसे डिप्रेशन है, वह समाज के बाकी लोगों से कमजोर है परंतु ऐसा नहीं है। क्योंकि डिप्रेशन किसी को भी हो सकता है और किसी भी उम्र में हो सकता है। डिप्रेशन बच्चों, बुजुर्गों और वयस्कों सभी में पाया जाता है। डिप्रेशन के बारे में अनुसंधान से यह साबित किया जा चुका है कि इसके परिभाषित शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कारण होते हैं। किसी अन्य बीमारी की तरह ही यह शरीर में कुछ रसायनों में फेरबदल होने के कारण होता है और अगर सही समय पर इसका इलाज लिया जाए तो यह पूरी तरह से ठीक हो सकता है।

## लक्षणों से ही होती है पहचान

जिस तरह अन्य बीमारियों के अपने लक्षण होते हैं, वैसे ही डिप्रेशन के कुछ लक्षण होते हैं जो पहचानना बहुत जरूरी है। अगर इन्हें ठीक से पहचाना जाए तो बहुत सी समस्याओं से बचा जा सकता है। डिप्रेशन के लक्षणों में अत्यधिक उदास रहना या बिल्कुल खुशी महसूस ना करना, किसी भी कार्य में मन न लगना, अत्यधिक थकान महसूस करना। जिन कार्यों में पहले खुशी मिलती थी उनमें खुशी महसूस ना करना। चिड़चिड़ापन महसूस करना, भविष्य के प्रति नकारात्मक सोच आना, अपने आप को बिना कारण दोषी समझना, बहुत कम या बहुत ज्यादा नींद आना। बहुत कम या बहुत ज्यादा भूख लगना, आत्महत्या के विचार आना आदि शामिल हैं।

## आत्महत्या का एक प्रमुख कारण

इसके अलावा डिप्रेशन की और भी जटिलताएं होती हैं और इंसान इनसे भी परेशान हो सकता है जैसे बहुत बेचैनी रहना। शराब का या अन्य किसी पदार्थ का नशा करना, सेक्स संबंधी समस्याएं आदि के साथ डिप्रेशन से उत्पन्न होने वाली सबसे मुख्य परेशानी आत्महत्या है। आत्महत्या ना सिर्फ एक निजी क्षति है बल्कि यह एक सामाजिक क्षति भी है। हर साल हमारे देश में लगभग 3 लाख लोग आत्महत्या करते हैं और इसका मुख्य कारण डिप्रेशन है। ध्यान देने की बात यह है कि अगर सही समय पर सलाह ली जाए तो इस क्षति से बचा जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम सामाजिक तौर पर डिप्रेशन और आत्महत्या के बारे में खुलकर बात करें और इन बीमारियों से संबंधित गलतफहमियां और निषेध खत्म करने का प्रयास करें।

## चिकित्सक का परामर्श जरूरी

इनमें से कुछ लक्षण अथवा सभी लक्षण या डिप्रेशन की जटिलताएं किसी भी इंसान को परेशान कर रही हों तो उन्हें तुरंत अपने डॉक्टर या मनोरोग विशेषज्ञ को कंसल्ट करना चाहिए। डिप्रेशन का पूर्ण इलाज दवाइयों एवं काउंसलिंग के माध्यम से संभव है। इसलिए इन समस्याओं को टालना नहीं चाहिए और मदद लेनी चाहिए। डिप्रेशन के इलाज में परिवार के सदस्यों, दोस्तों और रिश्तेदारों के समर्थन की भी अहम भूमिका होती है और उनकी मदद भी लेनी चाहिए। अंततः डिप्रेशन को सही समय पर पहचान कर इलाज लिया जाए तो समाज से और देश से इस जटिल बीमारी को मिटाया जा सकता है।

*लेखक ख्यात कंसल्टेंट साइकैटरिस्ट हैं और सीएचएल हॉस्पिटल इंदौर में सेवा दे रहे हैं।*

# दीप पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई



## बजरंगलाल बाहेती

चेयरमेन

''अभिनंदन'' श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन-जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| ट्रस्टी एवं अध्यक्ष | : | श्री गिरीराज धरण माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, गोवर्धन (उ.प्र.) |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, द्वारिका (गुजरात) |
| ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष | : | अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, जगन्नाथपुरी (उड़ीसा) |
| ट्रस्टी | : | श्री राम शंकर गोशाला,छापर (चुरु) |
| ट्रस्टी | : | श्री माहेश्वरी भवन छापर (चारु) |
| संरक्षक | : | महेश हास्पिटल, जयपुर |
| ट्रस्टी | : | शेखावटी विकास परिषद, जयपुर |
| पूर्व उपाध्यक्ष | : | उत्सव माहेश्वरी भवन, जयपुर |
| भूतपूर्व शिक्षा सचिव | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर (2002-12) |
| कार्यकारिणी सदस्य | : | माहेश्वरी समाज, जयपुर |
| माहेश्वरी बोर्ड (मुखपत्र) कार्यकारी मण्डल सदस्य | : | अ.भा. माहेश्वरी महासभा |
| कोषाध्यक्ष | : | जयपुर जिला माहेश्वरी सभा |
| अध्यक्ष | : | सुजानगढ़ तहसील नागरिक परिषद, जयपुर |

## बाहेती जेम्स एण्ड ज्वेल्स (प्रा.) लिमिटेड

''गोकुल धाम'', 2030, पिटलियों का चौक, जोहरी बाजार,
जयपुर (राज.) 302003
दूरभाष : 0141-2570415/75, मो: 098290-79200
ई-मेल : bajrang@baheti.in



# गर्भावस्था
## को न बनने दें परेशानियों का सबब

**गर्भावस्था नारी जीवन की वह सबसे महत्वपूर्ण अवस्था है, जब वह मातृत्व की ओर कदम बढ़ाती है। इस अवस्था में शारीरिक व आंतरिक परिवर्तनों के कारण कुछ परेशानियाँ हो सकती हैं, लेकिन इनसे घबराने की जरूरत नहीं है। सामान्यत: अपनी दिनचर्या को सुधाकर ही हम इन समस्याओं से मुक्ति प्राप्त कर सकते हैं।**



डॉ. सोनाली तापड़िया,
अमरावती

### घबराहट व चिंता

हल्की घबराहट विशेषतः प्रथम गर्भावस्था में एक सामान्य भावुक प्रतिक्रिया है। परंतु बहुत ज्यादा चिन्ता और भय के कारण गर्भवती माँ की सामान्य दिनचर्या में बाधा पड़ सकती है। उसको अनिद्रा एवं भूख में कमी हो सकती है। इस अवस्था में आमतौर पर चिंता गर्भपात के डर, अत्यधिक मितली एवं वमन, स्त्री के शरीर में गर्भावस्था एवं प्रसव उपरांत होने वाले शारीरिक परिवर्तनों, प्रसव पीड़ा को सहन करने के संबंध आदि से संबंधित हो सकती है। याद रखें ये समस्याऐं ऐसी नहीं हैं, जिनकी चिंता की जाए। स्त्री का शरीर गर्भावस्था एवं प्रसव के योग्य ही बना है, इसलिए इसमें डरने की कोई बात नहीं है। अपनी शंकाओं एवं चिन्ताओं के बारे में अपने पति, मित्रों, रिश्तेदारों तथा परिवार की प्रौढ़ महिलाओं से चर्चा करें। मिथ्याओं तथा शंकाओं को दूर करने के लिए प्रसवपूर्व कक्षाओं व सामूहिक चर्चाओं में सम्मिलित हों।

### कमर दर्द

गर्भावस्था में कमर का दर्द होना एक आम समस्या है। लगभग 50 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में कमर दर्द की शिकायत होती है। कारण यह है कि गर्भवती महिलाओं में हार्मोन्स के परिवर्तन के कारण तन्तु नर्म होकर खिंचने लग जाते है। गर्भ में बढ़ते भ्रूण के कारण कुल्हे की अस्थियों का फैलाव होने लगता है। साथ ही बढ़ते वजन से शरीर का गुरुत्व केन्द्र का स्थानांतरण मध्य से अग्र भाग की ओर हो जाता है। शारीरिक वजन बढ़ने से पीठ की मांसपेशियों को अधिक श्रम करना पड़ता है। अतः कमर को सीधे रखते हुए सही अवस्था में बैठें। उठते व बैठते समय सावधानी बरतें, कम ऊँची एडी वाले (परन्तु समतल नहीं) जूते पहनें, कमर को सहारा देकर बैठें। कमर दर्द में गर्मसिकाई से लाभ हो सकता है। विशेषज्ञ के निरीक्षण में कमर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए खास व्यायाम कर सकती हैं। सोने के लिए मुलायम गद्दे का प्रयोग न करें। पीठ के बल पर न सोऐं। नीचे झुकने के लिए कमर से न झुकें व कमर को सीधा रखते हुए जमीन से वस्तु उठाएँ। भारी वजन न उठाएँ। साथ ही शारीरिक वजन में भी वृद्धि न होने दें

### कब्ज

यदि मल त्यागने में कठिनाई हो या मल त्याग की इच्छा कम होने लगे तो उसे कब्ज कहा जाता है। गर्भावस्था में यह समस्या अक्सर उत्पन्न हो जाती है। गर्भवती महिला के लिए प्रतिदिन मल का त्याग आवश्यक नहीं, परन्तु मल त्याग के समय कठिनाई नहीं होनी चाहिए तथा मल सख्त भी नहीं होना चाहिए। इस अवस्था में कब्ज होने का कारण शरीर में स्त्रीपरक हॉरमोन के स्राव की अधिकता के कारण आंतों की गति में शिथिलता आना तथा बढ़ते भ्रूण के कारण आंतों पर दबाव पड़ना है। इस समस्या से बचाव के लिये जरूरी है कि अत्यधिक मात्रा में पानी तथा तरल पेय लें, रेशेदार खाद्य पदार्थ जैसे फल, सब्जियाँ, भूसी या चोकर तथा अनाज आदि लें। मल त्याग के समय अधिक जोर न लगाएँ। शारीरिक गतिशीलता बनाये रखें। अधिक समय तक निरंतर न बैठें, विशेषकर सख्त कुर्सी आदि पर। गुनगुने पानी की सिकाई करें अथवा 'सिट्स बाथ' लें।



*॥ जय श्री कृष्ण ॥*

## भगवान श्रीकृष्ण की ब्रजभूमि गोवर्धन में परिक्रमा मार्ग में 'श्री गिरिराजधरण माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट' द्वारा संचालित अत्याधुनिक सुविधायुक्त माहेश्वरी भवन



# माहेश्वरी भवन, गोवर्धन

आन्योर परिक्रमा मार्ग, दानघाटी के पास, गोवर्धन 281502 (उ.प्र.)
दूरभाष- 0565-2815832, मो. 88591-11222
www.mbgoverdhan.com
E-mail : mbgoverdhan@gmail.com

**आप अपना आरक्षण ऑन लाईन अथवा फोन से करवा सकते हैं**

### उपलब्ध सुविधायें

- 26 डीलक्स ए.सी. कमरे (डबल-बेड) इन कमरों में ए.सी., गीजर, मिनिफ्रीज, डिजिटल लॉकर, टॉवेल आदि की सुविधायें
- 26 एसी कमरे (डबल बेड) गीजर की सुविधा सहित।
- 4 ए.सी. कमरे (3 बेड) गीजर की सुविधा सहित।
- 2 एसी मिनी हॉल (10बेड)
- 46 कूलर युक्त कमरें (डबल बेड)
- 2 मिनी हॉल (6बेड) एयर कूलर सहित
- 1 डोरमेट्री (24बेड) एयर कूलर सहित
- 1 एसी डाइनिंग हॉल एवं किचन
- सभी कमरों में अटेच लेट-बाँथ की सुविधा।
- सत्संग हॉल 200 व्यक्तियों की बैठकर कथा सुनने की व्यवस्था (शीघ्र एसी युक्त होगा)
- 2000 स्क्वेयर फीट का किचन एवं डाइनिंग हॉल निजी उपयोग के लिये, जिसमें यात्री अपने रसोइयों द्वारा भोजन बनवा सकते हैं।
- दोनों भवनों में लिफ्ट की सुविधा।
- कारों एवं बसों की सुरक्षित पार्किंग का स्थान।
- पॉवर कट के समय निरंतर विद्युत सप्लाई के लिये 125 केवीए एवं 25 केवीए के जनरेटर।

बजरंगलाल बाहेती (अध्यक्ष)
मो.- 98290-79200
विनोद कुमार बांगड (महामंत्री)
मो. 094142-12835
जुगल किशोर बाहेती (कोषाध्यक्ष)
मो. 98291-56858



*श्री द्वारिकाधीश विजयते*

भगवान श्रीकृष्ण की कर्मभूमि

# द्वारकाधाम

में 'श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट' द्वारा संचालित अत्याधुनिक सुविधायुक्त एकमात्र माहेश्वरी अतिथि गृह



# माहेश्वरी सेवा कुंज

21, द्वारकेश पार्क सोसायटी (अम्बुजा प्लाट), नागेश्वर रोड,
देवभूमि द्वारका-361335 (गुजरात),
दूरभाष- 02892-235553 / 235554, मो. 097271-22111
E-mail : maheshwarisewakunj@gmail.com

### उपलब्ध सुविधायें

- ए.सी. व टी.वी. से सुसज्जित 47 डबल बैडरूम (अटैच्ड लैट, बॉथ)।
- 4 फैमिली ए.सी. हॉल (6 व्यक्तियों की क्षमता वाले)।
- अत्याधुनिक किचन के साथ वातानुकूलित भोजनशाला।
- वाई–फाई सुविधा से युक्त पूरा भवन
- विभिन्न मंजिलों पर जाने के लिये दो लिफ्ट की सुविधा।
- स्वच्छ आर ओ पेयजल की सुविधा
- भव्य एयरकंडीशन सत्संग हॉल।
- कार पार्किंग की सुरक्षित व्यवस्था।

श्यामसुंदर कासट
अध्यक्ष
मो.- 098315-55555
रामस्वरूप जैथलिया
कार्यकारी अध्यक्ष
मो.- 096490-79999
विनोद कुमार बांगड
महामंत्री
मो. 094142-12835
गोविंद गोपाल सोनी
कोषाध्यक्ष

*खुश रहें... खुश रखें...*

# धर्म के विरुद्ध संघर्ष यानी संसार के विरुद्ध संघर्ष



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

धर्म क्या है इसको लेकर सदैव बहस होती रहती है। कार्लमार्क्स का यह संवाद बहुत लोकप्रिय है कि धर्म जनता के लिए अफीम यानी नशा है। मार्क्स ने इस सवाल को बहुत पहले उठाया था कि धर्म से उत्पन्न रिक्तता को कैसे भरा जाए। मनुष्य धर्म की रचना करता है या धर्म मनुष्य की रचना करता है, यह बहस का एक पुराना मुद्दा है। किसी ने धर्म को मनुष्य स्वचेतना कहा है, स्वप्रतिष्ठा माना है, भटके हुए लोगों के लिए सद्मार्ग माना है।

मनुष्य रहता है, राज्य और समाज में। जीता है किसी धर्म में और कई बार धर्म और राज्य-समाज एक-दूसरे के लिए उल्टे नजर आते हैं। वे एक-दूसरे को शीर्षासन करते हुए देखते हैं लेकिन तमाम प्रगतियों के बाद अब यह तय हो गया है कि धर्म के विरुद्ध संघर्ष का मतलब है, संसार के विरुद्ध संघर्ष। संसार में अध्यात्म की जो सुगंध होती है, उस तक पहुंचने के लिए धर्म एक साफ-सुथरी पगडंडी है।

धर्म को संसार में उलझाएँ तो अनेक विवाद हैं लेकिन अध्यात्म से जोड़ें तो उससे भी अधिक समाधान हैं। जैसे: अध्यात्म से जुड़कर आश्रम का नाम दिया है- ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम। ब्रह्मचर्य आश्रम ज्ञान की उपासना को बताता है। गृहस्थाश्रम में प्रेम, सहयोग और त्याग के प्रयोग किए जाते हैं, वानप्रस्थ में परिवार की मर्यादित आसक्ति को छोड़कर सेवा की जाए इसका आग्रह होता है तथा संन्यास आश्रम का अर्थ है निर्माण। एक ऐसा जीवन जो सिर्फ परमात्मा के लिए होगा। देखा जाए तो इन चारों ही आश्रमों का केंद्र परिवार तथा उसका प्रबंधन होता है।

संन्यास भारतीय संस्कृति का मौलिक शब्द है। इसलिए धर्म को अध्यात्म से जोड़कर खूब लाभ उठाया जा सकता है और संसार में उलझा कर हानि भी प्राप्त की जा सकती है।










## खाजूर पिस्ता का शुगर फ्री हलवा

**सामग्री:**-रोस्टेड पिस्ता एक कप दाने निकाले हुए खजूर 20-25 घी, 4-5 बड़ा चम्मच दूध डेढ़ कप एक छोटा चम्मच इलायची पाउडर मोटे तल वाली कड़ाही/पैन मिक्सर ग्राइंडर

**विधि:**-- सबसे पहले एक कप पानी में पिस्ता भिगोकर 10-15 मिनट के लिए रख दें. - तय समय बाद पिस्ता को निकालकर छान लें. - अब पिस्ता और थोड़ा दूध मिलाकर पीसकर पेस्ट बना लें. इसे एक कटोरी में निकाल लें.- मीडियम आंच में एक मोटी तली वाली कढ़ाई रखें. - इसमें खजूर और 2-3 बड़ा चम्मच दूध डालकर गर्म कर लें. फिर आंच बंद कर दें. - जब खजूर ठंडे हो जाएं तो इसे भी पीसकर पेस्ट बना लें. पीसते वक्त थोड़ा-थोड़ा करके बचा दूध डाल लें. ताकि यह अच्छी तरह से पिस जाए.- फिर मीडियम आंच पर वही कड़ाही रखें. इसमें घी डालकर गरम होने दें. - जब घी गरम हो जाए तो इसमें पिस्ता और खजूर का पेस्ट डालकर अच्छी तरह चलाते हुए मिक्स करें. - इसे तब तक चलाते हुए पकाएं जब तक पेस्ट कड़ाही के तले से अलग न होने लगे. - इसे 5 मिनट तक और चलाते हुए पकाएं फिर आंच बंद कर दें.- इसके बाद इसमें इलायची पाउडर बुरक दें. इस हलवे को हल्का गरम रहते ही सर्व करें और खाएं।



▸▸ पुनम राठी, नागपुर
9970057423


With Best Compliments From...
VIDYA
VIDYA WIRES PVT. LTD.
(An ISO 9001 : 2008 Certified Company)
Shyam Sundar Rathi
excellence through experience
• Enamelled Copper Wires & Strips
• Paper Insulated Copper Conductors
( Mica / Nomex / Kraft / Crepe / Fibre Glass / Dauglass / Cotton / Polyester )
• MPCC - Connection Cables
• Bare Copper Wires
• Bunched & Stranded Copper Ropes / Earthing Cable
• Copper Tapes / PVC Copper Tapes
DEALERS ENQUIRIES SOLICITED
Regd. Office & Factory
123, G.I.D.C. Vithal Udyognagar,
Dist. Anand (Gujarat), INDIA
Ph.: +91 9228010700-09, +91 (2692) 236125.
Email: sales@vidyawire.com
www.vidyawire.com

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया
जोधपुर

## धर्म री अज्ञानता री कारण

खम्मा घणी सा हुक्म इन दिनों एक घटना बहुत चर्चा में रही। बॉलीवुड री बड़ी अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और असल जिंदगी में होनहार रुमा देवी केबीसी में आपाणी संस्कृति सुं जुडियोंड़ो एक मामूली सवाल...हनुमानजी किसके प्राण वापस लाने के लिए संजीवनी बूटी लाये थे? जवाब नहीं दे पाई... सोशल मीडिया पर लानत-मलानत हुवणी स्वाभाविक थी, जनता आक्रोश में आने खूब खरी-खोटी सुनाई।

हुक्म केबीसी रे इन एपिसोड पर कई लोगा ने सनातन धर्म संकट में दिखाई देवण लाग ग्यो... एक बात समझण ने मजबूर कर दियो कि आज सोनाक्षी सिन्हा एक एड़ी महिला नहीं है आज री युवापीढ़ी रो प्रतिबिम्ब सामने आयों कि आज शिक्षा रे सेकुलरीकरण रे कारण स्कूली सिलेबस सुं रामायण महाभारत रे इतिहास री जानकारी हटा दी है ताकि बच्चा आपरी संस्कृति सुं कट जावे और कटयोड़ा लोग ही आगे जाने धर्मान्तर रा शिकार बणे।

म्हाणी पीढ़ी में तो कहानियाँ घर में दादी-नानी सुणावती... रामानंद सागर और बी.आर. चौपड़ा द्वारा सीरियल रामायण महाभारत विस्तार सुं टीवी पर दिखाने जन-जन तक पहुंचायो। आज संयुक्त परिवार रे विखंडीकरण और मोबाइल रो बहुत प्रयोग रे कारण नई पीढ़ी सांस्कृतिक धरोहर सूं वंचित हूँ रही है।

सही कहुं हुक्म पैसा री अंधाधुंध दौड़ में पति-पत्नी दोनों ही नौकरी पर जा रिया है, वाणे कने समय नहीं कि बच्चों ने राम, कृष्ण, शिव पार्वती, गणेश, दुर्गा माता री कहानियाँ सुनावें... अब तो बचपन सुं ही स्कूली पढ़ाई में भी ट्यूशन राखणी पड़े तो धार्मिक ग्रन्थों री जानकारी तो बहुत दूर री बात है...

अब आ बात बहुत विचारणीय है कि इनो समाधान आपा किकर कर सका... आपाणे धर्म और सांस्कृतिक धरोहर रे बारे में जानकारी दे सका कि वे आपाणी धार्मिक जड़ों सुं जुड़ीयोड़ा रेहवे।

आपाणी संस्कृति, परम्पराओं देश रे वीरों, सन्तों रे इतिहास री जानकारी रो काम सरकार रो नहीं स्वयं खुद ने करणो पड़ेला। आपाणे बच्चों ने केड़ी शिक्षा देणी है इनी पहली जिम्मेदारी माँ-बाप री है। क्योंकि निश्चित रूप सुं कुछ जेहादी आपणी संस्कृति ने मिटावण में लाग्योड़ा है, तो आपाने ही बाल-रामायण, महाभारत, चाणक्य, विक्रमादित्य, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, स्वामी विवेकानंद, शुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह, महात्मा गांधी, भक्त मीरा, रैदास, कबीर और कई वीरों री किताब घर में रखणी पढ़नी और इन पर चर्चा रे लिए कुछ समय निकालनों चईजे ताकि बच्चों ने ज्ञान होवे कि आपरे मित्रों रे साथे भी चर्चा करे और ज्यादा जाणकारी री जिज्ञासा मन में लावें।

सच में हुक्म जरूरत है आपा सब मिल समृद्ध और गौरवमय सांस्कृतिक अतीत रो सरंक्षण करण को संकल्प लेवां।

# मुलाहिज़ा फरमाइये





▸▸ ज्योत्सना कोठारी
मेरठ

- 'ना फिसलो इस उम्मीद में,
  कि कोई तुम्हें उठा लेगा,
- सोच कर मत डूबो दरिया में,
  कि तुम्हें कोई बचा लेगा,
- ये दुनिया तो एक अड्डा है
  तमाशबीनों का दोस्तों,
  अगर देखा तुम्हें मुसीबत में,
  तो हर कोई यहां मज़ा लेगा।'
- चुपके से आकर मेरे कान में,
  एक तितली कह गई अपनी ज़ुबान में
  उड़ना पड़ेगा तुमको भी,
  मेरी तरह इस तूफान में?
- 'हर रोज़ गिरकर भी,
  मुक़म्मल खड़े हैं...!
- ऐ ज़िन्दगी देख,
  मेरे हौसले तुझसे भी बड़े हैं...!!'
- जिंदगी वही है जो हम आज जी ले,
  कल जो हम जीयेगें वो उम्मीद होगी...



दीप पर्व दीपावली पर सभी समाज बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएँ

# माहेश्वरी वूलेन्स

## कारपेट वूलने यार्न व्यवसायी

365-36 रिंग मार्केट, प्रथम तल, रजपुरा,
भदोही – 221401 उ.प्र.

# द डेकोर वर्ल्ड

## मैन्युफैक्चरर्स ऑफ कार्पेट
## एण्ड इम्पोर्टेड डेकोर प्रोडक्ट्स

मेटरो पिल्लर नं. 119 के सामने, प्रथम मंजिल,
घिटोरनी, एम.जी. रोड, नई दिल्ली
Email id- akhilkabra2006@gmail.com
www.thedecorworld.com

## अखिल काबरा

91-7376467309
Web : www.victoriacarpet.in
Email : info@victoriacarpet.in



## अजय काबरा

संगठन मंत्री
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा
09839049109
Email : ajaykabrabhadohi@gmail.com

# संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

इस माह आपको अपनी सूझबूझ से लाभ होगा। मांगलिक शुभ कार्यों पर व्यय, आर्थिक स्थिति में सुधार व सरकारी कार्यों से लाभ होगा। विवाह की बाधाएं दूर होंगी। प्रतियोगी परीक्षा में संतान सफल होगी। उन्नति के अवसर मिलेंगे। प्रियजन के संपर्क का लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। स्थान/व्यवसाय में परिवर्तन होगा। ध्यान योग में रुचि रखेंगे। रुके कार्य पूरे होंगे। दौड़-धूप अधिक रहेगी। जीवन साथी से विवाद व अस्थिरता रहेगी। शारीरिक कष्ट बना रहेगी।



## वृषभ

इस माह कोर्ट कचहरी के कार्यों में सफलता मिलेगी। संतान की उन्नति होगी। दाम्पत्य सुख बढ़ेगा मित्रों का सहयोग, नए अवसर से उन्नति की ओर अग्रसर होंगे, परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। माता से वैचारिक मतांतर, जीवन साथी को शारीरिक कष्ट रहेगा। सुख साधनों में वृद्धि और खर्च होगा। शत्रु से परेशानी बनी रहेगी, यात्रा होगी। जमीन संपत्ति के कार्यों में उलझनें बढ़ेंगी। पत्राचार से लाभ होगा। सेहत का ध्यान रखें।



## मिथुन

इस माह धन लाभ, खुशी, संतान सुख-साझेदारी में लाभ होगा। मन प्रसन्न रहेगा। अपने प्रयास से कार्य पूरे कर लेंगे किंतु वाणी पर नियंत्रण रखें, शारीरिक कष्ट रहेगा। भाइयों से विवाद व व्यय अधिक होगा। जल्दबाजी में कार्य न करें। क्रोध के कारण हानि भी उठाना पड़ेगी। मनोविनोद के लिए सपरिवार यात्रा करेंगे। दाम्पत्य जीवन में वैचारिक मतान्तर बने रहेंगे। व्यापारिक उन्नति होगी। आय की तुलना में व्यय अधिक होगा। मित्रों से लाभ होगा।



## कर्क

यह माह नए संबंधों के कारण भविष्य के नए अवसर दिखाएगा। दूरदर्शिता काम आएगी, नए कार्य की सोचेंगे। विद्यार्थी वर्ग अपने लक्ष्य की प्राप्ति करेंगे, शुभ कार्यों पर धन व्यय होगा। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न होगा। शुभ समाचार, यात्रा से लाभ होगा। माता-पिता को शारीरिक कष्ट, वाहन पर खर्च अधिक होगा। मित्रों से विवाद, शत्रु से परेशानी होगी, सतर्क रहें। पत्राचार से लाभ, जीवन में कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। अपनों से लाभ किंतु परायों से धोखा मिलेगा।



## सिंह

यह माह आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। नया कार्य करेंगे। मनोकांक्षा पूरी होगी। उन्नति के प्रयास सफल होंगे किंतु संबंधों का लाभ नहीं मिलेगा, अपनों के प्रति गुस्सा रहेगा। वाहन खरीदेंगे। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जीवन साथी की चिंता करेंगे। राजकीय कार्यों में सफलता, परिवार से दूर रहना पड़ेगा। सहयोगियों से अनबन रहेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी, दूसरों की जमानत देना हानिकारक रहेगा। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें, रुका धन प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से कार्य बना लेंगे। भाइयों से संबंध सामान्य रहेंगे।



## कन्या

इस माह पारिवारिक सुख बढ़ेगा। अपनों का सहयोग मिलेगा। धन और यश की प्राप्ति होगी। आय बढ़ेगी। मित्रों से सहयोग नए संबंधों का लाभ। भाई-बहन के मतभेद दूर होंगे। परिवार और जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। भौतिक सुख सुविधा, पद-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में उन्नति एवं स्थान परिवर्तन के योग। शत्रु परास्त होंगे। लेन-देन में सतर्कता बरतें। परीक्षा में सफलता मिलेगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। मानसिक तनाव कम रहेगा। अपने विचार दूसरों पर नहीं थोपें, वाहन पर खर्च करेंगे।



## तुला

इस माह शुभ कार्य, धार्मिक उत्सवों में भाग लेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि, शुभ समाचार मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य सुख प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों से अच्छे संबंध एवं उन्नति प्राप्त होगी। परीक्षा में सफलता मिलेगी। नए संपर्क से नए अवसर मिलेंगे तथा मन प्रसन्न होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा एवं जीवन के स्तर में परिवर्तन होगा। यात्रा के सुअवसर प्राप्त होंगे। भाग दौड़ अधिक बनी रहेगी। नौकरी के लिए समय अनुकूल है। आमोद-प्रमोद पर अधिक खर्च करेंगे। जोड़ों का दर्द, वात रोग से परेशानी रहेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य से चिंता बनी रहेगी।



## वृश्चिक

इस माह आपकी सुख-समृद्धि बढ़ेगी। मनोकामना पूर्ण होगी, आय में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और खुशी मिलेगी। मांगलिक कार्य होंगे। परिवार में मनोविनोद का वातावरण बनेगा। अतिथि आने की संभावना रहेगी, पराक्रम बढ़ेगा। संतान की चिंता रहेगी। स्त्री के सहयोग से लाभ होगा। सरकारी कार्यों से लाभ परिश्रम से सफलता मिलेगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता, मित्र सहयोग नहीं करेंगे। माता-पिता की चिंता बढ़ेगी।



## धनु

इस माह आपको मानसिक तनाव बना रहेगा। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। बहन के विवाह में विलंब होगा। हास-परिहास में समय व्यतीत होगा। संपत्ति के मामले में उलझन आएगी। आय और संतान की ओर से चिंता बनी रहेगी। संतान के कार्यों के लिए कर्ज लेना पड़ेगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। थकान महसूस करेंगे। नए कार्य के अवसर से मन प्रसन्न होगा, उन्नति होगी। रुका धन मिल जाएगा। व्यय अधिक होगा। प्रेम संबंधों में परेशानी आएगी।



## मकर

इस माह आपके लिए समय अनुकूल है। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। स्थान परिवर्तन के योग भागीदार से अनबन रुका धन मिलेगा। भाग दौड़, तनाव, विवाद व झगड़े से दूर रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। प्रतियोगिता व साक्षात्कार में सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग, नए संबंध बनेंगे। माता के कार्य हो जाने से खुशी होगी। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। सेहत पर ध्यान दें।



## कुम्भ

इस माह आपको उन्नति के नए अवसर प्राप्त होंगे। मन प्रसन्न होगा। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि, मकान वाहन खरीदेंगे। नए संबंध का लाभ होगा। व्यापार में वृद्धि यात्रा सुखद, रुका धन मिलेगा। किंतु विरोधी परेशान करेंगे। अपनों के सहयोग से समस्याएं सुलझ जाएंगी। माता को कष्ट रहेगा। पारिवारिक विवाद होगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा। आय की तुलना में व्यय अधिक होगा। जीवन साथी से वैचारिक मतांतर रहेंगे।



## मीन

इस माह धन लाभ, शुभ समाचार से मन प्रसन्न होगा। पारिवारिक सुख में वृद्धि, उच्च अधिकारी आप से प्रसन्न होंगे। राजकीय कार्य से लाभ, धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नए अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी से अनबन रहेगी। अपनों से धोखा मिलेगा। उधार दिया हुआ पैसा प्राप्त नहीं होगा। व्यर्थ के विवाद से दूर रहें। लंबी यात्रा का प्रोग्राम बनेगा। परिवार के साथ आनंद से समय व्यतीत करेंगे। आय से अधिक व्यय के कारण कर्ज भी लेना पड़ सकता



## श्रीमती हरिदेवी गट्टानी



**शोभापुर (होशंगाबाद).** सराफा व्यवसायी माहेश्वरी समाज के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन गट्टानी की माता माहेश्वरी महिला मंडल शोभापुर की प्रथम अध्यक्ष श्रीमति हरिदेवी गट्टानी पत्नी स्व. श्री मूलचंद गट्टानी (पूर्व सरपंच) का गत 09 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में नगर सहित बाहर के अनेक परिचितजन, रिश्तेदारजन व व्यवसायी शामिल हुए। पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए उठावना से लेकर ब्राह्मण भोज-गंगाजली तक के समस्त कार्यक्रमों में डिस्पोजल आदि का प्रयोग नहीं किया गया। ब्राह्मणों को तुलसी के पौधे गमले में लगाकर भेंटकर परिवार ने अनुकरणीय पहल की।

## श्रीमती बालीदेवी सोमानी



**भीलवाड़ा.** समाज सदस्य रामकिशन, रामधन, स्व. रामनारायण, रामेश्वरप्रसाद सोमानी की वयोवृद्ध माता श्रीमती बालीदेवी सोमानी का स्वर्गवास गत 11 सितंबर को हो गया। श्रीमती सोमानी अपने पीछे शोकाकुल भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## श्रीमती किशनकंवर जैथलिया



**बूंदी.** श्री माहेश्वरी पंचायत संस्थान के अध्यक्ष जगदीश जैथलिया की माता श्रीमती किशनकंवर जैथलिया धर्मपत्नी स्व. श्री सूरजमल जैथलिया का 88 वर्ष की आयु में गत 23 सितंबर को देवलोकगमन हो गया। अति धर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ व शांत स्वभाव की महिला थी। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं। उनके निधन पर माहेश्वरी समाज सहित कई सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी व व्यापारिक संगठनों और राजनेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## श्रीमती प्रेमदेवी राठी



**भीलवाड़ा.** समाज सदस्य कृष्णगोपाल व अनिल राठी की माता श्रीमती सुंदरदेवी राठी का स्वर्गवास गत 23 सितंबर को हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री दिनेश पलौड़



**उज्जैन.** समाजसेवी स्व. श्री विश्वनाथ पलौड़ के सुपुत्र एवं माहेश्वरी सभा उज्जैन के पूर्व अध्यक्ष महेश पलौड़ के अनुज राजेश पलौड़ के अग्रज एवं रजत पलौड़ के पिता श्री दिनेश पलौड़ का 61 वर्ष की आयु में गत 20 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। शोकसभा चक्रतीर्थ पर माहेश्वरी सभा ट्रस्ट के निवृतमान अध्यक्ष रामरतन लड्ढा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

## श्री पुरुषोत्तम बजाज



**जयपुर.** समाज के वरिष्ठ श्रवणचंद्र बजाज के भतीजे श्री पुरुषोत्तम बजाज का गत 7 अक्टूबर को देहावसान हो गया। आप अपने पीछे पत्नी व पुत्र प्रशांत सहित भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री भेरूलाल मंत्री



**भीलवाड़ा.** कृष्ण गोपाल व सत्यनारायण मंत्री के पिता भेरूलाल मंत्री (काछोला वाले) का देवलोकगमन गत 4 अक्टूबर को हो गया। श्री मंत्री वयोवृद्ध समाजसेवी, मिलनसार व धार्मिक व्यक्ति थे।

## श्री भंवरलाल तोषनीवाल



**दिलखुशनगर.** स्थानीय माहेश्वरी समाज दिलसुखनगर के कार्यकारिणी सदस्य भंवरलाल तोषनीवाल का स्वर्गवास 67 साल की अवस्था में गत दिनों हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्रीमती आशादेवी झंवर



**भीलवाड़ा.** वैभवनगर निवासी संजय झंवर की धर्मपत्नी व प्रतीक की माता श्रीमती आशादेवी झंवर का आकस्मिक निधन गत 18 सितंबर 2019 को हो गया। श्रीमती झंवर की अंतिम इच्छानुसार उनके परिवार एवं स्नेहीजनों द्वारा नेत्रदान करवाकर दृष्टिहीनों के जीवन को प्रकाशमान करने के महायज्ञ में उदार आहुति दी।

## श्रीमती कमलादेवी जाजू



**नागपुर.** समाज सदस्य निवासी श्री राजकुमार एवं मनोज जाजू की माता श्रीमती कमलादेवी जाजू का 88 वर्ष की उम्र में गत 8 सितंबर 21019 को हृदयगति थम जाने से स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे शोकाकुल परिवार छोड़ गई हैं।

## श्री शंकरलाल सोमानी



**बरूंदनी.** समाज सदस्य कन्हैयालाल, ओमप्रकाश व सुरेशकुमार के पिता श्री शंकरलाल सोमानी (पूर्व अध्यक्ष तहसील माहेश्वरी सभा मांडलगढ़) का देवलोक गमन गत 4 अक्टूबर को हो गया। आप अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## श्री रमेश गांधी



**अमृतसर.** स्थानीय माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ सदस्य श्री रमेश गांधी का 80 वर्ष की आयु में गत दिनों निधन हो गया। आप अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी व पुत्र-पुत्री आदि सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

## श्री सुंदरलाल काबरा



**भीलवाड़ा.** समाज सदस्य हरीश, अशोक व स्व. श्री बाबूलाल के पिता श्री सुंदरलाल काबरा का स्वर्गवास गत 17 सितंबर को हो गया। श्री काबरा सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहते थे।

## श्री मदनलाल लड्ढा



**आगूचा.** समाज सदस्य गोविंद राम, दामोदर लाल, केदार लाल, प्रहलाद राय, महावीर, रमेश, बाबूलाल के काकाजी मदनलाल लड्ढा का स्वर्गवास गत 18 अक्टूबर को 76 वर्ष की अवस्था में हो गया। लड्ढा भजन गायक, ढोलक वादक, परिश्रमी, व्यक्तित्व के धनी थे।

## श्री खेमचंद राठी

**वरवाल. (जिला बुलढाणा).** समाज सदस्य कमलकिशोर व जुगलकिशोर के पिता श्री खेमचंद राठी का 82 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। आप आर्णी तहसील अध्यक्ष सुभाष राठी के चाचाजी थे। आप अपने पीछे भरापूरा शोकाकुल परिवार छोड़ गए हैं।

# प्रथम पुण्य स्मरण

जिनकी स्मृति, संस्कार, आदर्श एवं विचार
हमारा मार्गदर्शन करते थे, करते हैं और करते रहेंगे



(26.10.1948 - 03.01.2019)
तिथी त्रयोदशी मार्गशीर्ष

## स्वर्गीय श्रीमती उर्मिला माहेश्वरी

धर्मपत्नी श्री रामकुमार माहेश्वरी (टावरी)

भावपूर्ण श्रद्धासुमन

## टावरी परिवार, नई दिल्ली

### रामकुमार टावरी

विनोद – उर्वशी टावरी
पुत्र एवं पुत्र वधु

आशीष – अल्पा टावरी
पुत्र एवं पुत्र वधु

घनश्याम –अल्का पेड़ीवाल
दामाद एवं पुत्री

अभय –अर्चना सुरजन
दामाद एवं पुत्री

करण टावरी, नमन टावरी, पार्थ टावरी
पौत्र

श्रुति टावरी
पौत्री

विदित पेड़ीवाल, कृष्णा,सिद्धार्थ सुरजन
दोहता

मानसी पेड़ीवाल
दोहती

---

सी-3, शिवाजी पार्क, पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026
मैट्रो पीलर न.126, नजदीक मैट्रो स्टेशन शिवाजी पार्क



ASHOK SOMANY

ASHOK SOMANY

SOMANY IMPEX

Stone that stuns

# M/s. ASHOK SOMANY & Co.

**Mining of Natural Stone & TIles**

Khol House, Circular Road, Rewari - 123401 (Hry) Vill-Kund, Distt. - Rewari (Hry)
Tel. : 01274-225385, Mob. : 981245677, Res. : 01274-260088, 260048
Email : accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com



AAKASH SOMANY

# SOMANY NATURAL STONES (I) Pvt. Ltd.

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Plot No.5, Delhi Rewari Road, Rewari-12340 1 (Hry)
Mobile : 9812345677, 9812028488
Email : mines@sonanyimpex.ind.in I somanyimpex@gmail.com

# SOMANY IMPEX

**Exporter of All Kind of Natural Stoen &Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry), Unit-Khol Road, Vill-Kund, Distt. - Rewari (Hry)
Tel.: 01274-225385, Mob. : 9812028488, 9215689102
Email: accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# DEVVRAT OVERSEASE

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Vil. Mehtawas, Mehtawas Road (Raj), Mobile : 9812345677, 9812025385
Email: mines@sonanyimpex.ind.in I somanyimpex@gmail.com

# SOMANY (P.G ) INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

**Running B.Tech & M.Techinfidderent Discilines of Engineering**

Near Delhi-Jaipur Highway No. 8, Beside 3 km, From Rewari City, Rewari (Hry) Tel. 01274-261239, 261781
Fax: 01274-261239, Mob. 9541069998
Email : Info@sitmrewari.com I admin@sitmrewari.com I accounts@sitmrewari.com



RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2017-2019
Despatch Date - 02 November, 2019

If Undelivered Please Return To
SRI MAHESHWARI TIMES
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

https://www.facebook.com/Srimaheshwaritimesmagazine
http://srimaheshwaritimes.blogspot.in